**सुविचार**
तुम्हारी खूबियाँ ही तुम्हारा, मार्गदर्शन करती है!


हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 16.09.2024 | वर्ष 11, अंक 255 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# सर्वजन की सरकार
# सभी के हितों से सरोकार

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की स्वीकृति मिल गई है। मेरे आवेदन को बैंक से जोड़कर उच्च शिक्षा हेतु रियायती दर पर मुझे ऋण उपलब्ध हो सकेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुझे उच्च शिक्षा ग्रहण करने में समस्या आ रही थी। योजना का लाभ मिलने से मेरे जैसे कई युवाओं को पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी।
**आदित्य कुमार, बोकारो**



रक्षा बंधन पर हेमन्त भैया ने हमें उपहार दिया है। हर माह हमें एक हजार और साल में 12 हजार रुपया प्राप्त होगा। मुझे दूसरी किस्त भी प्राप्त हो गई है। यह पैसा मेरी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करेगा।
**दिव्या तिवारी, विश्रामपुर, पलामू।**



**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**
राज्य की 18 से 50 वर्ष तक की लाखों बहनों को हर साल **₹12 हजार** की सम्मान राशि

**बैंक क्रेडिट/लिंकेज**
राज्य की **2,60,994** महिला समूह को **₹11,225 करोड़** की राशि उपलब्ध करायी गयी

**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना**
**20 हजार** से अधिक स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार हेतु करोड़ों की राशि वितरित

**राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना**
**20 लाख** गरीब परिवार को स्थाई घर एवं तीन कमरे का पक्का आवास

**मुख्यमंत्री बिरसा स्वास्थ्य सुरक्षा योजना**
**15 लाख** तक का स्वास्थ्य बिमा, **66 लाख** राशनकार्ड धारियों को लाभ

**मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना**
**200 यूनिट** तक बिजली उपभोग करने वाले **38.41 लाख** लाभुक का बिजली बकाया माफ

**झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना**
लगभग **6.5 लाख** किसानों को राहत, **₹1 हजार 900 करोड़** का ऋण माफ ऋण माफी की राशि **₹50 हजार** से बढ़कर **₹2 लाख** की गई

**साइकिल वितरण योजना**
**8 लाख** बच्चों को मिली साइकिल

**CM उत्कृष्ट विद्यालय**
80 स्कूलों में CBSE माध्यम से पढ़ाई हो, पंचायत स्तर पर कुल **5 हजार** स्कूलों को उत्कृष्ट बनाया जा रहा है

**प्री एवं पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप**
**35 लाख** बच्चों को मिला लाभ

**सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना**
**9 लाख** किशोरियों को **₹40 हजार** (प्रति किशोरी) की सहायता राशि

**गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड**
**15 लाख** तक का ऋण, हजारों युवाओं को मिल रहा लाभ

**मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशिय छात्रवृति योजना**
विदेश में उच्च शिक्षा के लिए वंचित वर्ग के युवाओं को राज्य सरकार दे रही **100% स्कॉलरशिप**






साइकिल की राशि मिलने से हम जैसे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के लिए स्कूल जाने में सहूलियत रहती है। साइकिल मिल जाने से अब आने-जाने का कोई खर्च अलग से नहीं उठाना पड़ेगा, इसके लिए राज्य सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद।
**गायत्री मुंडा, कुडापूर्ति, मुरहू, खूंटी**



अबुआ आवास के लिए मुझे दूसरी किस्त की राशि मिल चुकी है। इस राशि से मैंने घर के छत लेवल का काम पूर्ण कर लिया है। तीसरी किस्त की राशि जल्द मिलेगी, ऐसा प्रखंड कार्यालय द्वारा बताया गया है। किस्त मिलते ही घर के छत की ढलाई पूरा करूँगा। मेरा घर मिट्टी का था, लेकिन सरकार ने मुझे पक्का आवास दिया है। हेमंत सोरेन को जोहार।
**सुजीत मुंडा, कांके, ग्राम चौबे खटंगा, रांची**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार PR-335855 (IPRD) 24-25

# विसर्जन करने के दौरान नदी में डूबने से 9 वर्षीय बच्ची की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजमहल :** राजमहल थाना क्षेत्र के तेंनवा नाला नदी में रविवार की अहले सुबह करमा पूजा के करम डाल विसर्जन करने के दौरान डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र टेकबथान गांव की 09 वर्षीय प्रियंका कुमारी रिया कुमारी (12), सोनाक्षी कुमारी(10) एवं चांदनी कुमारी (9) चारों बच्ची रविवार की सुबह 5ः00 बजे गांव से लगभग 500 मीटर की दूर डेढ़गामा-टेकबथान गांव के बीच बने तेंदुवा नाला(नदी) में करमा पूजा समाप्ति के पश्चात विसर्जन करने गई थी. विसर्जन करने के दौरान चारों बच्ची डूबने लगी.

बगल में मछली मार रहे डेढ़गामा गांव निवासी संजय मंडल ने देखा कि कुछ बच्चियां बच्ची डूब रहीं हैं. संजय मंडल ने अकेले ही तेंनुवा नाला नदी में छलांग मार कर जैसे-तैसे एक-एक कर तीन बच्ची को बाहर निकाला. तीनों बच्ची घबराई हुई, सहमी हुई थी. लगभग 10 मिनट के बाद मुकेश यादव की 11 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी ने कहा कि मेरी छोटी बहन प्रियंका कुमारी नदी में रह गई है. यह कहते हुए तीनों बच्ची चिल्लाते हुए रोने लगी और कहने लगी मेरी बहन डूबी हुई है. कोई उनको बचाओ.

इतने में ही परिजनों के साथ दोनों गांव के सैकड़ो लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गए. दोनों गांव के ग्रामीण व परिजन प्रकाश मंडल,सनोज यादव, अशोक यादव, शिव कुमार, सुदर्शन यादव,मुन्ना यादव, हरेराम यादव अन्य लोगों ने मछ्ली मारने वाले जाल व अन्य सामग्रियों से खोजबीन करना शुरू किया. लगभग तीन घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद 8:00 बजे बच्ची को बाहर निकाला. जांच करने के बाद डॉ उदय कुमार टुडू ने बच्ची प्रियंका कुमारी ( 9)को मृत घोषित कर दिया।

# अचानक ब्रेक लगाते ही बिगड़ा संतुलन बाइक से गिरकर दंपत्ति घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लिट्टीपाड़ा :** थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा घरमपुर मुख्य सड़क पर डहारलंगी के समीप शनिवार की देर रात अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल चालक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में मोटरसाइकिल में सवार पति पत्नी दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनो घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर रूप से घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बरहेट थाना के सनमनी गांव निवासी सामुयेल हांसदा अपनी पत्नी मंझली टुडू के साथ बरहेट से लिट्टीपाड़ा की ओर आ रहा था।

इसी दौरान डहारलंगी मिशन स्कूल के समीप सड़क पर बना स्पीड ब्रेकर के समीप अचानक ब्रेक लगाने से अनियंत्रित होकर सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे दोनों घायल हो गए।



लिट्टीपाड़ा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। जिससे लोगों डर का माहौल बना हुआ है।

कभी बाइक असंतुलित होकर गिर जाते हैं, तो कभी ऑटो या टेंपो पलट जाती है। कभी अज्ञात वाहन बाइक सवार या राह चलते लोगों को कुचल देता है। इन सभी घटनाओं के पीछे ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करना मुख्य वजह है। तेज रफ्तार से वाहन चलाना और बिना हेलमेट के बाइक चलाना आदि कारणों से सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। प्रशासन लगातार सड़क दुर्घटना को लेकर लोगों को जागरूक होने की अपील कर रहे हैं।

परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा के अधिकारी लोगों को जागरूक कर रहे हैं। फिर भी लोग ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते हैं। इसी का खामियाजा वाहन चलाने वालों को भुगतना पड़ रहा है। अगर वाहनों की रफ्तार कम नहीं हुई और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी की गई तो सड़क दुर्घटनाएं और भी बढ़ेगी।

# ईद मिलादुन्नबी व विश्वकर्मा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लिट्टीपाड़ा :** ईद उल मिलादुन्नबी व विश्वकर्मा पूजा को शान्ति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक प्रभारी थाना प्रभारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालकर त्योहार को मनाएं। किसी जाती धर्म की भावना को ठेंस न पहुंचाए। इसको लेकर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने जुलूस के दौरान हुड़दंगियो पर पुलिस की नजर रहेगी. ग्रामीणों को भी हुड़दंगियो पर विशेष नजर रखने व किसी भी संदेह गतिविधि की जानकारी पुलिस को देने का आग्रह किया.साथ ही उपस्थित सभी लोगो को विश्वकर्मा पुजा भी शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया। मौके पर एएसआई हरेराम यादव,जेना बालमुचू, छोटेलाल यादव, सुर्य कुमार राम,लिट्टीपाड़ा मुखिया शिव टुडू, दिनेश मुर्मू,शीषमोहमद,अनवर अंसारी,निजाम अंसारी, परवेज़ आलम सहित कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# हाथीगढ़ फीडर में घंटों बिजली आपूर्ति हुई ठप, लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरहेट :** बरहेट बाजार की विद्युत आपूर्ति रविवार सुबह से घंटों बाधित रही । पावर सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति करने के लिए कई बार प्रयास किया गया। लेकिन हाथीगढ़ फीडर लगातार 11 हजार लाइन फॉल्ट होते रहा। विद्युत कर्मियों ने बताया कि गुमानी बराज के गाइड बांध होकर हाई टेंशन लाइन के तार में दर्जनों पेड़ हवा के झोंके से टकराने पर फॉल्ट हो रहा है । ओर यह स्थिति तेज हवा के कारण दिन भर बनी रही । साथ ही लाइनमैन भी काफी परेशान रहे । इस दौरान लाइन मैंन ने बताया कि अंजू गैस गोदाम के पास चार पोल पहले से गड़े हुए हैं । अगर इस होकर हाई टेंशन तार को जोड़ दिया जाए तो फॉल्ट की स्थिति से काफी निजात मिलेगी । लाइनमैन ने मौके पर ही विभाग के एसडीओ को इसकी जानकारी दी । इधर , बाजार स्थित हरिजन कॉलोनी के ट्रांसफार्मर की खराब होने की भी शिकायत की गई है । इधर , बाजार के लोगों ने विद्युत विभाग से मांग करते हुए कहा कि बाजार का फीडर ग्रामीण क्षेत्र से अलग कर दिया जाए । जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होगी । जेवीएनएल के कार्यपालक अभियंता राजकुमार ने कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की सूचना मिली है । शीघ्र ही बाजार में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए फॉल्ट की समस्यां का समाधान करा दिया जाएगा । साथ ही खराब विद्युत ट्रांसफार्मर को भी बदल दिया जाएगा ।

# गोपलाडीह झामुमो पंचायत समिति के अध्यक्ष बने शिव किस्कू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरहेट :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर पर झामुमों पंचायत समिति का गठन किया जा रहा है।प्रखंड के गोपलाडीह पंचायत सचिवालय में झामुमों केंद्रीय समिति तथा जिला समिति के निर्देशा पर झामुमों पंचायत समिति के पुनर्गठन के लिए आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व पंचायत सचिव खलील मोमीन ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के शिव किस्कू, सचिव समाउन अंसारी, कोषाध्यक्ष सलाम अंसारी को मनोनीत किया गया है।

तीनों नव मनोनीत झामुमों पंचायत पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया । मौके पर मौजूद भोला मरांडी, शाम हेम्ब्रम, हाकीम अंसारी, सेराज अंसारी, आवाजुददीन अंसारी, नजरूल अंसारी , शमीम अंसारी, कान्हू सोरेन, फिरोज अंसारी, सुनिल किस्कू सहित अन्य मौजूद थे ।

# झारखंड युवा सदन में स्पीच देंगे पाकुड़ के युवा सरफराज आलम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** झारखंड युवा सदन में पाकुड़ के युवा मो. सरफराज आलम स्पीच देंगे। आगामी 27 सितंबर से 29 सितंबर तक राजधानी रांची में आयोजित होने वाले युवा सदन के लिए सरफराज आलम का चयन हुआ है। सदर प्रखंड के ईलामी गांव के रहने वाले सरफराज आलम पढ़ाई के साथ-साथ राजनीति को जानने और समझने में भी रुचि रखते हैं। यह मौका सरफराज के लिए काफी मायने रखता है।उन्होंने बताया कि झारखंड युवा सदन 4.0 का आयोजन रांची में होना तय है। इसमें शामिल होने के लिए राज्य भर से हजारों युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। उन्होंने बताया कि चयनित युवाओं को युवा सदन में स्पीच देने का मौका मिलेगा। इसमें राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से पहुंचने वाले युवा अपनी अपनी बातों को रखेंगे। झारखंड तथा अपने-अपने



विधानसभा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को रखेंगे। इनमें बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पलायन आदि मुद्दे शामिल होंगे। इसके अलावा सरकार के द्वारा आयोजित योजनाओं और कानून से संबंधित बातों को भी रखेंगे। अपने स्पीच में समस्याओं के समाधान के लिए युवाओं के द्वारा परामर्श या सुझाव को रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समारोह में झारखंड सरकार के मंत्री और विधायक भी शामिल रहेंगे।

## झलकियां

### ओवर लोड चिप्स लदा ट्रक पुलिस ने किया जब्त

**प्रभात मंत्र सवाददाता**

**बरहरवा :** कोटालपोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत रहीमटांड अस्थायी चेकनाका के पास औचक निरीक्षण के दौरान एक बिना माइनिंग चालान के चिप्स ओवरलोड हाईवा संख्या डब्ल्यूबी 65 ई 1812 को थाना प्रभारी चंदन कुमार ने जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक पाकुड़ जिला के विभिन्न क्रशरों से गिट्टी लादकर पश्चिम बंगाल।के लिए जा रहे थे। इस दौरान थाना प्रभारी चंदन कुमार ने जब चालक से चालान मांग किया तो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। वहीं कोटालपोखर थाना प्रभारी चंदन कुमार कहा की बगैर बैध कागजात व ओवरलोड ट्रेकों का परिचालन नही होने दिया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा की उचित करवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचना भेज दी गई है।

### मारपीट में 35 वर्षीय महिला जख्मी

**प्रभात मंत्र सवांददाता**

**राजमहल :** राधानगर थाना क्षेत्र के हरमल्ली गांव में हुई मारपीट की घटना में एक महिला को जख्मी हो गई। इलाज के लिए उसे अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में भर्ती करवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार हरमल्ली निवासी निवासी रुखसाना बीबी (35) पति मजहरुल शेख का गांव के ही कुछ लोगों के साथ विवाद होते-होते मारपीट की घटना हो गई। जिसमें रुखसाना बीबी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। अस्पताल में मौजूद चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला का इलाज किया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना गृह प्रवेश पत्र वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरहेट :** प्रखंड के सभी पंचायतों में रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत गृह प्रवेश ओर स्वीकृति पत्र वितरण का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख, 20सूत्री अध्यक्ष के उपस्तिथि में किया गया । गृह प्रवेश में लाभुकों के घर में फीता काट कर नारियल फोड़ कर गृह प्रवेश किया गया । इससे पूर्व कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन तलबड़िया में दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान मौके पर पंचायत के जनप्रतिनिधि PMAYG के नोडल सहित PMAYG के लाभुक मौजूद थे ।

# निषाद समाज को उपेक्षित कर हाशिए पर किया खड़ा : प्रो.अनिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजमहल :** प्रखंड के मंगलहाट में रविवार को निषाद वंशीय समाज की एक चिंतन बैठक हुई । अध्यक्षता नरेश चंद्र मंडल ने की। बैठक में सबसे पहले भारत माता, निषाद राज, वीर एकलव्य और कैप्टन जय प्रकाश नारायण निषाद के चित्र पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में कई वक्ताओं ने बारी-बारी से अपने विचार को रखा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रो.अनिल सरकार ने कहा कि राजमहल विधानसभा संघर्ष के बल पर निषाद समाज ने एकजुटता के साथ तैयार किया था। दो-दो बार निषाद समाज के वंशज स्वर्गीय अरुण मंडल राजमहल विधानसभा का प्रतिनिधित्व किए। विगत दो कार्यकाल से एक षड्यंत्र के तहत राजनीतिक दल निषाद समाज को उपेक्षित करते हुए हाशिए पर लाकर खड़ा कर दिया है। परिणाम निषाद समाज के वंशज के मतदाता लाखों में रहते हुए भी अपने राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक



उत्थान के लिए अब भी संघर्ष कर रही है। नरेश चंद्र मंडल ने कहा यदि राजनीतिक दल के द्वारा इसी तरह निषाद समाज को उपेक्षित रखा गया तो निषाद समाज अपने गौरव को प्राप्त करने के लिए विकल्प तलाशने को मजबूर रहेगी। समाज के सामूहिक निर्णय पर जो निर्णय होगा उस निर्णय के तहत सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए निषाद समाज एक मत होकर मतदान में भाग लेगी और अपने निषाद समाज के प्रत्याशी को मतदान करेगी। राजेश मंडल ने कहा कि लगातार निषाद वंशीय समाज के मतदाता भारतीय जनता पार्टी के परंपरागत वोटर रहे हैं और आज भी चट्टान की भांति भारतीय जनता के पार्टी के साथ खड़ी है। इसके बावजूद पार्टी के द्वारा निषाद समाज को अपने अधिकार से वंचित रखा जाता है। इसलिए निषाद समाज को ही पार्टी प्रत्याशी बनाती है तो जीत सुनिश्चित हो पाएगी। ओमप्रकाश मंडल ने भी कहा निषाद समाज और सभी राजनीतिक दल के नेतृत्व में रहे हैं। लेकिन किसी राजनीतिक दल के द्वारा अरुण मंडल के सिवाय किसी को भी निषाद समाज से प्रत्याशी नहीं बनाया गया। यह चिंतनीय विषय है। बैठक में गंभीरता पूर्वक निषाद समाज के जागरूकता पर सभी चिंतकों ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखा। बैठक में प्रोफेसर अनिल सरकार, ओमप्रकाश मंडल, हरिदास मंडल, राजेश मंडल, राजीव चौधरी, कृपानाथ मंडल, श्वरुण मंडल, दीप नारायण मंडल, अशोक मंडल, बच्चू मंडल, डॉक्टर सुखदेव मंडल, सरवन मंडल, आनंद मंडल, संजय मंडल, अमित मंडल, आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया करम पर्व, बहनों ने की भाईयों के दिर्घायु की कामना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** शहर के छोटी अलीगंज में प्रकृति और भाई बहन का पर्व करमा पूजा धूमधाम से मनाया गया। करम पर्व का अपना ही महत्व है। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। भाई की सुख-समृद्धि के लिए बहनें पूजा करती हैं। पूजा-अर्चना करने के पश्चात महिला-पुरुष नगाड़ा, मांदर और बांसुरी के साथ करम शाखा के चारों ओर करम नाच-गान करते हैं। करम नृत्य को नई फसल आने की खुशी में लोग नाच-गाकर मनाया जाता है। शहर के छोटी अलीगंज के अलावा



शहरकोल, गोकुलपुर, बलियाडांगाल सहित कई जगहों पर करमा पूजा का आयोजन हुआ। कर्म पूजा झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस पर्व में बहने अपने भाइयों की सुख समृद्धि व लंबी उम्र की कामना करती है?। परंपरागत तरीके से भाई की दीर्घायु के लिए युवतियां उपवास रख पुजन करती है। जावा जोगाई को करम देवता मानती है। वहीं सात दिनों तक इसे अपने-अपने घर में सुरक्षित स्थान पर रखती है और उनकी पूजा करती है। जावा जोगाई नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मांदर और नगाड़े के थाप पर कर्म गीत गाकर महिलाएं पुरी रात झुमती रही। वहीं मौजूद महिलाओं ने विधिवत रूप से करम डाली की पूजा अर्चना की।

# पीएम आवास पूर्ण होने पर लाभुकों को कराया गया गृह प्रवेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत में रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का आवास पूर्ण होने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल पांडेय ने लाभुकों को गृह प्रवेश कराया। जानकारी के अनुसार मोहनपुर पंचायत के तारा देवी,सुबोल साहा तथा कामूडांगा गांव के दो लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान बीडीओ ने लाभुकों के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया। वहीं बीडीओ ने बताया कि नौ लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्र दिया। साथ



ही उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मकसद गरीबों को आवास उपलब्ध कराना है। जिन लाभुकों को आवंटन हुआ है। वह जल्द-जल्द अपने-अपने आवास कार्य को पूरा करें। मौके पर प्रमुख स्टेनशिला सोरेन, जिला परिषद सदस्य प्रताप राय,मुखिया भैय्या किस्कू,धर्मराज मंडल, साहेब राम मुर्मू,कुश रविदास सहित अन्य मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 16.09.2024 वर्ष 11, अंक 255 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

तुम्हारी खूबियाँ ही तुम्हारा, मार्गदर्शन करती है!

## क्विक न्यूज

### कन्नौज : मुठभेड़ में पुलिस ने तीन इनामी डकैत गिरफ्तार

**कन्नौज :** जिले के ठठिया थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात दो बजे पुलिस ने दो गांवों में डकैती डालने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि अन्य दो बदमाश पकड़े गए। इन बदमाशों के कब्जे से जेवर, कैश बरामद हुआ है। ठठिया थाना की पुलिस देर रात में खैरनगर रोड पर संदिग्धों की तलाश में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान बिना नम्बर की बाइक पर सवार तीन संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलायी, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

### राजद की आभार यात्रा कार्यक्रम का जासूसी करवा रही राज्य सरकार : तेजस्वी

**मधुबनी :** मुख्यालय स्थित जिला अतिथि गृह में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को पत्रकार वार्ता किया।विधान सभा में विरोधी दल का नेता तेजस्वी ने वर्तमान राज्य सरकार की भ्रष्टाचार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमारी जासूसी करना बंद करें।पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने कहा कि आभार कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ राजद की आन्तरिक उद्बोधन बैठक है।राज्य सरकार इस कार्यक्रम का जासूसी करबा रही है।

### उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मनाया अभियंता दिवस

**लखनऊ :** भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की 164वीं जयंती पर उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन की ओर से अभियंता दिवस मनाया गया। एसोसिएशन की ओर से आयोजित समारोह की अध्यक्षता विनोद कुमार श्रीवास्तव ने किया तो संचालन इंजीनियर अशोक यादव ने किया।परिकल्प भवन में आयोजित समारोह में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री बृजेश ने अपनी ओर से अभियंताओं को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगठन पदाधिकारियों ने अपने सदस्यों एवं अभियंताओं के सामने भारत रत्न विश्वेश्वरैया के जीवन पर प्रकाश डाला।

### स्कार्पियो से पकड़ा गया 20 लाख की नकदी, हवाला का पैसा होने की आशंका

**चित्तौड़गढ़ :** सदर चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस ने एक स्कार्पियो कार से संदिग्ध 19 लाख 90 हजार रुपए की नगदी बरामद की है। इस स्कार्पियो कार को भी जब्त किया है। प्रारंभिक रूप से यह हवाला का पैसा होने की आशंका है। मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई है। पुलिस पकड़ी गई नकदी के संबंध में अनुसंधान जारी है।प्रारंभिक रूप से यह राशि हवाला की होने की आशंका है। वहीं पुलिस का यह मानना है कि यह राशि किसी अपराधिक मामले में उपयोग के लिए ले जाई जा रही हो।

### झारखंड में 16 और 17 को अच्छी बारिश की संभावना

**रांची :** राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में शनिवार से शुरू हुई बारिश रविवार को भी जारी रही। दिन भर रुक-रुक कर बारिश होती रही। हवा की गति तेज होने से लोग ठंड भी महसूस करने लगे। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। वहीं, निचले इलाकों में पानी जमा होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।कई मोहल्लों में घुटना भर पानी जमा होने से महिलाओं और बच्चों को आने-जाने में दिक्कत हुई।मौसम विज्ञान केंद्र प्रभारी अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर 16 सितंबर से असर कम हो सकता है। इसके बावजूद राज्य के कुछ हिस्सों में 16 और 17 सितंबर को अच्छी खासी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर इन जिलों के लिए विशेष चेतावनी भी जारी की है। इन जिलों में हवा की गति 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। कहीं-कहीं 200 मिमी से अधिक बारिश हो सकती है।मौसम विभाग के अनुसार लो प्रेशर एरिया डीप डिप्रेशन में बदल रहा है।शनिवार दोपहर में इसकी गति 18 किलोमीटर प्रति घंटे के आसपास थी जो और तेज होती जा रही है। आने वाले 48 घंटे के दौरान यह डीप डिप्रेशन झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ में लगभग पश्चिम की ओर बढ़ता रहेगा। इससे राज्य के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश का अनुमान है। हालांकि, राज्य के कई हिस्सों में शुक्रवार शाम से ही निम्न दबाव का असर दिखने लगा था। देर रात से ही हवा की गति सामान्य से तेज हो गई थी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

## टाटानगर में 660 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का पीएम ने रखी आधारशिला

# वंदे भारत ट्रेन से युवाओं को मिलेगा रोजगार : पीएम मोदी

**32,000 प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए**

**6 वंदे भारत ट्रेनों को पीएम ने दिखाई हरी झंडी**

**32 करोड़ रुपये की सहायता की पहली किस्त जारी की**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए झारखंड के टाटानगर में 660 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया।उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 32 हजार लाभार्थियों को मंजूरी पत्र भी वितरित किए। इससे पहले, श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए टाटानगर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।उन्होंने कहा कि कर्म पर्व के तहत महिलाएं अपने भाइयों के सुखी जीवन की कामना करती हैं। इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज झारखंड को छह नई वंदे भारत ट्रेनों, 600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं और पीएम आवास योजना के तहत राज्य के लोगों के लिए पक्के घरों की सौगात मिली है। श्री मोदी ने इन परियोजनाओं के लिए झारखंड के लोगों और इन वंदे भारत ट्रेनों के माध्यम से कनेक्टिविटी पाने वाले अन्य राज्यों को भी बधाई दी।प्रधानमंत्री ने कहा कि हर राज्य और हर शहर, संपर्क व्यवस्था को और मज़बूत करने के लिए वंदे भारत ट्रेन चाहता है। उन्होंने कुछ दिन पहले उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों के लिए तीन नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के अवसर को याद किया और आज छह नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने का उल्लेख किया, जो पहले ही अपनी यात्रा शुरू कर चुकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूर्वी भारत में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और व्यवसायों, पेशेवरों और छात्रों को काफी लाभ होगा।

### प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

प्रधानमंत्री ने 660 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इन परियोजनाओं में देवघर जिले में मधुपुर बाई पास लाइन और झारखंड के हज़ारीबाग़ जिले में हज़ारीबाग़ टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखना शामिल है। कार्य पूरा होने के बाद, मधुपुर बाईपास लाइन, हावड़ा-दिल्ली मुख्य लाइन पर ट्रेनों की देरी से बचने में मदद करेगी और गिरिडीह और जसीडीह के बीच यात्रा के समय को कम करने में भी सहायक होगी। इसके साथ ही हज़ारीबाग़ टाउन कोचिंग डिपो, इस स्टेशन पर कोचिंग स्टॉक के रखरखाव की सुविधा में मदद करेगा।प्रधानमंत्री ने कुरकुरा-कानारोन दोहरीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित किया, जो बोंडामुंडा-रांची सिंगल लाइन खंड का और रांची, मुरी और चंद्रपुरा स्टेशनों से होते हुए राउरकेला-गोमो मार्ग का हिस्सा है। यह परियोजना माल और यात्री यातायात की गतिशीलता बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगी। इसके अलावा, आम लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए, चार रोड अंडर ब्रिज भी राष्ट्र को समर्पित किए गए।सभी के लिए आवास, के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री ने झारखंड के 32,000 प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने 46 हजार लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह में भी हिस्सा लिया।



### ग़रीब व वंचितों को सशक्त बनाने के लिए उठाए गए कई महत्वपूर्ण कदम

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि वर्ष 2014 के बाद से देश के ग़रीब, दलित, वंचितों और आदिवासी परिवारों को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने झारखंड सहित पूरे देश में आदिवासी समुदाय के लिए चलाई जा रही पीएम जनमन योजना के बारे में बात की। श्री मोदी ने कहा कि इस योजना के माध्यम से उन जनजातियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है, जो बेहद पिछड़ी हैं। अधिकारी खुद ऐसे परिवारों तक पहुंचते हैं और उन्हें घर, सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा की सुविधाएं प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोशिशें, सरकार के विकसित झारखंड के संकल्प का हिस्सा हैं। संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि ये संकल्प जरूर पूरे होंगे और जनता के आशीर्वाद से झारखंड के सपने भी साकार होंगे। उन्होंने झारखंड के लोगों के समक्ष अपनी विनम्र माफी मांगते हुए कहा कि वे खराब मौसम की वजह से हेलीकॉप्टर की आवाजाही बाधित होने के कारण कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित नहीं हो सके और उन्हें आज की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए करना पड़ा।

### झारखंड का समग्र विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि केंद्र ने झारखंड की समग्र प्रगति और विकास सुनिश्चित करने के लिए निवेश बढ़ाने के साथ-साथ विकास कार्यों की गति भी बढ़ा दी है। श्री मोदी ने कहा कि इस साल के बजट में, राज्य के रेलवे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए झारखंड को 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी गई, जो 10 साल पहले आवंटित बजट की तुलना में 16 गुना अधिक है। उन्होंने लोगों को रेलवे बजट बढ़ाने के फायदों के बारे में भी बताया - चाहे वह नई लाइनों का विकास हो या लाइनों का विद्युतीकरण या लाइनों का दोहरीकरण या स्टेशनों में नए बुनियादी ढांचे का विकास हो, हर क्षेत्र में काम तेजी से चल रहा है।



## पीएम मोदी से मिले सीएम हेमंत सोरेन, किया स्वागत

रांची : जमशेदपुर से रांची एयरपोर्ट लौटने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वागत किया. इस दौरान सीएम हेमंत ने पहले पीएम मोदी को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया, फिर भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की. प्रधानमंत्री मोदी के साथ हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल भी मौजूद थे. इस छोटी से मुलाकात के दौरान सीएम हेमंत और पीएम मोदी के बीच बातचीत भी होती नजर आई. गौरतलब हो कि पीएम मोदी झारखंड दौरे पर पहुंचे थे. वे सुबह सबसे पहले रांची एयरपोर्ट पर पहुंचे. रांची से पीएम मोदी को जमशेदपुर जाना था, जहां उन्हें वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन और कई सारी योजनाओं की सौगात देनी थी. लेकिन मौसम खराब होने की वजह से वे हवाई मार्ग से जमशेदपुर नहीं जा सके. इसके बाद पीएम मोदी ने रांची से ही सभी योजनाओं का शिलान्यास किया. रांची से पीएम मोदी सड़क मार्ग के जरिए जमशेदपुर पहुंचे. जमशेदपुर के गोपाल मैदान में पीएम की जनसभा आयोजित की गई थी. पीएम ने गोपाल मैदान में जनसभा को संबोधित किया. इसके बाद वे फिर रांची लौट आए. रांची में रवाना होने से पहले सीएम हेमंत सोरेन पीएम मोदी से मिलने पहुंचे. इस दौरान दोनों ही नेताओं के बीच बातचीत भी हुई. सीएम हेमंत ने बड़े गर्मजोशी के साथ पीएम का स्वागत किया.

## देश में लाडली बहनों की सुरक्षा अधर में : शरद पवार



एजेंसी

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने धुले में रविवार को कहा कि लाडली बहनों की सुरक्षा अति आवश्यक है। राज्य सरकार ने सिर्फ वोट के लालच में लाडली बहनों को 1500 रुपये देने की घोषणा की है, जबकि महाराष्ट्र ही नहीं, देश में लाडली बहनों की सुरक्षा अधर में है। शरद पवार ने सरकार पर सत्ता के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया है।शरद पवार ने शिंदखेड़ा में किसानों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब वे दस साल तक कृषि विभाग में कार्यरत थे, तब देश खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर था। शरद पवार ने कहा कि आज के शासकों को खेती में कोई दिलचस्पी नहीं है, इसीलिए कृषि संबंधी नीतियां लागू नहीं की जातीं। प्याज से जुड़ा एक उदाहरण सामने है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी। प्याज का दाम नहीं मिला। प्याज उत्पादक किसानों ने बड़ी मुश्किल से प्याज की फसल काटी। इसके बाद निर्यात पर रोक लगा दी गई। गेहूं, चावल पर प्रतिबंध लगाया, जिसका मतलब है कि आप जो उगाते हैं उस पर निर्यात प्रतिबंध।

मैंने कृषि क्षेत्र में 10 साल तक जो काम किया, उसके कारण भारत दुनिया में सबसे ज्यादा चावल उगाने वाले देश में नंबर एक स्थान पर पहुंच गया।शरद पवार ने कहा कि अब गुंडई का राज शुरू हो गया है। सत्ता का दुरुपयोग शुरू हो गया है। इस सरकार ने न तो कारखानों के लिए काम किया और न ही सहकारिता आंदोलन के लिए। रोजगार नहीं दिया। पिछले 20 वर्षों में कोई विकास नहीं हुआ है।

## अरविंद केजरीवाल ने किया सीएम पद से इस्तीफे का एलान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत पर बाहर आए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफे का एलान कर दिया है। आप दफ्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं आज से दो दिन के बाद सीएम पद से इस्तीफा दूंगा। मैं तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती कि केजरीवाल ईमानदार है। दिल्ली की जनता के आदेश के बाद ही मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा,मैं दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती, मैं सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। उन्होंने कहा कि मैं और मनीष सिसोदिया जनता के बीच जाएंगे। दिल्ली विधानसभा भंग नहीं होगी। मेरी जगह कोई और



सीएम होगा। अगला सीएम चुनने के लिए विधायक दल की बैठक होगी। इसमें सीएम पर फैसला लिया जाएगा।अरविंद केजरीवाल ने कहा, इन्होंने( भाजपा) एक और नया फॉर्मूला बनाया है जहां जहां ये चुनाव हारे वहां-वहां के मुख्यमंत्री पर फर्जी केस करके गिरफ्तार कर लो और उसकी सरकार गिरा दो। इन्होंने सिद्धारमैया, पिनाराई विजयन, ममता दीदी पर केस कर रखें हैं। ये एक विपक्ष के मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ते सभी पर फर्जी केस करके जेल में डालते हैं और सरकार गिरा देते हैं। बता दें कि आतिशी का नाम इस लिस्ट में सबसे आगे है।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी कालकाजी सीट से विधायक हैं। आतिशी दिल्ली सरकार में शिक्षा, उच्च शिक्षा, टीटीई, वित्त, योजना, पीडब्ल्यूडी, जल, बिजली, सेवाएं, सतर्कता, जनसंपर्क मंत्री हैं। सीएम केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के एलान से पहले भी आतिशी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैंने जेल से एलजी के पत्र लिखा था कि स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराएंगी। लेकिन वो चिट्ठी वापस कर दी गई और साथ में यह भी कहा गया कि कि अगर फिर से चिट्ठी लिखी तो परिवार से मुलाकात बंद हो जाएगी।

## सड़क हादसे में 6 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी

**भोपाल :** राजस्थान के बूंदी जिले के हिंडोली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-21 पर रविवार तड़के करीब 4 बजे ट्रक और कार के बीच हुई भिड़ंत में मध्य प्रदेश के छह श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। कार सवार लोग देवास से खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में तीन लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और शव उसमें बुरी तरह फंस गए



थे। शवों को निकालने के लिए क्रेन की मदद लेनी पड़ी। कार सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। बूंदी के पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि मध्य प्रदेश के देवास जिले से नौ लोग शनिवार रात खाटू श्याम के दर्शन के लिए निकले थे। कोटा होती हुई इनकी कार हिंडोली पहुंची थी। हिंडोली थाना क्षेत्र के हाई-वे की पुलिया के पास गलत साइड से आ रहे ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई। हादसे से पहले सदर थाने के एएसआई हरिशंकर शर्मा गश्त पर निकले थे। उसी दौरान उन्हें राहगीर ने हादसे की सूचना दी। सूचना मिलने पर एएसआई मौके पर पहुंचे और संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस को सूचना दी। मौके पर शव कार में बुरी तरह फंसे हुए थे। शवों को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। क्रेन की मदद से शवों को निकाला गया।हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## मुम्बई: सीबीआई ने अमेरिकी नागरिक से 4 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने मुंबई में रह रहे एक अमेरिकी नागरिक से चार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान विष्णु राठी के रूप में हुई है। सीबीआई की टीम ने धोखाधड़ी के इस मामले में मुंबई में सात ठिकानों पर छापेमारी भी की। टीम को आरोपित के पास से 100 ग्राम की 57 सोने की छड़ें, 16 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन, क्रिप्टोकरेंसी के लिए इस्तेमाल किया गया लैपटॉप, लॉकर विवरण और अन्य दस्तावेज मिले। अन्य आरोपितों की तलाश सीबीआई टीम कर रही है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार विष्णु राठी ने तकनीकी सहायक होने का दावा कर एक अमेरिकी नागरिक से 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर (तीन करोड़ 77 लाख रुपये) की ठगी की थी।



## संक्षिप्त खबरें

### 27वें एक्सपो उत्सव का ब्रोशर और पोस्टर जारी

**रांची :** झारखंड का सबसे बड़ा कंज्यूमर फेयर, एक्सपो उत्सव 2024, अपने 27वें संस्करण के लिए पूरी तरह तैयार है। इस भव्य आयोजन का ब्रोशर और पोस्टर जारी किया गया। इस मौके पर जेसीआई रांची के प्रमुख पदाधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों ने एक्सपो के विभिन्न आकर्षणों की जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद डा महुआ माजी थीं। उन्होंने एक्सपो उत्सव के लगातार सफल आयोजन के लिए जेसीआई रांची के सभी सदस्यों और आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक कंज्यूमर फेयर नहीं है, बल्कि यह छोटे और नए उद्यमियों को अपने उत्पाद और प्रतिभा को एक बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर भी देता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एक्सपो की शुरुआत छोटे टाउन हॉल से हुई थी और आज यह आयोजन बड़े मोराबादी मैदान में हो रहा है। उनके अनुसार, एक्सपो अब झारखंड का चेहरा बन चुका है, क्योंकि इसमें विभिन्न राज्यों और कुछ विदेशी प्रतिभागी भी शामिल होते हैं।

### ऑल इंडिया पोस्टल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**रांची :** रविवार को रांची जीपीओ में के डी राय व्यथित की अध्यक्षता में ऑल इंडिया पोस्टल/आर एम एस पेंशनर्स एसोसिएशन झारखंड की बैठक सम्पन्न हुई. शुरुआत में 2 मिनट का मौन धारण कर कामरेड सीताराम येचुरी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और कहा गया कि उनके जाने से वर्किंग क्लास मूवमेंट को बड़ी क्षति हुई है. केंद्रीय कर्मचारियों के बोनस सीलिंग को 2500 से 3500 कराने में इनकी भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता है.

# पहली बार रहा पीएम मोदी का झारखंड में 135 किमी लंबा सफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को रांची में थे। सुबह 9:05 पर रांची एयरपोर्ट पर पहुंचे । इसके बाद उन्होंने के छह नए बंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हालांकि उन्हें रांची एयरपोर्ट से सीधे चौपर से जमशेदपुर गोपाल मैदान जाना था , लेकिन मौसम खराब और तेज बारिश होने के कारण लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा था कि जमशेदपुर का कार्यक्रम कैसे होगा। और इसी ऊपाहो में सभी लगे हुए थे, लेकिन बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही थी। मौसम साथ ही दे रहा था। जमशेदपुर के गोपाल मैदान में कार्यकर्ता गण प्रधानमंत्री के इंतजार में बेचैन हो रहे थे। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 11:25 में रांची एयरपोर्ट के पिछले गेट से निकलकर सड़क मार्ग से नामकुम बाजार, बरगवां , बुंडू, तमाड़ होते हुए जमशेदपुर के लिए रवाना हो गए। करीब 135 किलोमीटर का सफर सड़क मार्ग होते हुए जमशेदपुर के लिए निकले, वहीं 45 करकेड की गाड़ियां थी। जैसे-जैसे सोशल साइट पर प्रधानमंत्री सड़क मार्ग की सूचना और खबरें चलने लगी, तो लोग उनकी एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों और खड़ा हो गये, बारिश में भींग कर मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। प्रधानमंत्री जमशेदपुर गोपाल मैदान करीब 1ः35 बजे पहुंचे। यहां जनसभा का संबोधित किये। इसके बाद फिर सड़क मार्ग से ही शाम करीब चार बजे जमशेदपुर से रांची एयरपोर्ट पहुंचे। इतना लंबा सफर सड़क मार्ग से किसी प्रधानमंत्री का झारखंड में पहली बार था।

## वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा के लिए ढाई हजार रुपये मध्यम वर्ग खर्च नहीं कर सकता : सुप्रियो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर में भाजपा की परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूत की बातें की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न जाने किस पार्टी का भूत किस पार्टी में चला जाता है और ये बात भी सही है। जब प्रधानमंत्री मोदी मंच पर पहुंचे तो उनके सामने भूत ही भूत नजर आ रहे थे। कोई जेएमएम से आया भूत था तो कोई कांग्रेस से आया भूत। भाजपा को मिले 240 सांसदों में तो 115 सांसद भूत ही हैं, जिसमें 95 भूत कांग्रेसी हैं। मणिपुर में जिसने आग लगाया, असम का सीएम भी भूत है। जो डेढ़ साल से मणिपुर जल रहा है, उसका सीएम भी भूत है।

केवल एक ही भूत नहीं था, जो मंच के सामने कुर्सी पर बैठा था, जिनका नाम था शिव राज सिंह चौहान, जो मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री थे और वर्तमान में केन्द्रीय मंत्री है। जमशेदपुर के स्थानीय सांसद भी भूत ही है। जो मंच का संचालन कर रही थी, वो भी भूत थी। ऐसा लगा कि जैसे जमशेदपुर में भूतों का जमावड़ा लगा हो। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को समझ में आ गया है। उनकी कल की कुरुक्षेत्र की रैली, प्रधानमंत्री के संसदीय जीवन में इतनी विशाल रैली कभी नहीं हुई होगी। जिसमें पांच हजार से ज्यादा लोग नहीं जुटे। तीन हजार के लोगों की सुरक्षा में 2500 सिर्फ पुलिसकर्मी थे। कल से उनका नींद उड़ा हुआ है। अब तो उनको हर जगह हार का भूत सता रहा है। महाराष्ट्र में हार का भूत, और अब झारखण्ड में हार का भूत सामने दिखाई दे रहा है। आश्चर्य है, जिस झारखण्ड ने उन्हें 2019 में 12 सांसद दिये। 2014 के चुनाव में भी नौ सांसद कम नहीं होते, फिर भी डरे हुए हैं। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री मंच से कहते है कि आपसे हमें मिलने से कोई रोक नहीं सकता। लेकिन असम के मुख्यमंत्री हिमंता जब प्रधानमंत्री मोदी को फोन करते हैं कि सर आइये, ऐसा भीड़ हमने कभी नहीं देखा। तब भींगते-भांगते रांची से चलने को तैयार होते हैं। वो भी तो भूत का ही असर था। ट्रेन के उद्घाटन को भी सौगात के रूप में पेश किया जा रहा है। ये कह रहे है कि ये ट्रेन मध्यम वर्ग के लोगों का है। ऐसा कौन सा व्यक्ति होगा जो हावड़ा जाने के लिए ढाई हजार से तीन हजार रुपये खर्च करेगा। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि झारखण्ड से हजारों रुपये मिले। लेकिन गुजरात में उनके मित्र 16 लाख करोड़ लेकर विदेश चल दिये, उस पर वे कुछ नहीं बोलते।

## रांची में हो रहे बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में सुबह से हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं लगातार बारिश होने से नालियों में कचरा जमा होने के कारण नाली का गंदा पानी भर जाने से सड़क पर पानी बहने लगा । जिससे नगर निगम के लापरवाही साफ देखने को मिली। मेन रोड का पूरा क्षेत्र में नाली का पानी पानी भरा हुआ है , जिस कारण से आवागमन बाधित हो रहा है । उर्दू लाइब्रेरी, लेक रोड, डेली मार्केट, किशोर गंज, अपर बाजार, सेवा सदन अस्पताल सहित कई गली मोहल्ले में बारिश के पानी रोड पे भर गया है। ईद मिलादुन्नबी का पर्व है , और नगर निगम को पहले ही निर्देश दिया गया था कि पर्व को लेकर नालियों की साफ सफाई करा दिया जाए, ताकि गंदा पानी रोड पर नहीं बहे। बावजूद इसके कई जगहों पर नालियों की साफ सफाई नहीं हुई, जिससे जल जमा हो रहा है और गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। अगर यही हाल रहा तो सोमवार को जुलूस ए मोहम्मदी निकल जाएगा, तो काफी लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

## जुलूस ईद मिलादुन्नबी आज, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतेजाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पैम्बरे इसलाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के योमे पैदाइश के अवसर पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी राँची सहित पूरे झारखंड में अस्त्रीदयत के साथ मानने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। 16 सितंबर 24 दिन सोमवार को जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा। सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर इसका जायजा लिया। ओलमा ए अहले सुन्नत की कयादत, एदारे शरिया की सरपरस्ती ,सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वधान में विभिन्न एदारों तंजीमो के बैनर तले जुलूस अपने अपने क्षेत्र से सुबह 08,से 09 बजे के बीच जुलूसे मोहम्मदी निकाला जाएगा। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल होने वाले तमाम मदरसों मस्जिदों,खनकाओं,पंचायतों, दिनीश्वरो अकीदत मंद लोगों से कमिटी ने हिदायत नामा भी जारी किया है। कमिटी ने जुलूस के बेहतर संचालन के लिए उलेमा ए कराम के अलावा12 सदस्यीय कमिटी गठन किया है। कमिटी के अध्यक्ष डॉ मौलाना ताजुद्दीन,हजरत अल्लामा मौलाना अलकमा शिबली, एदारे शरिया के नाजिमे आला हजरत मौलना कुतुबबुद्दीन रिजवी, सरपरस्त मो सईद, महासचिव अकीलुर्रहमान है।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदय शंकर ओझा के स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ कॉन्ग्रेस नेता स्व उदय शंकर ओझा के स्मृति में रिम्स के द्वारा 15/09/2024 को रक्तदान शिविर का आयोजन जनक नगर ओझा मार्केट में किया गया,इसमें कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय पांडेय ने कहा कि मैं उनके व्यक्तित्व से प्रभावित था आज उसी को आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र दीपक ओझा जी के द्वारा यह शिविर का आयोजन किया गया है, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव सह प्रवक्ता कमल ठाकुर ने कहा कि रक्त दान के लिए सभी को आगे आना चाहिए और युवा वर्ग से अपील है की उन्हें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि रक्त दान महादान है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहने वाले सुरेंद्र साहू , दीपक ओझा, नितिन सिरमौर ,राजीव पांडेय , विजय कुमार , क्षितिज मिश्रा, राहुल गिरी , विशाल पांडेय , विशाल लड्डू भंडार के विशाल उनके सभी श्रमिक , दीपेश पाठक ,राजीव पांडेय , मनोज सिंह ,अनुज तिवारी, रजनी कांत, ऋषि तनेजा, मोनू कुमार ।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से कनिष्ठ अभियंता देंगे त्याग पत्र, राजपत्रित अधिकारी देंगे योगदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गढ़वा जिला के गांव जोबरैया, तहसील नवादा के रहने वाले रंजीत कुमार राज का चयन राजपत्रित अधिकारी के तौर पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार में पेटेंट एवं डिजाइन अधिकारी के रूप में हुआ है।इससे पूरे परिवार में खुशी की लहर है। जबकि वर्तमान में वे नेतरहाट में झारखंड सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कनिष्ठ अभियंता में नियुक्ति हुई है।लेकिन रंजीत कुमार राज बताते हैं कि वे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कनिष्ठ अभियंता से त्यागपत्र दे देंगे।क्योंकि उनका चयन भारत सरकार में पेटेंट एवं डिजाइन अधिकारी के




रूप में हो गया है। रंजीत के पिता का नाम सुनील कुमार और माता का नाम ललिता देवी है। उनके इस सफर में माता-पिता के साथ उनके चाचा सत्येन्द्र कुमार का मार्गदर्शन रहा, जो कोलकाता में सीबीआई में मैनेजर हैं।

उनकी उपलब्धि पर माता-पिता , परिवार और गाँव के लोगों में खुशी का माहौल है। उनकी प्राथमिक शिक्षा डाल्टनगंज और उच्च शिक्षा रांची से हुई।

उसके बाद एआईईईई प्रवेश परीक्षा के माध्यम से इंजीनियरिंग में एडमिशन लिया । ग्रेजुएशन मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से प्राप्त की। उन्होंने गेट परीक्षा उत्तीर्ण करके थर्मल इंजीनियरिंग में एम.टेक किया।

## बाबूलाल मरांडी ने एक्स हैंडल से प्रधानमंत्री की किया प्रशंसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बाबूलाल मरांडी ने नरेंद्र मोदी की प्रसंशा की। अपने एक्स हैंडल से पोस्ट कर उन्होंने कहा कि यूं ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता कहा जाता है। जमशेदपुर में लगातार हो रही भारी बारिश के बावजूद झारखंड की असंख्य जनता-जनार्दन प्रधानमंत्री की एक झलक पाने को, उनका संबोधन सुनने को आतुर दिखी। प्रधानमंत्री भी जनता का मान रखते हुए भारी बारिश के बीच सड़क मार्ग से ही लगभग 120 किलोमीटर का सफ़र तय कर जमशेदपुर पहुंचे। इस दौरान इंद्रदेव आसमान से बारिश बरसाते रहे। झारखंड की गरीब आदिवासी महिलाएं, युवा साथी हाथों में छतरी लेकर प्रधानमंत्री की सभा में उपस्थित होकर अपना स्नेह बरसाते रहे। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधानमंत्री और जनता- जनार्दन के बीच एक दूसरे के लिए परस्पर सम्मान का यह अद्वितीय उदाहरण है। जमशेदपुर के गोपाल मैदान की यह सभा इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। प्रधानमंत्री की यह सभा झारखंड में घुसपैठ, भ्रष्टाचार और कुशासन के दीमक को समाप्त कर विकास की नई पहर लाएगी। परिवर्तन' लाएगी। बता दें भारी बारिश के कारण पीएम मोदी के रोड शो को रद्द कर दिया गया था। बावजूद इसके नरेंद्र मोदी को सुनने गोपाल मैदान में लोंगों की भारी भी? जुटी रही।

## दामोदर टीम ने भैरवी को बूरी तरह से हराया



### अभिषेक बने मैन ऑफ द मैच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झमाझम बारिश का आनंद लेते हुए पत्रकारों ने खेलगांव स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल मैच में अपना प्रदर्शन दिखाया। मैच के तिसरे दिन लीग मैच के बाद मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का सेमीफाइनल तय हो गया है। सोमवार को पहले सेमीफाइनल में ग्रुप ए की विजेता दामोदर ग्रुप बी की उपविजेता मयूराक्षी से भिड़ेंगे। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप बी की विजेता शंख और ग्रुप ए की उपविजेता टीम गंगा फाइनल में जगह बनाने के लिए एक दूसरे के सामने होंगी। लीग मुकाबले के आखिरी दिन टीम दामोदर ने टीम भैरवी को 5-0 से हराया। वहीं बेहतरीन गोल दागने वाले अभिषेक सिन्हा को मैन ऑफ द मैच दिया गया। प्रतियोगिता में गोल के अंतर से ये सबसे बड़ी जीत है। दिन के दूसरे लीग मुकाबले में टीम शंख ने टीम अजय को 1-0 से हराया। टीम शंख के अमित को मैन ऑफ द मैच दिया गया। सोमवार के मुकाबले पहला सेमीफाइनल सुबह 8 बजे दामोदर बनाम मयूराक्षी के बीच होगा वहीं दूसरा मैच शंख और गंगा के साथ होगी जो जितेगा वहीं 17 सितंबर को शाम में फाइनल खेलेंगे।

### विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर को

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि भगवान विश्वकर्मा पूजा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 17 सितंबर दिन मंगलवार को मनाया जाएगा, विश्वकर्मा पूजा को विश्वकर्मा जयंती के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू सनातन धर्म का यह एक महत्वपूर्ण पर्व है। धर्म ग्रंथो में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी का वंशज माना गया है। ब्रह्मा जी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तु देव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ।

## नगरवासी भुखमरी से त्राहिमाम, मालामाल बीजेपी व मंत्री संजय सेठ एचईसी पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं : कैलाश यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एचईसी नागरिक संघ का धुर्वा में बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने किया । बैठक के दौरान अध्यक्ष कैलाश यादव ने केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ पर सवाल उठाते हुए कहा की एचईसी के कर्मचारियों का लगभग 30 महीनो से वेतन नहीं मिल रहा है,एचईसी के कारखाना के रीढ़ ठेका सप्लाई कर्मियों को काम से वंचित कर दिया गया है। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार चल रही है और राज्य के बीजेपी नेता और केंद्रीय निफिक्र होकर मालामाल हो रहे हैं ?। यादव ने कहा कि रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को रांची की जनता दो बार निर्वाचित कराकर संसद में भेजने का काम किया है, लेकिन मंत्री संजय सेठ ने कभी भी एचईसी कारखाना के जीर्णोद्वार और आवासीय परिसर के लोगो की जनसमस्याओं के विषय में गंभीरता नहीं दिखाई ।

विदित है की एचईसी नगर परिसर स्थित पुराना विधानसभा मैदान में रामलाला पूजा समिति के बैनर तले बीजेपी ने दुर्गा पूजा पंडाल बनाने का कार्य कर रही है, लोगो को पंडाल और पूजा से आपत्ति नहीं है, लेकिन आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों का सवाल है कि विगत 30 महीनो से एचईसी कर्मचारियों का वेतन नही मिला है और बीजेपी नेता मस्ती में गुल होकर भुखमरी से त्राहिमाम एचईसी नगरवासियों के ऊपर नमक छिड़कने का काम कर रही है ।बैठक में रामकुमार यादव ,सुधीर गोप ,राम इकबाल सिंह, सुनील पांडेय, अश्विनी उपाध्याय ,सतदेव सिंह, बीएल पासवान, राजेंद्र गुप्ता, रमाकांत सिंह, हरेंद्र सिंह ,पवन यादव, बिरेंद्र सिंह, कमलेश यादव, सुनील यादव ,मैनेजर राय विजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे ।

## कांटा टोली वासियों को तीन दिन बाद आज से मिलने लगेगा पानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य होने के कारण पिछले तीन दिन बीत गये लेकिन पीने का पानी नल में नहीं आया है। उम्मीद है सोमवार तक नल खुला जायेगा। कांटा टोली, सिरम टोली, डोरंडा कुसाई कॉलोनी और इसके आसपास के कई मुहल्ले, टोले जो रुक्का डैम के हटिया लाइन से जुड़ा है , सभी लोगों के घरों तक पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है । फ्लाईओवर निर्माण के कारण पानी के पुराने पाइप लाइन को न्यू पाइप जोड़ने का कार्य जुडको के द्वारा किया जा रहा है। पुराने पाइप से कनेक्ट करके न्यू पाइप को सड़क के किनारे पर लाया जा रहा है ताकि भविष्य में किसी तरह की समस्या उत्पन्न ना हो सके। इस कार्य के दौरान पिछले तीन दिनों से पूरे क्षेत्र में जो रुक्का डैम हटिया लाइन से जुड़े हुए जितनी भी बस्ती,टोला, कॉलोनी है वहां के रहने वाले लोगों को पानी नहीं मिलने से वे काफी परेशान हैं। उनके मोहल्ले में नगर निगम द्वारा लगाई गई टंकी का पानी भी खत्म हो गया है। लोगों को पानी के लिए दिन



भर परेशान होना पड़ा। पानी नहीं रहने के कारण मकान निर्माण कार्य भी रुक गया ।

**प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया:** प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि कांटा टोली फ्लाई ओवर निर्माण कार्य होने के कारण जुडको के द्वारा जो पुराने पानी पाइपलाइन था उसको हटाकर नई पाइपलाइन में जोड़ा जा रहा है। जो अब सड़क के किनारे में है। यह काम कांटा टोली, बिशप स्कूल, आक्सफोर्ड स्कूल बहुत बाजार के पास चल रहा है। एक दिन पहले ही सब कुछ ठीक हो जाना चाहिए था, लेकिन दुबारा समस्या होने के कारण थोड़ी देर हो रही है। अब सब कुछ ठीक-ठाक हो गया है , टंकी में पानी भरने का काम शुरू है सोमवार तक पानी आयेगा।

## देश के 10 राज्यों के दिव्यांग रांची में दिखाएंगे अपना हुनर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** तीसरा पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड, रांची के तत्वाधान में रांची में 22 सितंबर से 23 सितंबर 2024 तक हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव में किया जाएगा । जिसमें 10 राज्यों की 20 टीमें (10 पुरुष 10 महिला ) भाग लेंगी। मेजबान झारखण्ड के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तराखंड, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर शामिल हैं। संस्था के अध्यक्ष राहुल मेहता ने उन्होंने कहा दिव्यांग खिलाड़ी भी सामान्य खिलाड़ियों के भांति अच्छे प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। इस वर्ष झारखण्ड के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है । उन्होंने आयोजन समिति की घोषणा की जो निम्नवत है - मुख्य संरक्षक- डॉ महुआ मांझी (राज्यसभा सांसद), संरक्षक राजेश कश्यप (विधायक) एवं रमेश सिंह (समाजसेवी), अध्यक्ष- राहुल मेहता, वरीय उपाध्यक्ष- कमलेश राम एवं नंद किशोर सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष- पतरस तिर्की, सचिव- सरिता सिन्हा, कोषाध्यक्ष- विकास कुमार , अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं आयोजक मुकेश कंचन ने कहा कि ऐसे आयोजन दिव्यांग बच्चों को अपना प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल जाता है जिससे वे भी जीवन के हर मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित रहते हैं। पैरा ओलंपिक एसोसिएशन आफ झारखंड द्वारा रांची में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को सफल करने में सफल रही है जिसमें पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार; सी.सी.एल, बी.सी.सी.एल, एन.टी.पी.सी, यंग इंडिया आदि का सहयोग मिलता रहा है।

## जमशेदपुर के गोपाल मैदान पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी, कहा :

# झारखंड के तीन दुश्मन - जेएमएम, कांग्रेस और राजद, इनसे रहें सावधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रांची से सड़क मार्ग पर रविवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे बिष्टुपुर के गोपाल मैदान पहुंचे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झारखंड के तीन दुश्मन हैं जेएमएम, कांग्रेस और राजद। इनसे सावधान रहने की जरूरत है। इनके लिए विकास का मतलब परिवार का विकास। जेएमएम ने आदिवासी समाज का सम्मान कभी नहीं किया बल्कि जिन आदिवासियों के नाम पर इनकी राजनीति है उन्हें ही खतरे में डालने का काम ये लोग कर रहे हैं। आज झारखंड का गरीब आदिवासी पूछ रहा है क्या चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं थे? क्या वे एक गरीब परिवार से नहीं आते थे? लेकिन जिस तरह से उन्हें अपमानित करते हुए मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाया गया और खुद कुर्सी पर बैठ गया, इससे झारखंड के हर आदिवासी के दिल को गहरी चोट पहुंची है। इसका बदला आने वाले विधानसभा चुनाव में यहां के लोग लेंगे। जेएमएम वाले स्कूल ऑफ करप्शन से ट्रेनिंग लेते हैं। 5 साल में जेएमएम ने सिर्फ एक काम किया है। चारों तरफ लूट और भ्रष्टाचार। झारखंड सरकार ने जल, जंगल और जमीन सभी में भ्रष्टाचार किया। नोटों का पहाड़ कांग्रेस के मंत्री के पास मिला जिसे पूरे देश के लोगों ने टीवी पर देखा। यह कोई नकली नोट नहीं था बल्कि यहां का रहने वाला गरीबों का था जो एक एक रुपया के लिए पसीना बहाता है। प्रधानमंत्री ने संथाल परगना में घुसपैठ पर सवाल उठाते हुए कहा कि आदिवासियों की आबादी तेजी से घट रही है और यहां के लोगों की जमीन भी घट रही है। घुसपैठिए यहां की बेटियों से शादी करके पंचायत की सत्ता में कब्जा करते जा रहे हैं। बेटियों के साथ अत्याचार की वारदात बढ़ी है। आपके गांव हो या शहर इन घुसपैठ के कारण हर झारखंडी आज असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। साथियों सच्चाई यह है कि अब बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए कट्टरपंथी जेएमएम को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। झारखंड उच्च न्यायालय ने भी राज्य सरकार से घुसपैठ के मामले में जवाब मांगा है। लेकिन इनको यह सब अभी समझ नहीं आ रहा है क्योंकि जेएमएम में कांग्रेस का भूत सवार हो गया है और जिसे यह भूत सवार होता है वह तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं तथा मजहबी वोट बैंक बनाते हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें आपका साथ चाहिए झारखंड को बचाने के लिए। भाजपा के सत्ता में आते ही सभी के खिलाफ जांच होगी। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज करम का त्योहार है और बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र के प्रार्थना करती हैं। आज आपके भाई को बहनों के लिए करोड़ों की सौगात देने का सौभाग्य मिला। झारखंड के लिए 6 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई। इससे मध्यम वर्ग के लोगों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और युवाओं के रोजगार एवं उद्यमियों के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि आज 3 करोड़ मकान दी गई जिसमें अधिकांश बहनों के नाम ही है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण मुझे रांची से सड़क मार्ग होकर आना पड़ा। मैंने भी सोचा कि चाहे लाख रुकावटें पैदा हो मुझे आपके साथ आमने सामने मिलने से कोई नहीं रोक सकता। आपके प्यार व आशीर्वाद ने मुझे यहां खींचकर लाया।दुनिया ने देखा एक तरफ़ सारा विपक्ष मोदी को हराने के लिए बड़ी बड़ी साजिशें रच रहा था, झूट फैलाया जा रहा था लेकिन आपका आशीर्वाद उन सभी पर भारी पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा का रिश्ता झारखंड और झारखंड के लोगों के साथ दिल का है। क्योंकि भाजपा ने ही अलग झारखंड राज्य का निर्माण किया इसलिए यहां के लोगों का विकास भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से यहां खान, खनिज और कोयले की लूट खसोट की। लेकिन भाजपा की सरकार ने देश में पहली बार एसएमएफटी बनाकर राज्य के लोगों के विकास के लिए फंड उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में राज्य सरकार ने कोई काम नहीं किया बल्कि चुनाव नजदीक आते ही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान के नाम पर योजना शुरू कर दिया है लेकिन इससे सावधान रहने की जरूरत है। म्यूटेशन और ऑनलाइन के नाम पर 5-5 हजार रुपए की वसूली हो रही है। मुझे विश्वास है कि झारखंड की जनता अगले चुनाव में विकास के लिए वोट देगी, अपना आशीर्वाद बरसाएगी। आधे घंटे के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आपलोगों की इतनी तादाद में उपस्थिति देखकर विश्वास हो गया कि अब इस सरकार की विदाई तय है।







### परिवर्तन महारैली किसने क्या कहा

- गोपाल मैदान में आयोजित परिवर्तन महारैली को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि ऐसा संकल्प पहली बार देखने को मिला है। कोल्हान की जनता से मिलने के लिए 2 घंटे सड़क यात्रा कर मोदीजी पहुंच रहे हैं। पूरा कोल्हान कमाल कर दिया है। आज की यह सभा हेमंत सोरेन की विदाई सभा है।
- प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है कि देश के पीएम रांची से सड़क मार्ग पर आ रहे हैं। आपलोग भी भारी बारिश में यहां आ रहे हैं। इन 5 वर्षों से चल रही सरकार को जवाब व हिसाब देना होगा। चुनाव आते ही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के नाम पर हजार रुपए का लॉलीपॉप देने का काम कर रहे हैं, देना ही था तो कम से कम 6 माह पहले से देते। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने शहीद निर्मल महतो की समाधि पर किए गए वादे को भी भूला दिया इसलिए उन्हें इस चुनाव में जनता जरूर सन्यास पर भेजने का काम करेगी।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोगों से पूछा कि हेमंत सोरेन आएगा दाना डालेगा। एक हजार रुपए ले लो बोलेगा, फंसोगे तो नहीं? इस पर कार्यकर्ताओं ने जवाब दिया नहीं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता लाने के लिए नहीं बल्कि झारखंड को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं जिसमें आप सभी का साथ चाहिए।
- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इन 5 सालों में राज्य की स्थिति बद से बदतर हो गई है। एक हजार रुपए देकर छलने का काम कर रही है हेमंत सोरेन सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड के दिल में मोदीजी और उनके दिल में झारखंड बसता है। इसलिए इस दुरूह मौसम में भी लाखों की इस सभा को संबोधन करने के लिए वे सड़क मार्ग से आ रहे हैं।
- पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान क्या होता है द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित पूर्णिमा महतो, पद्मश्री से सम्मानित छूटनी महतो, यमुना टुडू और चामी मुर्मू इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही एक हजार रुपए भेज रहे हैं, भेजना ही है तो पूरे 5 साल का 60 हजार भेजिए।

## प्रधानमंत्री नहीं भाजपा प्रवक्ता की तरह नफरती भाषण : बबलू झा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने आज जमशेदपुर में आयोजित परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए भाषण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झूठ बोलने में प्रधानमंत्री को महारत हासिल है, रांची से ऑनलाइन ट्रेन को हरी झंडी दिखाते समय भी उनके चेहरे में शिकंज के साथ साथ तनिक भी मुस्कान नहीं थी। उन्हें याद दिला दूं कि 2 घंटे की सफर में वह और उनके समर्थक अपना पीठ थपथपा रहे थे जबकि राहुल गांधी ने 4000 किलोमीटर कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल ही सड़क को नाप दिया था, जो की ऐतिहासिक है। जमशेदपुर की जनता सोच रही थी कि प्रधानमंत्री कुछ रोजगार पर बोलेंगे, महंगाई पर बोलेंगे पर उन्होंने आते ही नफरत भाषण, घुसपैठीयों और कांग्रेस पर निशाना निरंतर साधते रहे। ना युवाओं ना मध्यम वर्ग परिवार और ना ही महिला सुरक्षा पर कुछ बोले । बबलू झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि जमशेदपुर झारखंड आज खुद को मणिपुर के जैसे ही ठगा महसूस कर रहे हैं। झारखंड का बकाया ?1 लाख 36 हजार करोड़ वापस दिलवाना हो या सरना आदिवासी धर्म कोड की मांग मानना पर कब तक चुप रहेंगे? अधिकार हम मांगते रहेंगे।

## ईचागढ़ में भेड़ियों का आतंक, दो को काटा

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में भेड़ियों का आतंक से ग्रामीण परेशान और डरे सहमे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार चीपड़ी तिरूलडीह के जोजोडीह गांव में दिन करीब दो बजे घर के बाहर बैठे 40 वर्षीय महिला किष्टोमनी मुण्डा को एक भेड़िये ने धर दबोचा और शरीर में कई जगहों पर काट खाया। महिला को भेड़िये का चंगुल में छुड़ाने के लिए घर के बाहर बैठे पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि शंकर सिंह मुण्डा जैसे ही लाठी लेकर महिला के पास पहुंचे तो उसे भी भेड़िया ने दबोच लिया। शंकर सिंह मुण्डा को भी भेड़िये ने काटा, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। परिजनों द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों घायलों का स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में इलाज किया जा रहा है।

## जूनियर में अंशु-अन्वेषा व सीनियर ग्रुप में अभिषेक-अबीरा बनी विजेता




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक वर्ष पूर्व सड़क हादसे में अपनी जान गंवानेवाले शहर के नवयुवक अमृत की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए हीलयोगा और एवेसम योग एकेडमी की ओर से ओपन अमृत योगासना चैंपियनशिप का आयोजन काशीडीह सामुदायिक भवन में किया गया. प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय योगगुरु अंशु सरकार शामिल हुए और विजेताओं को पुरस्कृत किया. आयोजन में शहर के कई विद्यालयों के लगभग 350 बच्चे शामिल हुए. प्रतियोगिता का आयोजन दो ग्रुप में आयोजित था. इसमें जूनियर ग्रुप में योग कुमार का खिताब अंशु शर्मा व योग कुमारी का खिताब अन्वेषा पंजा को मिला. वहीं सीनियर ग्रुप में योग ललित अभिषेक डे तथा योग राम्या का खिताब अबीरा कुमारी को प्रदान किया गया. आयोजन में स्व. अमृत के पिता अर्जुन प्रसाद, बड़े भाई अभिमन्यु कुमार व रविशंकर कुमार तथा दोस्त मुन्ना शर्मा आदि शामिल थे.

## राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाए : सविता महतो

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विक्रमादित्य उच्च विद्यालय लेपाटांड परिसर में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा ईचागढ़ प्रखंड स्तरीय बूथ व कार्यकर्ता सम्मेलन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव कि अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता महतो व विशिष्ट स्थिति के रूप में झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ताओं की पार्टी है। राज्य के महागठबंधन सरकार की विकास कार्य को देखकर विपक्ष घबरा गई है। विधायक ने अपने कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने को कहा। उन्होंने कहा कि झामुमो में कार्यकर्ताओं का विशाल फौज है, जो अन्य पार्टी में नहीं है।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने पीएम मोदी से पूछे राज्य की जनता से जुड़े कुछ सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने नेशनल हाईवे 33 फोरलेन में सफर का आनंद लिया और जमशेदपुर पहुंचकर एक सभा को संबोधित भी किया, अब उनसे झारखंड की जनता से जुड़े कुछ सवाल पूछना चाहता हूं

1) आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड लागू हुआ क्या? या वे यदि आदिवासी समुदाय के हितैषी हैं तो कब तक इसकी घोषणा करेंगे?

2 )एक पिछड़ा जाति से वे आते हैं, चुनावी भाषणों में भी जिक्र करते हैं तो पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण के विषय में कोई घोषणा उन्होंने किया क्या, नहीं तो क्यों नहीं किया?

3 )झारखण्ड की चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने के लिए व्याकुल भाजपा क्या कथित तौर पर अपमानित हुए चम्पाई सोरेन जी को एनडीए का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करेगी?

4 )सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी झारखंड का बकाया पैसा केंद्र सरकार ने हड़प लिया है, प्रधानमंत्री जी बताएं कि झारखंड को 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने का आदेश दिया क्या?

5 )दो साल पहले प्रधानमंत्री जी ने नेशनल हाईवे 33 के फोरलेन कार्य का उद्घाटन ऑनलाइन किया था। आज वे स्वयं नेशनल हाईवे 33 फोरलेन पर सफर किए इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन भी स्वीकार किए लेकिन क्या उन्होंने देखा कि चांडिल गोलचक्कर के बाद करीब एक किलोमीटर सड़क का निर्माण आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। दूसरी तरफ आज भी रेलवे ओवरब्रिज का कार्य अधूरा है, जिस कारण आये दिन जाम होती हैं और सड़क दुर्घटना में झारखंड की जनता की जानें जा रही हैं, तो इन मौतों की जिम्मेदारी किसकी है? इन मौतों की भी कोई जांच होगी प्रधानमंत्री जी?

गुप्ता ने कहा, झारखंड भाजपा हमारी सरकार पर लॉ एंड आर्डर खराब होने और नक्सली एवं आतंकवादी गतिविधियों के होने का दुष्प्रचार करती हैं, आज आपने बिना किसी पूर्व निर्धारित सूचना एवं तैयारी के 130 किलोमीटर तक सड़क मार्ग से यात्रा की और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पुनः उसी सड़क से वापस आये। आपसे पूछना चाहता हूं कि कहीं भी सुरक्षा में कमी आपको दिखी? लॉ एंड आर्डर में कोई दिक्कत दिखी? यही है झारखंड में मजबूत इंडिया गठबंधन सरकार की मजबूती और झारखंड पुलिस और अधिकारियों की लग्नशीलता एवं बेहतर कानूनी सेवा एवं व्यवस्था का स्वरूप।



## बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में घूसे है तो केंद्र सरकार बॉडर पर क्या कर रही है : आजाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऊपर बड़ा हमला करते हुए कहा कि सबसे बड़ा असफलता 11 वर्षों के अंदर मोदी सरकार के अंतर्गत देखने को मिला है। आज मंच पर घड़ियाली आंसू बहते हुए उन्हें जरा भी संकोच नहीं हो रहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में घुस गए हैं। जबकि देश के बॉर्डर की रक्षा करने की पूर्ण जिम्मेवारी केंद्र सरकार की होती है। यदि मोदी जी यह साबित करते हैं कि अगर पांच आदमी या दो आदमी भी घुस गया है, तो सबसे बड़ा दोषी स्वयं प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री ही होंगे। कांग्रेस पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा राजद, वामदल सभी मिलकर मजबूती से झारखंड की रक्षा कर रहे हैं। हर माता, बहनों, बुजुर्गों और 18 साल की महिलाओं, बहू बेटियों को मईया सम्मान योजना के तहत ?1000 मिलने लगे हैं। अबुआ आवास योजना के साथ-साथ सैकड़ो लाभकारी हितकारी योजनाएं आम जनता के बीच में दी जा रही है।

## जोड़सा में बिजली की चपेट में आने से घायल हुआ लंगूर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** दलमा जंगल से उतरा एक लंगूर रविवार को पटमदा के जोड़सा गांव में बिजली की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया। घायल लंगूर जोड़सा के एक धान खेत में गिर गया था। हाथ व पैर झुलसने पर वह चलने फिरने में असमर्थ हो गया था। जोड़सा निवासी बजरंगबली के भक्त अरूण कुंभकार ने मामले की जानकारी गांव के ही सेवानिवृत्त प्रो. पंचानन दास को दी। पंचानन दास ने दलमा वन्य प्राणी आश्रयनी के पदाधिकारी को सूचित करते हुए उचित इलाज करवाने के लिए आग्रह किया। इसके बाद वन विभाग के अधिकारी ने घायल लंगूर की रेस्क्यु के लिए वनरक्षी सीमन टुडू एवं जितेंद्र मुर्मू को वाहन के साथ जोड़सा गांव भेजे।



## सोनारी मंडल से हजारो कार्यकर्ता परिवर्तन रैली में हुए शामिल

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड को उपहारो की सौगात देने आये प्रधानमंत्री को देखने के लिये सुबह से ही भारी बारिश के बीच सोनारी मंडल के कार्यकर्ताओ का महाजुटान सोनारी राम मंदिर चौक के पास होने लगा था। जहां से विशाल रैली के रुप मे राम मंदिर अटल चौक से एरोड्राम चौक तक पैदल एवं एरोड्राम चौक से गोपाल मैदान 132 ऑटो और सैकडो निजी वाहनो के साथ सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार के नेतृत्व मे गोपाल मैदान पहुचे। सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार के अनुसार मंडल के सभी कार्यकर्ताओ का जोश आशा से परे था। सोनारी की माताओ और बहनो ने भी विशाल संख्या मे उपस्थित होकर प्रधानमंत्री मोदी के दर्शन किये। आज की रैली मे सोनारी मंडल से मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, सुनील सिंह, पूरण वर्मा,नारायण प्रसाद, सतेन्द्र सिंह यादव, संजय रजक,शंकर सिंह, सरिता लाल,नेहा साहू आदि शामिल थे।




## लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, भूला में नहीं लगा साप्ताहिक हाट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार ही राज्यभर में मूसलाधार बारिश हो रही है। शनिवार की अहले सुबह से जारी बारिश से जहां धान की खेती को बड़ा फायदा होने का अनुमान लगाया जा रहा है वहीं क्षेत्र में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार दो दिनों की बारिश के कारण लोग अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। मौसम विभाग ने पहले ही पूर्वी सिंहभूम जिले को येलो अलर्ट जारी किया है। पटमदा के किसान वीरेन्द्र नाथ महतो का कहना है कि इस इस वर्षा से किसानों के साथ - साथ अन्य लोगों को भी बड़ी राहत मिली है। बारिश से दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों को नुकसान हुआ है। भेड़, बकरी, बैल और भैंस को घर में ही बांध कर रखना पड़ रहा है। दो दिनों से मवेशियों को अच्छे से चारा नहीं मिल पा रहा है। भूला गांव के युवा राजनीकांत सिंह और सोनू बनर्जी ने बताया कि अत्यधिक बारिश के चलते रविवार को भूला मोड़ में लगने वाले सप्ताहित हाट में सन्नाटा पसरा रहा। इस दौरान सड़कों पर वाहनों का आवागमन भी नगण्य रहा।

## भारी बारिश ने जादूगोड़ा में मचाई तबाही, घर टूटा, गिरे पेड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** बीते दो दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश ने जादूगोड़ा में भारी तबाही मचाई है। देर संध्या चापड़ी गांव निवासी सोलेन सोरेन का मिट्टी नुमा खपरैल का घर टूट गया। इस बाबत ग्रामीण लखाई सोरेन, मानसिंह हेंब्रम व गोविंदा हेंब्रम ने झारखंड सरकार से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत पहचाने की मांग की है ,फिलहाल पीड़ित परिवार सोलेन सोरेन ने बगल के अन्य मिट्टी नुमा घर में शरण ली है। इसी तरह यूसील डैम के समक्ष बारिश की मार पेड़ झेल नही पाया व विशाल पेड़ गिर पड़ा इस हादसे में कोई हताहत नही हुआ है।लगातार बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है,जिसे देखते हुए यूसील प्रबंधन ने डैम के कई फाटक खोल देना पड़ा,जिससे गुरा नदी का जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। गरीब परिवार पर बारिश कहर बनकर टूटा है व लोग प्लास्टिक ओढ़कर बारिश से बचते दिखे।



## फिर ठगे गए आदिवासी, मोदी ने नहीं की सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा : डॉ. अजय कुमार

### ▶▶▶ गृह मंत्रालय के पास नहीं है बंगलादेशी घुसपैठियों का रिकार्ड, झूठ बोल रहे है मोदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि आदिवासियों को विश्वास था कि शायद नरेंद्र मोदी परिवर्तन रैली में सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा करेंगे. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा नहीं की. जिससे एक बार फिर झारखंड की आदिवासियों को निराशा हुई . पिछले कई वर्षों से आदिवासी समुदाय अपने सांस्कृतिक और धार्मिक आजादी की प्रतिक सरना धर्म कोड को लागू करने के लिए आंदोलन कर रहे है. दो वर्ष पूर्व हेंमत सरकार ने सरना धर्म कोड से संबंधित विधेयक पास कर केंद्र को भेज दिया. लेकिन मोदी सरकार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही है. आदिवासियों की हमदर्द बनने का नाटक कर रही भाजपा की पोल खुल गई. झारखंड में आ कर भी मोदी ने सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा नहीं की.

**गृह मंत्रालय के पास घुसपैठियों का नहीं रिकार्ड**

रविवार को प्रेस बयान जारी कर डॉ. अजय कुमार ने जमशेदपुर में आयोजित परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए भाषण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झूठ बोलने में प्रधानमंत्री को महारत हासिल है. भारत के पहले प्रधानमंत्री है जिनके नाम लगातार झूठ बोलने के रिकार्ड दर्ज है. उन्होंने कहा कि जब गृह मंत्रालय के पास झारखंड में घुसपैठियों का कोई आकड़ा नहीं है तो फिर किस आधार पर मोदी ने कहा कि घुसपैठी आदिवासियों की जमीन हड़पने की बातें कहीं. उन्हें झारखंड की जनता से माफी मांगनी चाहिए. उन्होंने कहा कि मोदी और बीजेपी के नेता लगातार बंगलादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासियों की जमीन हड़पने का झुठा प्रचार कर रहे हैं. जबकि 12 सितंबर 2024 को गृह मंत्रालय द्वारा रांची हाईकोर्ट में जमा किए गए शपथपत्र में साफ कहा गया है कि झारखंड में आदिवासियों से विवाह कर उनकी जमीन हड़पने से संबंधित कोई आकड़े गृह मंत्रालय के पास नहीं है. तो फिर किस आधार पर प्रधानमंत्री झारखंड की भोली भाली जनता को गुमराह कर रहे हैं. दरअसल भाजपा का मकसद मुस्लिम और आदिवासियों के बीच विवाद पैदा कर अपना राजनीतिक रोटी सेकना चाहती है.

**भाजपा ने लूटा है झारखंड को**

डॉ. अजय कुमार ने कहा कि 24 वर्ष में सबसे ज्यादा लगभग 14 वर्ष से ज्यादा समय तो भाजपा ने झारखंड में शासन किया है. फिर किस मुंह से मोदी इंडिया गठबंधन पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगा रहे है. आज देश के सभी बड़े भ्रष्टाचारी नेता भाजपा में हैं. मोदी को भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है. हर समय झूठ और केवल झूठ बोलते हैं नरेंद्र मोदी. रघुवर दास पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप रघुवर सरकार के मंत्री द्वारा ही लगाए गए.

**अपने वादे नहीं निभाते है और हेमंत पर लगाते है आरोप**

डॉ. अजय कुमार ने कहा कि मोदी ने प्रति वर्ष दो करोड़ नोकरी देने का वादा किया था. देशवासियों को 15 लाख रुपया देने का वादा किया था. मोदी बताएं कि उन वादों का क्या हुआ. आज तक किसानों को एमएसपी देने पर मोदी सरकार निर्णय नहीं ले पाई है. मोदी को झारखंड की महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत होना नहीं भा रहा है. झारखंड की हेमंत सरकार जिस प्रकार से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए कार्य कर रही है. उससे भाजपा बौखला गई है.



● डॉ. अजय कुमार

विचार प्रवाह

संपादकीय

## मरीजों की फिक्र

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सहकर्मी से दुराचार व हत्या के विरोध में आंदोलित जूनियर डॉक्टरों को देशव्यापी समर्थन मिलता रहा है। राज्य में भी उन्हें व्यापक सहानुभूति मिली है। निस्संदेह कार्यस्थल पर महिला डॉक्टरों की सुरक्षा व न्याय की उनकी मांग तार्किक ही है। लेकिन इसके बावजूद लंबे समय तक चिकित्सा सेवाओं को ठप नहीं किया जा सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में वे ही मरीज उपचार के लिये आते हैं, जो महंगे अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते। पश्चिम बंगाल सरकार कह रही है कि हड़ताल शुरू होने के बाद उपचार के अभाव में 23 मरीजों की जान चली गई है। ऐसे में हड़ताली डॉक्टरों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करना चाहिए था। लेकिन विडंबना है कि हड़ताली जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार तक काम पर लौटने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया। एक माह से जारी हड़ताल से चिकित्सा सुविधाओं का बाधित होना स्वाभाविक है। सार्वजनिक सेवाओं में, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र गहन जिम्मेदारी की मांग करता है। असंख्य रोगियों का जीवन चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। लंबे समय से डॉक्टरों की अस्पतालों में अनुपस्थिति से हजारों मरीजों को दर-दर की ठोकरें खाते देखा गया है। राज्य सरकार का दावा है कि करीब छह लाख से अधिक मरीज इस हड़ताल के कारण आवश्यक उपचार से वंचित हो गए। निस्संदेह, ये आंकड़े सोचने को विवश करते हैं कि किसी हड़ताल का यथार्थ में कितना व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताली डॉक्टरों की प्रति सहानुभूति व्यक्त की है, लेकिन साथ ही चेताया भी कि उनका विरोध प्रदर्शन उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता। साथ ही आश्वासन भी दिया है कि अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा महिला कर्मचारियों के लिये अलग ड्यूटी रूम बनाये जाने जैसे सुरक्षा उपायों को अविलंब क्रियान्वित किया जाएगा। निस्संदेह, डॉक्टरों को देश की न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास कायम रखना चाहिए और अपनी ड्यूटी को अविलंब आरंभ कर देना चाहिए। उनकी अस्पतालों में अनुपस्थिति जहां रोगियों की मुश्किलें बढ़ाती है, वहीं चिकित्सा जैसे आदर्श पेशे के प्रति जनता के विश्वास को भी घटाती है। यही वजह है, अदालत को कहना पड़ा कि आदेश के पालन से इनकार करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें दो राय कि देश के चिकित्सा संस्थानों तथा अस्पतालों में असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। इन मुद्दों का अविलंब निस्तारण होना भी चाहिए। लेकिन उन्हें इस बात का भी अहसास होना चाहिए कि लंबे समय तक इस तरह की अवज्ञा न्याय को कमजोर करती है। निस्संदेह, पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों के अपने काम पर लौटने का वक्त आ गया है। जिससे उपचार तथा न्याय बिना देरी के आगे बढ़ सकें। लेकिन साथ ही राज्य सरकार को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्यों चिकित्सा बिरादरी व आम लोगों में उसकी कारगुजारी को लेकर अविश्वास पैदा हुआ है।


> राज्य में भी उन्हें व्यापक सहानुभूति मिली है। निस्संदेह कार्यस्थल पर महिला डॉक्टरों की सुरक्षा व न्याय की उनकी मांग तार्किक ही है। लेकिन इसके बावजूद लंबे समय तक चिकित्सा सेवाओं को ठप नहीं किया जा सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में वे ही मरीज उपचार के लिये आते हैं, जो महंगे अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते। पश्चिम बंगाल सरकार कह रही है कि हड़ताल शुरू होने के बाद उपचार के अभाव में 23 मरीजों की जान चली गई है। ऐसे में हड़ताली डॉक्टरों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करना चाहिए था। लेकिन विडंबना है कि हड़ताली जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार तक काम पर लौटने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया। एक माह से जारी हड़ताल से चिकित्सा सुविधाओं का बाधित होना स्वाभाविक है। सार्वजनिक सेवाओं में, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र गहन जिम्मेदारी की मांग करता है। असंख्य रोगियों का जीवन चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। लंबे समय से डॉक्टरों की अस्पतालों में अनुपस्थिति से हजारों मरीजों को दर-दर की ठोकरें खाते देखा गया है।


### उत्तरी अमरीका की सरकारें इन सभी भारत विरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष-परोक्ष सहायता देती हैं

## राहुल गांधी की सत्ता के लिए व्यग्रता और नेहरु

कुलदीप चंद अग्निहोत्री


> भारत में सत्ता प्राप्त नहीं करनी, लेकिन उन्हें भारत को कमजोर करना है ताकि वह विश्व राजनीति और सभ्यताओं के संघर्ष में झांकने की भी हिम्मत न करे। इसके लिए अमरीका व कनाडा सरकार पिछले कुछ दशकों से कार्यरत हैं। इन दोनों देशों में पंजाब के कुछ लोगों को भारत के खिलाफ संगठित किया जा रहा है। भारतीय दूतावासों पर हमले होते हैं। इंदिरा गान्धी के हत्यारों को महिमामंडित करते हुए सार्वजनिक झांकियां निकाली जाती हैं।


**इस** बार राहुल गान्धी भारत के प्रधानमंत्री बनना चाहते थे। इस वाक्य को एक दूसरे प्रकार से भी कहा जा सकता है कि इस बार कुछ देशी-विदेशी शक्तियां राहुल गान्धी को आगे करके, उनकी आड़ में अपनी व्यक्तिगत या अन्य प्रकार की स्वार्थ सिद्धि प्राप्त करना चाहती थीं। इसके लिए उन सब ने मिल कर पूरा जोर भी लगाया। लेकिन दुर्भाग्य से उनकी योजना या इच्छा पूरी नहीं हुई। वैसे केवल स्पष्टीकरण के लिए राहुल गान्धी को प्रधानमंत्री बनाने के पीछे देशी और विदेशी ताकतों का उद्देश्य अलग भी होता है। देशी शक्तियां या फिर वे लोग जो राहुल गान्धी को घेरे हुए हैं, उनका स्वार्थ तो ज्यादा से ज्यादा उतना ही होता है कि राहुल प्रधानमंत्री होंगे तो सत्ता में कुछ हिस्सा उनको भी नसीब होगा। इसलिए इसको व्यक्तिगत स्वार्थ ही कहा जा सकता है। लेकिन विदेशी शक्तियों का मामला दूसरा है। उन्होंने भारत में सत्ता प्राप्त नहीं करनी, लेकिन उन्हें भारत को कमजोर करना है ताकि वह विश्व राजनीति और सभ्यताओं के संघर्ष में झांकने की भी हिम्मत न करे। इसके लिए अमरीका व कनाडा सरकार पिछले कुछ दशकों से कार्यरत हैं। इन दोनों देशों में पंजाब के कुछ लोगों को भारत के खिलाफ संगठित किया जा रहा है। भारतीय दूतावासों पर हमले होते हैं। इंदिरा गान्धी के हत्यारों को महिमामंडित करते हुए सार्वजनिक झांकियां निकाली जाती हैं। भारत को तोडने के संकल्प लिए जाते हैं। उत्तरी अमरीका की सरकारें इन सभी भारत विरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष-परोक्ष सहायता देती हैं। उत्तरी अमरीका के इन दोनों देशों की सांस्कृतिक, मज़हबी और राजनीतक पूंछ इंग्लैंड से जुड़ी रहती है, क्योंकि ब्रिटिश उपनिवेशों को संगठित करके ही इन देशों का गठन हुआ था।

अपने समय में इंग्लैंड सरकार भी, देश छोडने से पहले भारत को विभाजित करने वाली ताकतों को संगठित कर रही थी। इसके लिए मोहम्मद अली जिन्ना उसके मोहरे बने हुए थे। लेकिन ब्रिटिश सरकार जानती थी कि कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना देश को विभाजित नहीं किया जा सकता। अन्ततः कांग्रेस इंग्लैंड के माऊंटबेटन और श्रीमती माऊंटबेटन के चंगुल में फंस ही गई और उसने बाकायदा दिल्ली में पार्टी की विशेष बैठक बुला कर 14 जून 1947 को भारत विभाजन का प्रस्ताव पारित किया। उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरु की उम्र 57 साल के आसपास



थी। बहुत से इतिहासकार आज भी इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश करते रहते हैं कि आखिर खान अब्दुल खान के सख्त विरोध के बावजूद नेहरु भारत विभाजन के पक्ष में कैसे खड़े हो गए? इसका उत्तर नेहरु ने स्वयं ही परोक्ष रूप से दिया है। उनका कहना था कि यदि हम भारत विभाजन के लिए सहमत न होते तो बीस-पच्चीस साल तक और संघर्ष करना पड़ता, जेलों में जाना पड़ता, लेकिन हमारी उम्र इतनी हो गई थी कि इतने लम्बे काल तक संघर्ष करना सम्भव नहीं था। यानी तब तक नेहरु की उम्र लगभग 90 साल की हो जाती। देश बंटने से भी बच जाता और आजाद भी हो जाता, लेकिन 90 साल की उम्र में देश के प्रधानमंत्री नेहरु न हो पाते, कोई दूसरा कांग्रेसी होता, यह नेहरु को स्वीकार नहीं था। इसलिए उन्होंने सत्ता की खातिर देश विभाजन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। बाबा साहिब अंबेडकर कांग्रेस की या नेहरु की इस मंशा को शुरू में ही समझ गए थे, इसलिए उन्होंने दशकों पहले कह दिया था कि कांग्रेस देश की आजादी के लिए नहीं, बल्कि सत्ता के लिए लड़ रही है। लगता है इतिहास आज फिर अपने आपको दोहराता हुआ उसी मोड़ पर पहुंच गया है। 2004 के आम चुनाव में भाजपा की पराजय हुई और कांग्रेस ने डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सरकार बनाई। वे 2014 तक प्रधानमंत्री रहे। कहा जाता है, उनकी सरकार में सत्ता व नीति के सूत्र सोनिया माईनो गान्धी के पास रहते थे।

जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने, उस समय राहुल गान्धी की उम्र 32-33 साल के आसपास थी। तब इस राज परिवार को स्वयं ही लगा होगा कि इतनी कम उम्र में भारत जैसे विशाल देश का प्रधानमंत्री बनना राहुल गान्धी के लिए सम्भव नहीं होगा। इटली होता तो अलग बात थी। उसके बाद मौका 2009 में आया। उस समय राहुल भी 37 साल के हो गए, लेकिन यह उम्र भी कम ही थी। इसलिए मनमोहन सिंह को ही प्रधानमंत्री बनाए रखना श्रेयस्कर माना गया। उस समय मनमोहन सिंह ने कहा भी था कि फिलहाल राहुल गान्धी मंत्रीपद ले लें ताकि उन्हें प्रशासन का अनुभव भी हो जाए। लेकिन मंत्री बनना शायद इस परिवार को अपमानजनक लगा होगा। मनमोहन सिंह जी ने तो यहां तक भी कह दिया था कि जब मुझे कहा जाएगा, मैं राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री का पद छोड़ दूंगा। लेकिन मात्र 37 साल की उम्र आड़े आ रही थी। इस राज परिवार का दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि जब राज परिवार को लगा कि 2014 में राहुल गान्धी 44 साल के वयस्क हो जाएंगे और प्रधानमंत्री पद पर उनकी ताजपोशी कर दी जाएगी (उनके पिता 40 साल की उम्र में प्रधानमंत्री बने थे), तब भारत ने भाजपा को जिता ही नहीं दिया, कांग्रेस को 543 सीटों वाली लोकसभा में महज 44 सीटों पर पहुंचा दिया। लेकिन तभी से राज परिवार किसी भी तरह देश की सत्ता पर कब्जे के लिए व्यग्र हो गया।

वर्ष 2019 में राहुल गान्धी की उम्र पचास के आसपास पहुंच गई, लेकिन लोकसभा में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 44 से बढ़ कर पचास-पचपन से ज्यादा नहीं बढ़ पाई। वर्ष 2024 तक आते-आते राज परिवार की सत्ता प्राप्ति के लिए व्याकुलता इतनी बढ़ी की मुस्लिम लीग तक से समझौता कर लिया। केजरीवाल तक को नमन किया। राहुल गान्धी की उम्र पचपन को छू गई, लेकिन कांग्रेस सांसदों की संख्या सौ को नहीं छू पाई। इतिहास 1947 के मोड़ पर ही पहुंच गया है। उस वक्त पंडित जवाहर लाल नेहरु की उम्र 57 साल की थी और उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के लिए लार्ड माऊंटबेटन और श्रीमती माऊंटबेटन के मोहरे बन कर देश विभाजन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था। अब उन्हीं के वंशज राहुल गान्धी उम्र के उसी मोड़ पर पहुंच गए हैं। वर्ष 2029 को जब अगले लोकसभा चुनाव होंगे, तो उनकी उम्र साठ साल के आसपास हो जाएगी। राज परिवार में भूकम्प आ रहा है। कांग्रेस के राजकुमार राहुल गान्धी अमरीका जाकर सिखों को बता रहे हैं कि भारत में उनकी पगड़ी, कड़ा और गुरुद्वारा संकट में हैं। भारत को तोडने वाली तमाम देशी-विदेशी ताकतों ने राहुल के इस कथन को उदाहरण बना लिया है।

दृष्टि कोण

## नशे से दूरी के लिए फिटनेस है रामबाण

**किसी** भी सभ्यता या देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है। इसलिए सरकार स्कूलों व अभिभावकों को इस विषय पर सचेत हो जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। इसलिए विद्यालय स्तर पर माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक, दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। इस विषय पर इस कॉलम के माध्यम से पहले भी अनेकों बार अभिभावकों व विद्यालय प्रशासन को सचेत किया गया है कि अपने विद्यार्थी बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में अब तो सोच कर कुछ हल निकालो। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य था। इस सबके पीछे कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों की दूरगामी सोच थी। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। नब्बे का दशक चलते ही हिमाचल प्रदेश में खेलों के लिए तत्कालीन खेल मंत्री रामलाल ठाकुर ने शुरुआती दौर में अच्छा कार्य किया था। प्रेम कुमार धूमल ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय खेल ढांचा, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा प्रशिक्षकों की नियुक्ति करके खेलों को गति दी। जयराम सरकार में पहले गोविंद ठाकुर व बाद में राकेश पठानिया ने खेल मंत्री रहते हुए नयी खेल नीति दी जिसमें काफी आकर्षक नगद ईनाम रखे हैं। अब सुक्खू सरकार ने कुछ ईनामों में और सम्मानजनक बढ़ोतरी कर दी है। अच्छा होता राज्य में प्रशिक्षक भी भर्ती होते क्योंकि खिलाड़ी तो प्रशिक्षक ही बनाएगा, मगर सरकार तो ठेके पर मजदूर की दिहाड़ी पर अब प्रशिक्षक व अन्य कर्मचारी नियुक्त कर रही है। जब लाखों बच्चों के लिए फिटनेस कार्यक्रम बनेगा, तो उसमें से ही फिट नागरिक प्रदेश को मिलेंगे। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है।

कुछ अलग

## ये बैरिकेड क्यों टूटे

**पौंग** गोविंद सागर और कोल डैम में डूबे अब एक मस्जिद के सामने अपनी संवेदना, अपना उबाल प्रकट करने लगे हैं। अब मामला अतिक्रमण से ऊपर कानून के मजहब से और भी ऊपर जा पहुंचा है और जहां एक अवांछित कुरुक्षेत्र संजौली की छाती पर छेद कर गया। यह नजारा किसके मनमाफिक रहा और किसे डरा गया। क्या चोट खाए अमन के लिए पुलिस कर्मियों का घायल होना सबूत नहीं कि कहीं आपसी वैमनस्य के पेड़ हरे हो रहे हैं या कसूर उस बैरिकेड का जो जनाक्रोश की आंधी से टूट गया और हारा तो वहां वो मुसाफिर भी, जो ईंट और पत्थरों के बीच फंसे गारे में पल भर के लिए धंस गया। हमने इस बहाने कुछ बीज बो दिए। कल ये उगेंगे और इस तरह नफरत के बीज फैलेंगे इस धरती पर इससे जो पहले कभी लाल न थी। मसले के कारण अनेक हो सकते हैं, शंकाओं के बादल अनेक हो सकते हैं, लेकिन इस दौर तक हम कैसे पहुंचे, यह देखना होगा। इन अवैध मंजिलों के वारिस वे भी हैं, जो व्यवस्था में रह कर व्यवस्था को कुतर रहे हैं। ये सारी दीवारें मौजूदा सरकार में नहीं चढ़ीं और न ही इसके विरोध में खड़े सभी लोग केवल धार्मिक संगठन थे, लेकिन दरारों पर पांव रखकर हम ऐसे मुद्दों के प्रति न्याय नहीं कर सकते। मस्जिद की फाइल पूर्व की कई सरकारों की शिकायत कर रही है, लेकिन अब बुधवार के घटनाक्रम ने बता दिया कि कब और किस मंजिल पर बैरिकेड टूट सकते हैं। विरोध, व्यवस्था, कानून और समाज के बीच खड़ी मस्जिद न तो यहां धर्म की प्रतीक बन कर लड़ाई का सबब बन सकती और न ही यह धार्मिक युद्ध क्षेत्र होना चाहिए। दरअसल मस्जिद का अवैध, अवांछित और गैर जरूरी विस्तार आंखों में धूल झौंकता रहा है, लेकिन मजहब की लाल आंखें हमारी परंपराओं से परे हैं। विरोध में समूह भी है और समुदाय भी। समूह यह देख रहा है कि कौन धोखा-कौन फरेब कर रहा है और समुदाय यह देख रहा है कि संप्रदाय क्या कर सकता है या कर चुका है। इन दोनों ही परिस्थितियों के बीच सरकार की भूमिका अहम हो जाती है। जाहिर है सियासत के अपने पैमाने हैं और ये बार-बार हिमाचल को उद्वेलित कर रहे हैं। बाबरी मस्जिद विध्वंस में हिमाचल की शांता कुमार सरकार को भले ही कुर्बान होना पड़ा था, लेकिन यहां के हिंदू बहुसंख्यक समाज ने धर्म के आधार पर इस हुकूमत की वापसी नहीं होने दी थी। बहरहाल अब सियासत का परिदृश्य पहले जैसा नहीं रहा और न ही राष्ट्रीय उद्बोधन। देश में बहुसंख्यकवाद के अलख जिस माहौल को जागृत कर रहे हैं, वहां समुदायों के बीच संवाद की गुंजाइश कम होती जा रही है और इसकी गूंज सोशल मीडिया के हर दायरे में परवान चढ़ चुकी है। इसी परिप्रेक्ष्य में संजौली का सैलाब केवल एक दिन की घटना नहीं, बल्कि आने वाले घटनाक्रम को आहूत कर रहा है। कुछ धार्मिक पहचान के शूल आंखों में खटक रहे हैं, तो नए मुद्दों के समीकरण प्रदेश की व्यापारिक गतिविधियों में भी देखे जा रहे हैं। मस्जिद एक पूजास्थल से आगे बढ़ कर अगर किसी शक्ति को प्रमाणित कर रही है या हर मंजिल पर चढ़ता सरिया प्रायोजित हो रहा है, तो परिवेश की चिंताओं को सुलगाने में एक तीर ही काफी है। संजौली का हुजूम पारंगत तथा प्रतिज्ञा के साथ सरकार से चुनौती भरी शिकायत कर रहा है और इसलिए प्रदर्शन के दूसरे दिन बाजार बंद का आयोजन बता चुका है कि मामले को सीधा देखा जा रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार को इस बवाल से बाहर निकलने के लिए कानून की लाठियां लंबी करनी पड़ेंगी, लेकिन भाषा की मर्यादा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के दायरे और पुष्ट करने होंगे।

देश दुनीया से

## आंतरिक सुरक्षा के लिए सबक है मणिपुर संकट


> जम्मू-कश्मीर एवं भारत भर में सक्रिय उग्रवादियों, विद्रोहियों, नक्सलियों और अंदरूनी-बाहरी ताकतों को भी नया तरीका सुझाएगा। जहां इन ड्रोनों का इस्तेमाल ज्यादातर हमास और हिजबुल्लाह जैसे अत्यधिक संगठित उग्रवादी समूहों द्वारा इस्राइल के खिलाफ किया जाता है वहीं इस्राइल, रूस और यूक्रेन जैसे देशों की सेना भी युद्धों में करती आई हैं। लेकिन अब अपराधियों के हाथों में, ये घातक हथियार का रूप धर सकते हैं। मणिपुर सरकार, सुरक्षा बल और केंद्रीय सरकार, यह सभी, हिंसा की अप्रत्याशित ताजा लहर से घिरे पाए गए हैं। या तो खुफिया एजेंसियां इस इजाफे का अनुमान लगाने में विफल रहीं या फिर प्रतिक्रिया यथेष्ट नहीं रही, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।


**मणिपुर** में मैतेयियों पर हमला करने के लिए कुकी विद्रोहियों द्वारा रॉकेट और बम ले जाने में सक्षम ड्रोनों का इस्तेमाल किया जाना, सूबे की अशांति में एक नया खतरनाक आयाम दर्शाता है। इनका इस्तेमाल न केवल मैतेयी बल्कि पूर्वोत्तर के अन्य उग्रवादी संगठनों के अलावा जम्मू-कश्मीर एवं भारत भर में सक्रिय उग्रवादियों, विद्रोहियों, नक्सलियों और अंदरूनी-बाहरी ताकतों को भी नया तरीका सुझाएगा। जहां इन ड्रोनों का इस्तेमाल ज्यादातर हमास और हिजबुल्लाह जैसे अत्यधिक संगठित उग्रवादी समूहों द्वारा इस्राइल के खिलाफ किया जाता है वहीं इस्राइल, रूस और यूक्रेन जैसे देशों की सेना भी युद्धों में करती आई हैं। लेकिन अब अपराधियों के हाथों में, ये घातक हथियार का रूप धर सकते हैं। मणिपुर सरकार, सुरक्षा बल और केंद्रीय सरकार, यह सभी, हिंसा की अप्रत्याशित ताजा लहर से घिरे पाए गए हैं। या तो खुफिया एजेंसियां इस इजाफे का अनुमान लगाने में विफल रहीं या फिर प्रतिक्रिया यथेष्ट नहीं रही, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि, केंद्र सरकार के पास इस खतरे का मुकाबला करने के लिए तमाम संसाधन हैं। सेना, असम राइफल्स और भारतीय वायु सेना को तुरंत एकीकृत अभियान से इस नए खतरे पर लगाम लगानी चाहिए। उम्मीद है कि वे जल्द ही ऐसा करेंगे भी। लेकिन मणिपुर पुलिस को प्रशिक्षित करना और सुसज्जित करना एक चुनौती होगी, क्योंकि यह पूरी तरह से अलग खेल है। राज्य पुलिस की विगत कारगुजारी का लेखा-जोखा खराब रहने के कारण उसे पुनर्गठित करना होगा। आंतरिक और बाहरी, दोनों तरह की खुफिया एजेंसियों को भी अपने काम में काफी चुस्ती लानी होगी। कुकी उग्रवादी हाल के हमलों को अंजाम देने में इसलिए सक्षम हुए हैं क्योंकि उन्हें नशा माफिया से भारी मदद मिलती है, जो पिछले साल से मणिपुर में चल रही उथल-पुथल के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। चूड़ाचांदपुर और आसपास के इलाकों में अफीम की खेती में उछाल आया है जो कि मुख्य रूप से कुकी करते हैं- क्योंकि म्यांमार में सेना द्वारा बढ़ाए दबाव के कारण उनके रिश्तेदारों की मणिपुर में आमद हुई है। मणिपुर तस्करी के लिए कुख्यात 'गोल्डन ट्राइंगल' के छोर पर स्थित है और इस कारोबार का रास्ता भारत एवं अन्य देशों के लिए यहीं से होकर गुजरता है। इसलिए, नशा माफिया मणिपुर पर संपूर्ण नियंत्रण चाहता है। कुकियों की गतिविधियों की वित्तीय सहायता करने को उनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। पिछले वर्ष मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया वह आदेश, जिसमें राज्य सरकार से मैतेयियों के लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने पर विचार करने और आगे यह सिफारिश केंद्र सरकार को पहुंचाने के लिए कहा गया था, इसका उपयोग जान-बूझकर अर्थ गलत पेश करके कुकी-मैतेयी के बीच संघर्ष की चिंगारी भड़काने में किया गया। कुकी अब न केवल एक अलग राज्य चाहते हैं, बल्कि एक अलग देश, 'कुकीलैंड' चाहते हैं, इसमें वे संपूर्ण पूर्वोत्तर और बांग्लादेश का कुछ इलाका बताते हैं। दूसरी ओर, नागा लोग भी अपने लिए अलग राष्ट्र के रूप 'ग्रेटर नागालैंड' बनाना चाहते हैं, जिसमें मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश और म्यांमार के कुछ हिस्से दर्शाते हैं। फिर, असम का 'उल्फा' (यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम) भी यही कुछ चाहता है। चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान अपने हितों की पूर्ति हेतु इन टकरावों को हवा दे रहे हैं। चीन पहले ही अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता रहा है। गौरतलब है कि 1962 में चीन ने भारत पर दो तरफ से हमला किया था—एक था, नॉर्थईस्ट फ्रंटियर एजेंसी इलाके में (जिसमें फिलहाल अरुणाचल प्रदेश और असम के कुछ हिस्से हैं) और दूसरा मोर्चा लद्दाख क्षेत्र के आसपास खोला था। जिस वक्त पाकिस्तान वजूद में आ रहा था, तब भी कुछ मुस्लिम नेताओं की मांग थी कि पूर्वोत्तर पूर्वी पाकिस्तान में शामिल किया जाए। उनके मुताबिक असम इस नए देश का 'नैसर्गिक विस्तार' है। यह विचार अभी भी बांग्लादेश में कहीं न कहीं जिंदा है। निस्संदेह, पूर्वोत्तर भारत की नाजुक रग है। कई शक्तिशाली देशों की भारत को कमज़ोर करने में दिलचस्पी है। केंद्र सरकार द्वारा सालों तक पूर्वोत्तर, विशेषकर मणिपुर, की उपेक्षा करना एक तथ्य है। पिछले साल शुरू हुए संघर्ष को ढंग से नियंत्रित करने में विफलता ने दुश्मनी निभाने वाली शक्तियों को उत्साहित किया है। इसलिए ये तत्व अब पूर्वोत्तर के अलावा संपूर्ण भारत को अस्थिर करने के लिए एकजुट होने लगे हैं। मणिपुर में बिगड़ते हालात- जिसने न केवल राज्य के निवासियों बल्कि पूरे देश के लोगों को परेशान कर रखा है, चिंता का विषय है। अन्य देश अवश्य ही भारत के घटनाक्रम पर नज़र रखे हुए होंगे। वे इंतजार में होंगे कि देखें भारत इससे कैसे निपटता है।

आप का नजरीया

## कहां है पगड़ी पर पाबंदी?

**राहुल** गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष का प्रथम चेहरा...। हम पहले भी लिख चुके हैं कि ऐसे राजनेता को 'छाया प्रधानमंत्री' माना जाता है, क्योंकि प्रधानमंत्री के बाद उसे ही सर्वाधिक समर्थन और बहुमत हासिल होता है। लिहाजा हम बार-बार उनके कथनों, गलत तथ्यों और भारत-विरोध के मद्देनजर सवाल नहीं उठाना चाहते। प्रधानमंत्री मोदी ने भी जब विदेशी जमीं पर या संसद के भीतर अथवा चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणियां की हैं, तो मीडिया में उनकी पर्याप्त आलोचना की गई है, लेकिन यह नहीं हो सकता अथवा यह कुतर्क है कि प्रधानमंत्री ने विदेश में भारत का अपमान किया है, तो नेता प्रतिपक्ष भी देश की प्रतिष्ठा पर कालिख पोतने की कोशिश करेंगे। यह राहुल गांधी की राजनीति है अथवा वह वाकई भारत को बेइज्जत करने पर आमादा रहते हैं, लेकिन यह तय है कि वह अक्सर गलत, भ्रामक तथ्य पेश करते रहे हैं। ताजा संदर्भ सिखों का है। अमरीका प्रवास के दौरान उन्होंने मंच से एक सिख नौजवान का नाम पूछा और फिर आशंका जताई कि सिख भारत में पगड़ी और कड़ा पहन पाएंगे या नहीं! वे गुरुद्वारे में प्रवेश पा सकेंगे या नहीं! दरअसल राहुल की यह सवालिया आशंका ही निर्मूल है, क्योंकि भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। कहीं भी पगड़ी, कड़े पर पाबंदी नहीं है। राहुल ने दावा किया कि वह यह लड़ाई लड़ रहे हैं। सवाल है कि किसके खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि ऐसे हालात ही नहीं हैं। भारत में प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के आतंकी नेता पन्नू ने राहुल गांधी के इस बयान को 'बोल्ड' करार दिया और उनका समर्थन भी किया। पन्नू अमरीका और कनाडा में सक्रिय है। यदि वह भारत आता है, तो फांसी तक की सजा दी सकती है, उसके खिलाफ इतने और ऐसे केस दर्ज हैं। यहां भी सवाल है कि क्या राहुल भारत में 'खालिस्तान' बनाने की मांग की पुष्टि करते हैं? क्या ऐसी ताकतों के समर्थन में ही वह जहर उगलते रहे हैं? देश का कैसा दुर्भाग्य है कि ऐसा नेता प्रतिपक्ष मिला है, जो 'खालिस्तानी खाडक़ुओं' के साथ खड़ा है और उनकी ही पैरोकारी करता है? शायद राहुल गांधी 1984 का वह दौर भूल गए हैं, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री एवं उनकी आदरणीय दादी इंदिरा गांधी की हत्या, प्रधानमंत्री आवास में ही, कर दी गई थी। प्रतिक्रिया में देश में सिख-विरोधी दंगे भडक़ाए गए थे। वास्तव में वे नरसंहार ही थे, जिनमें करीब 3000 सिखों की हत्या कर दी गई थी। कांग्रेस के तत्कालीन नेता सज्जन कुमार बीते कई सालों से जेल में हैं और पूर्व मंत्री जगदीश टायटलर पर केस चलेगा। गांधी परिवार ने आज तक सिखों से सार्वजनिक माफी तक नहीं मांगी। उस दौर के कुछ अपवाद हमने अपनी आंखों से देखे हैं, जब सिखों के एक वर्ग को अपने केश कटवाने पड़े थे, लिहाजा पगड़ी भी नहीं पहनी गई थी। सिखों के केश पकड़ कर भीड़ उन्हें ऐसे झुलाती थी मानो किसी खिलौने से खेल रहे हों! सिखों ने ऐसी शारीरिक और मानसिक यंत्रणाएं झेली हैं कांग्रेस शासन के दौरान! इसके बावजूद सिख भारत के साथ एकजुट खड़े रहे, मुख्यधारा में रहे और यहां तक कि कांग्रेस को भी समर्थन दिया।

झारखंड का प्रसिद्ध पर्व करमा पूजन हुआ संपन्न

# गाजे बाजे के साथकुमारी कन्याओं ने करम डाली को नदी में किया विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत झारखंड का प्रसिद्ध पर्व करमा एकादशी पर्व का त्योहार रविवार को संपन्न हो गया। यह त्यौहार बहनें अपने भाइयों के लिए पूजा अर्चना करती हैं। जो शनिवार संध्या में पूजा अर्चना किया गया। और रविवार सुबह नदी में करम डाली विसर्जित किया गया।करमा एकादशी व्रत खास कर कुंवारी कन्याएं में विशेष उत्साह देखा जाता है। इस व्रत को लेकर तीज पूजा विसर्जन के संध्या से ही व्रत करने वाली कन्याएं एवं महिलाएं इसकी तैयारी में जुट जाती हैं। और गांव की चौराहों पर प्रत्येक दिन संध्या में अखाड़ा में झूमर का आयोजन करती हैं। वैसे कर्मा एकादशी बिहार और झारखंड का महत्वपूर्ण पर्व है। इसे प्रकृति का महापर्व भी कहते हैं। तथा एकादशी व्रत भी किया जाता है। करमा को लेकर कई लोक श्रुतियां और लोक कथाएं भी प्रचलित हैं। कर्मा एकादशी व्रत बहनें अपने भाई की लंबी आयु के लिए करती हैं। यह व्रत भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को किया जाता है। वैसे तो इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है। दिनभर उपवास रखकर संध्या बेला में विष्णु भगवान की पूजा-अर्चना कर कर्मा-धर्मा की कथा सुनी जाती है। झारखंड में इस दिन करम नामक वृक्ष की पूजा की जाती है। करम के वृक्ष की पूजा कर बहनें यह कामना करती हैं कि उनके भाई की आयु भी करम के वृक्ष की आयु की तरह अधिक हो और उनके परिवार के सभी सदस्य खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करें। भाई की लंबी आयु के लिए किया जाने वाला करमा के इस दिन को लोग नई शुरुआत के रूप में भी शुभ मानते हैं। इस दिन महिलायें और लड़कियां 9 तरह के अनाज को एक कटोरी में संग्रहित करके अपने इलाके में सम्मिलित रूप से पूरे विधि-विधान के साथ इस पूजा को सम्पन्न किया गया हैं। पूजा करने के बाद सभी लोग एक साथ मिलकर प्रसाद में चना गुड वितरण किया गया। तथा गाजे बाजे के साथ करम डाली का विसर्जन किया गया।

## भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक की शुरुवात श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई को माल्यार्पण कर विधिवत शुरुआत हुआ। किसान मोर्चा ज़िला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष संजय सुमन की अध्यक्षता में हुई।बैठक में मुख्य रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पलामू प्रभारी अशोक शर्मा, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजय भारती, चतरा जिला प्रभारी तुनु गोप, प्रदेश प्रवक्ता भूपेन्द्र मिश्रा, प्रमंडल प्रभारी सुभम सिंह,जिला प्रभारी जुगनू सिंह किसान मोर्चा महामंत्री शशिकान्त तिवारी एवं रविश चन्द्रा मौके पर उपस्थित थे। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए कृषि में ऋषि को अपनाते हुए कार्यकर्तो को किसानों के बीच जाना होगा क्योंकि बिना किसानी के देश आर्थिक और सामरिक दृष्टि से मजबूत नही होगा। वही किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 21 सितंबर को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आगमन माता भद्रकाली की पावन धरती पर होना है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को ले जाकर उनके संबोधन को सुनना है।

## मूसलाधार बारिश से कई मिट्टी का घर हुआ ध्वस्त प्रशासन से मरम्मती की मांग



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ में 2 दिन से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से कई मिट्टी का घर ध्वस्त हो गया है।तेज बारिश से प्रखंड़ के सलगा गांव में चांदो यादव का मिटी का घर ध्वस्त हो गया है। जबकि रुपिन गांव निवासी ब्रह्मदेव यादव का मिट्टी घर भी बारिश से ध्वस्त हो गया है। जिसे लेकर दोनों पीड़ित परिवारों ने प्रखंड प्रशासन से व जिला प्रशासन से मरम्मती कराने की मांग किया है। बताया गया की घर ध्वस्त होने से पीड़ित परिवारों को रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से घर ध्वस्त होने की सूचना स्थानीय मुखिया निर्मला देवी, सुमीरा कुमारी को लव को द्वारा बताया गया है। सुचाना मिलते ही मुखिया उक्त स्थल पर पहुंच पीड़ित परिवार को प्रखंड प्रशासन से मरम्मती दिलाने की आश्वासन दीया है।

## ईद मिलादुल नबी त्योहार मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईद मिलादुल नबी यानी (12 रबी अल अव्वल) मनाने को लेकर सिमरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केशरी ने किया वहीं संचालन प्रभार प्रभारी सुनील कुमार ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया की ईद मिलादुल नबी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जुलूस में डीजे साउंड नहीं बजाया जाएगा। यदि कोई भी डीजे साउंड बजाएगा तो माननीय उच्च न्यालय के आदेशानुसार कारवाई किया जाएगा। यह डीजे पर प्रतिबंध सभी त्योहारों पर माननीय न्यालय के आदेशानुसार किया गया है। जुलूस में डाड़ी, बकचोमा, फतहा, सबानो, बन्हे, लिपदा, बेलगड़ा खपिया आदि गांव शामिल होंगे। मौके पर एसआई सतीश कुमार, मो फारूक, मो ऐनुल हक, मो तैयब, मो कासिम के अलावे अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

## प्रतापपुर में आदिम जनजाति महिला का पहाड़ पर हुआ प्रसव, सैकड़ो लोग हुए जमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड के बभने पंचायत अंतर्गत विरमतकुम के एक आदिम जनजाति महिला के प्रसव पहाड़ पर हुआ है, इस घटना के बाद सैकड़ो लोग घटना स्थल पर जमा हो गए, महिला का पहले प्रसव पीड़ा हुई तो परिजनों ने ममता वाहन से प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए,जहां चिकित्सकों ने उसे चतरा सदर अस्पताल रेफर किया, चतरा जाने के बाद उसे हजारीबाग रेफर कर दिया, लेकिन महिला हजारीबाग न जाकर प्रतापपुर वापस आ गई, इस दौरान घर आने के क्रम में सोनबरसा गांव में उसे अधिक प्रसव पीड़ा होने लगी, जिसे महिला पहाड़ की ओर भाग गई, जहां उसका प्रसव हुआ, प्रसव के बाद मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। प्रतापपुर अस्पताल को सूचना मिलने पर ममता वाहन भेजा गया. लेकिन महिला के परिजनों ने अस्पताल ले जाने से इनकार कर दिए। इस घटना से स्पष्ट होता है कि जागरूकता के कमी और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की कमी के कारण आदिम जनजाति समुदाय में ऐसी घटनाएं हो रही है। आवश्यकता है कि स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन आदिम जनजाति समुदाय में स्वास्थ्य जागरुकता और सेवाओं का बढ़ावा दे. ताकि ऐसा घटनाएं नहीं हो सके।

## परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा युवा मंडल का बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** रविवार को मां दक्षिणेश्वरी लेम्बोइया मंदिर प्रांगण में भाजपा युवा मोर्चा का बैठक हुआ बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन उपस्थित रहे बैठक का अध्यक्षता भाजपा जिला युवा मोर्चा मंत्री मनीष सिंह ने किया संचालक सतीश सिंह ने किये बैठक में परिवर्तन संकल्प यात्रा के तहत दिनांक 21 सितम्बर को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सभा को सफल बनाने के लिए बैठक किया गया साथ ही साथ 25 सितम्बर को गिद्धौर में आयोजित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन में पदयात्रा और और कान्हाचट्टी में कार्यकर्ताओं के साथ युवा संवाद को सफल बनाने को लेकर जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को कई निर्देश दिए एवं अधिक से अधिक संख्या में सामील होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं इस प्रकार प्रखंड क्षेत्र के पांचों पंचायतो में प्रभारी को नियुक्त किया गया जिसमें नवाडीह पंचायत प्रभारी विष्णु कुमार को बनाया गया बरवाडीह पंचायत प्रभारी बब्लू प्रजापति को बनाया गया सिंघानी पंचायत प्रभारी दीपक राज एवं राजेश कुमार दांगी को बनाया गया सतीश कुमार सिंह एवं उपेंद्र कुमार दांगी को नोनगांव पंचायत प्रभारी बनाया गया मेराल प्रभारी पंचायत उपेंद्र दास एवं सिकंदर दास को बनाया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दीपक राज को प्रखंड संयोजक और सहसंयोजक सुधीर ठाकुर, सतीश कुमार सिंह एवं विष्णु कुमार को बनाया गया मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मंत्री जितेंद्र पांडे गुड्डू सिंह जिला मंत्री वासुदेव दांगी जिला किसान मोर्चा व सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी प्रखंड अध्यक्ष सतीश कुमार प्रखंड महामंत्री तिलेश्वर राणा बृजेश सिंह दिनेश्वर दांगी चंद्रदेव दांगी अमन कुमार वर्मा, जिगर कुमार, राजेश रजक, आदित्य राणा, कृष्णा दांगी, राहुल कुमार, पवन कुमार, अखिलेश प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, प्रकाश भुइयां, धीरज कुमार, धर्मेंद्र शाह नीतीश कुमार प्रजापति, चंदन कुमार राम, नीरज शर्मा, भोला ठाकुर, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे

## पोक्सो एक्ट के आरोपी संजय पांडेय के घर में सिमरिया पुलिस ने ढोल बजा चिपकाया इस्तेहार



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के टूटीलावा गांव में 376 एवं पोक्सो एक्ट के आरोपी संजय पांडेय पिता शिवकुमार पांडेय के घर में सिमरिया पुलिस सतीश कुमार सोनी ने ढोल बजा माननीय न्यालय द्वारा जारी नोटिस को चिपकाया है। नोटिस चिपकाने के दौरान संजय पांडेय के पत्नी को चेताया गया है की 7 अक्तूबर तक स शरीर न्यालय में हाजिर नहीं होता है तो न्यालय के आदेशानुसार पुनः सिमरिया पुलिस घर में कुर्की जब्ती कर घर को सील कर दिया जाएगा। आपको बता दें की आरोपी संजय पांडेय ने एक नाबालिक बच्ची से फरवरी 2024 में बलात्कार किया था। जिसे लेकर भुक्तभोगी के माता ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होते हीं आरोपी संजय पांडेय घर से फरार हो गया था। मामला दर्ज होने से अब तक बलात्कार के आरोपी संजय पांडे फरार चल रहा है। जिसे लेकर न्यालय ने पूर्व में भी सशरीर न्यालय में आत्म समर्पण करने तथा नही होने पर कुर्की जब्ती का आदेश निकाला गया था। किंतु न्यालय में आत्म समर्पण नहीं किए जाने को लेकर न्यालय द्वारा पुनः कुर्की जब्ती निकाला गया है। हलाकी न्यालय द्वारा जारी आत्म समर्पण नोटिस को तीन जगहों पर चिपकाया गया है। जिसमें आरोपी संजय पांडेय के घर में, वहीं टूटीलावा बैंक ऑफ इंडिया के बाहर के अलावे संजय पांडेय के होटल में ढोल बजा एवं ग्रामीणों को इकट्ठा कर चिपकाया गया है।


## विद्यालय रसोईया संघ कमेटी की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ प्रखंड कमेटी की बैठक का आयोजन पुराने ब्लॉक परिसर में प्रखण्ड सचिव रीना देवी के अध्यक्षता मे किया गया। इस बैठक मे रसोईया संघ से जुड़े प्रखण्ड के पदाधिकारी सहित अन्य रसोईया कर्मी शामिल हुए बैठक मे रसोईया कर्मी के वेतन सहित अन्य मांगो को लेकर अगामी 20 सितंबर को रांची मोरहाबादी मैदान मे राज्य स्तरीय होने वाला महाधरना के तैयारी को लेकर किया गया ।रसोइया संघ के रीना देवी ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी मिलना नामुनकिन है संघर्ष के बल पर ही 10 माह की जगह 12 माह का वेतन देने की मंजूरी सरकार दी है। वहीं बकाये वेतन सहित समय पर वेतन मिले पेंशन योजना लागु हो मातृत्व अवकाश सहित अन्य मांगो को सरकार तत्काल पूरा करें इन्ही मांगो को लेकर पुरे झारखण्ड से हजारों हजार रसोईया रांची मोराबादी मैदान मे महाधरना के लिए एक जुट हो रहें है। उन्होंने अपील किया है कि प्रखण्ड से सैकड़ो की संख्या मे महा धरना को सफल करने के लिए 19 सितंबर को ही हमसबो को रात्रि इंटरसिटी एक्सप्रेस से चलना है।

## हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, भाई बहन के प्रेम का प्रतीक करमा पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी नौ पंचायतों के सभी गांव टोलो में आदिवासी मूलवासी के संस्कृति व प्रकृति प्रेम से जुड़ा पर्व, भाई बहन के स्नेह व प्रेम का प्रतीक करमा पुजा हर्षोल्लास व धुमधाम के साथ मनाया गया। इसके लिए सुबह से ही महिला, युवतिओं व बच्चों ने निर्जला व्रत रखा।रीति रिवाजों के साथ करम डाली को धार्मिक स्थल अखरा में लगाया (गाडा) गया,व पारंपरिक ढंग से पुजा की गई। इस अवसर पर महिला पुरुष युवक युवतिओं ने पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य कर करम देवता से भाई बहन का प्रेम व सुख समृद्धि की आशीर्वाद मांगा। दुसरे दिन पुन~ पारंपरिक रीति-रिवाजों से पुजा कर करम डाली को हर्षोल्लास व धुमधाम के साथ नदियों व जलाशयों मे विसर्जन किया गया। साथ ही प्रसाद स्वरुप जावा को बांटा गया, जिसे परंपरानुसार लोगों ने अपने कानों में लगाया गया। विसर्जन के दौरान प्रशासन के निर्देशों का पालन किया गया। वहीं दूसरी ओर प्रशासन भी सजग रही। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी राजा दिलावर व बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, क्षेत्र के हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखे रहे। शांति पूर्ण तरीके से करमा पुजा संपन्न करने पर क्षेत्र वासियों का अभार जताया व सबके लिए शुभकामनाएं दी।

## भाजपा नेता इश्वरी सिंह के प्रयास से लगा केचकी में ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत केचकी के बूथ संख्या एक में कई महीनों से ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से क्षेत्र के ग्रामीण व उपभोक्ता रात के अंधेरे मे रहने को मजबूर और बिजली विभाग की लापरवाही से नाखुश थे ऐसे में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि इश्वरी सिंह के प्रयास से सौ केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।इस संबंध में उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत पूर्व में विभाग से किया गया था पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया उसके बाद उपभोक्ताओं के कहने पर क्षेत्र के सम्मानित सांसद कालीचरण सिंह से दूरभाष पर जानकारी दी गई तत्पश्चात सांसद के निदेश पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया जिससे उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल है। मौके पर उदय सिंह शंकर दयाल सिंह, अभय सिंह, होरिल सिंह, हरेराम सिंह, हरवंश सिंह, सिंटू दयाल सिंह अनुपम सिंह, निरुपम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात चोरों ने दो अलग अलग घरों मे चोरी की घटना को दिया अंजाम, जेवर नगद लेकर हुवे चंपत



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर स्थित अम्बाकोठी मुहल्ले में शनिवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने सहायक अध्यापक रेशमी कुमारी के घर घुस कर आलमीरा,बक्सा का ताला तोड़ा और उसमें रखे जेवर और नगद ले कर चंपत हो गये। चोर इसी मुहल्ले में विजय त्रिपाठी के घर में भी घुस कर चोरी की। हालांकि सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची।और भारी बारिश में भी आसपास के क्षेत्रों का मुआयना किया।रविवार की सुबह भी थाना प्रभारी उक्त घर और आसपास क्षेत्रों मे पहुंच पड़ताल किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा केवल नगद और जेवर की चोरी की जाती है।जिस वक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। उस वक्त घर में कोई नही था।

# बालूमाथ में करमा पर्व हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड में करमा पर्व पूरे हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।शनिवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कसयाडीह, जोगियाडीह, तसतबार, बड़का बालूमाथ, गोविंदनगर, चेताग, चट्टीटोला, मसियातु,सेरेगड़ा समेत कई गांव टोलों मुहल्ले में करम की डाली को गाड़कर पूजा अर्चना की। इस दौरान बहनों ने अपने भाइयों की लंबी आयु को लेकर निर्जला व्रत रखते हुए कर्म धर्म से कई मनोकामना के लिए आशीर्वाद मांगा। इधर शनिवार की पूरे रात भारी वारिश होने के बावजूद भी करमा पर्व पर कई आखरा में जमकर सांस्कृतिक नृत्य करते नजर आए। इस दौरान महिलाओं ने लोकगीत गाकर डोल नगाड़ा व मांदर की थाप पर जमकर नृत्य किया। वहीं कई अखाड़ा में डीजे के साउंड पर जमकर थिरकते नजर आए।कई अखाड़ा के सदस्यों ने रविवार होने के कारण करमा की डाली को विसर्जन सोमवार को करने का निर्णय लिया है। वहीं कई अखाड़ा के लोग रविवार को ही विसर्जन कर दिया है। इस दौरान बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय समेत पुलिस प्रशासन के कई लोग करमा डाली के विसर्जन के दौरान चौकस नजर आए। वहीं लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विसर्जन के दौरान अभिभावक मौजूद रहे। एवं बच्चों को गहरा पानी में जाने से रोके। इस मौके पर लोगों ने नए-नए कपड़े पहनकर घर में पूवा पकवान बनाकर खुशियां मनाई।

# विधायक ने गारु के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, समाधान का दिया आश्वासन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को महुआडांड़ प्रखंड से लौटते समय गारू प्रखंड का दौरा किया और स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गारू क्षेत्र की समस्याओं को न केवल सुना बल्कि उनका समाधान करने का आश्वासन भी दिया। धाँगरटोला में पूर्व मुखिया शिव शंकर सिंह ने विधायक के समक्ष अपनी चिंताओं को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गारू प्रखंड के सुरकुमी गांव समेत कई गांवों में पॉल तार तो लगा दिए गए हैं, लेकिन बिजली आपूर्ति अभी भी शुरू नहीं की गई है।इस पर विधायक रामचंद्र सिंह ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इन गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी, जिससे गारू प्रखंड वासियो समेत पुरे प्रखंड को सुविधाएं मिल सकें। पूर्व मुखिया ने सुरकुमी गांव से हेसवा तक की पक्की सड़क की स्थिति पर भी सवाल उठाया और इसे दुरुस्त करने की मांग की। विधायक ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है, हालांकि वन भूमि के कारण कुछ जगहों पर काम में देरी हो रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा होगा, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा प्राप्त हो सके। इस क्रम में सूर्यदेव प्रसाद, पवन कुमार, अखिलेश यादव, रामलाल भुइया और दिलेशर यादव समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## 15 सितंबर को होने वाला कार्यक्रम अगले 24 सितंबर को होगी : मुखिया राधा देवी



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देश पर स्थानीय स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के द्वारा सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत में आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया।प्रचार के जरिए लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गयी।बता दें कि इस पंचायत में 15 सितंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार व आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था। लेकिन अब यह कार्यक्रम 24 सितंबर को कर दिया गया है।मुखिया राधा देवी ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि इस शिविर में प्रखंड के अधिकारी भाग लेंगे,आप उनके समक्ष अपनी समस्या को रख सकते हैं। आपकी समस्या का समाधान शिविर में होगा।मौके पर स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहने साथ ही राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे जानकारी दी एवं लाभ लेने की अपील की।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड दौरे पर हजारीबाग वासियों को दिया बड़ी सौगात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड दौरे के दौरान हजारीबाग वासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात दी। उन्होंने हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन में रेलवे के कोच की मरम्मत और रखरखाव के लिए कोचिंग कॉम्प्लेक्स का ऑनलाइन शिलान्यास किया। यह कांप्लेक्स बनने के बाद यहाँ से लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन की संभावना बढ़ जाएगी, जिससे क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा।इस अवसर पर टाउन रेलवे स्टेशन मे आयोजित कार्यक्रम में हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, और भाजपा नेता बटेश्वर मेहता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मौके पर हज़ारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, ÷आपको किया वादा जल्द होगा पूरा। हर स्तर और माध्यम से प्रयास लगातार जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्षों से लटकी हुई रेल संबंधित योजनाएँ अब तेजी से आगे बढ़ रही हैं, और जनता की मांग को एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। सांसद ने हज़ारीबागवासियों की ओर से




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का सहृदय आभार व्यक्त किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, हजारीबाग के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। वर्षों से लम्बित हजारीबाग कोचिंग कॉम्प्लेक्स की मांग अब पूरी हो गई है। नरेंद्र मोदी ने इसका शिलान्यास कर एक नया अध्याय शुरू किया है। यह परिसर न केवल हजारीबाग, बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर 660 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिसमें देवघर जिले में मधुपुर बाई पास लाइन और हज़ारीबाग जिले में हज़ारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला शामिल है। यह परियोजनाएँ क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं को प्रमुखता से बढ़ाने का काम करेंगी और यात्रियों की सुविधा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा नेता आनंद देव, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, दिनेश सिंह राठौर, विवेक बरियार, रानी शुक्ला, रोहित पांडे, रोहित कुमार, अजीत कुमार, रंजीत कुमार, मनीष कुमार, नवीन पांडे, राहुल गुप्ता, मनोज पांडे, आशीष सिंह, और अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए।समारोह में प्रधानमंत्री ने जनता से संवाद किया और उनकी उम्मीदों और पहलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएँ न केवल क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगी। इस प्रकार, यह कार्यक्रम हजारीबाग के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### झारखण्ड की संस्कृति और पहचान है करमा पूजा : अंबा प्रसाद

## बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंची विधायक अंबा प्रसाद, करम पर्व की दी शुभकामनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मांदर की थाप और करम गीत के साथ पूरे बड़कागांव क्षेत्र में धूमधाम से प्राकृतिक पर्व करमा पुजा मनाया गया। स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने भी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों के करम अखाड़ा पहुंचकर पूजा अर्चना कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक ने महिलाओं के साथ पारंपरिक नृत्य भी किया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि करमा पूजा झारखण्ड की संस्कृति की पहचान है। इस त्योहार में प्रकृति की पूजा कर अपनी विरासत को जीवित रखते है। करमा को लेकर कई लोक प्रस्तुतियां और कई लोक कथाएं भी प्रचलित हैं। महिलाए व युवतियां 24 घंटे का



उपवास करती है। इस दौरान महिलाएं कर्म डाल की पूजा करती है। जिनके माध्यम से यह पता चलता है कि करमा का व्रत कुवारी लड़कियां अपने भाई की लंबी आयु के लिए करती हैं। यह व्रत भादो माह की एकादशी को किया जाता है और इसमें करम के वृक्ष की पूजा की जाती है। करम के वृक्ष की पूजा कर लड़कियां यह कामना करती हैं। उनके भाई की आयु भी करम के वृक्ष की आयु की तरह अधिक हो और उनके परिवार के सभी सदस्य खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करें। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने उरीमारी, महुंगाई कला, महुंगाई खुर्द, पिपराडीह, बिश्रामपुर, सांढ़, चंदौल, बचबरिया, चंदौल रविदास मोहल्ला, चंदौल रजवार मोहल्ला, पुंदौल, सोती समेत विभिन्न गांव टोला पहुंची व प्रकृति पर्व करम की शुभकामनाएं दी।

## भारी बारिश एवं तेज हवा के झोको से बकसपुरा में गिरा दो बिजली का पोल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत शनिवार रात्रि को तेज हवा एवं बारिश की वजह से बकसपुरा पंचायत के करहेनीखेत टोला में दो बिजली के पोल गिर गए जिसकी वजह से विधुत आपूर्ति बाधित रही। बिजली पोल के गिरने से करम पूजा में विघ्न हुआ जिससे करम पूजा कर रही महिलाओं तथा बालिकाओं में मायुसी देखी गई। ग्रामीणों ने विधुत विभाग से अपील की है,कि अतिशीघ्र बिजली की व्यवस्था को दुरूस्त कर पुनः सुचारू रूप से विधुत आपूर्ति की जाय।

## करमा पर्व के अवसर पर सोनपुरा गांव में समाज के द्वारा पौधा का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बीते कई वर्षो से गांव में परंपरा को कायम रखते हुए ग्राम सोनपुरा पंचवाहिनी मोहल्ला टोला अध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं एसडीओ अमन कुमार के नेतृत्व में करमा पूजा के अवसर पर समाज के भाइयों के द्वारा दर्जनों बहनों को उपहार स्वरूप पौधा दिया गया, और पर्यावरण को संरक्षण का संदेश दिया। पौधे का देखभाल अभिभावकों के द्वारा किया जाएगा। गांव के प्रबुद्ध लोगों का मानना है कि करमा पूजा में भारी मात्रा में करम की डाली काटी जाती है। पर्यावरण के संरक्षण को लेकर इसकी भरपाई करना अति आवश्यक है ताकि पर्यावरण संरक्षित रह सके। मौके पर उपस्थित लोगो में सुरेंद्र प्रसाद, भोला प्रसाद दांगी, वासुदेव महतो, राजनाथ कुमार, कृष्ण कुमार, प्रकाश महतो, खुश नारायण प्रसाद, मोहित कुमार, गणेश कुमार, विजय कुमार, रंजीत कुमार, ममता कुमारी, प्रमिला देवी, सरिता देवी, दुलारी देवी, यशोदा देवी, अनिता कुमारी, शकुंतला कुमारी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में धूम धाम से करमा पूजा संपन्न, करम गोसाई का लोगों ने किया विसर्जन







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में प्रकृति का सबसे अहम पर्व करमा पर्व काफी धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। यह पर्व बड़कागांव प्रखंड के तमाम गांवों में विशेष रूप से मनाई गई। शनिवार की रात्रि बारिश पर आस्था की जीत देखने को मिला। भारी बारिश होने के बावजूद बहनों ने भाई की सुख व समृद्धि लंबी उम्र के लिए छतरी लगाकर उपवास रख करमा पूजा की। नाच गान, मांदर थाप, ढोल नगाड़े की कर्णप्रिय आवाज रात भर गांवों में गूंजता रहा। रविवार को तमाम अखाड़े के लोगों ने करम गोसाई की विसर्जन अपने नजदीक के नदी तालाब में सुख व स्मृति की कामना करते हुए कर दिया। विसर्जन के दौरान लोगों ने खूब ढोल नगाड़े, मांदर की थाप पर थिरकते नजर आए। प्रखंड के 23 पंचायत में लगभग 1000 से अधिक अखाड़े में पूजा की गई।शांति व्यवस्था के लिए अपने-अपने पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य हमेशा निगरानी करते रहे। विगत वर्षों की भांति इस बार भी प्लान्डु, कोईलंग, परेवातरी, उरेज गांव में करमा पूजा यादगार रहा। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा भी शांति व्यवस्था के प्रयाप्त व्यवस्था की गई थी। पूरी रात प्रखंड के विभिन्न गांव में पुलिस के अधिकारी और जवान गस्ती करते रहे।

## मां अंबे पूजा समिति के पदाधिकारी को सर्वसम्मति से किया गया चयन, बिंदु दांगी बने अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत गुरु चट्टी में पहली बार प्रतिमा स्थापित कर दशहरा दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में आदर्श गुरु चट्टी, कदमाडीह, ढेंगा गांव के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए।



जिसमें पूजा को सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर मां अंबे पूजा समिति के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष बिंदु दांगी, उपाध्यक्ष टुकेश्वर कुमार उर्फ टूकन महतो एवं धूपन महतो, सचिव पिंटू कुमार गुप्ता, उपसचिव प्रकाश कुमार, किशोर कुमार, अरविंद कुमार, धनेश्वर प्रसाद, बिन्दु कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी, उप कोषाध्यक्ष अमृत कुमार, संयोजक दामोदर प्रसाद मेहता, उप संयोजक बसंत नारायण तिवारी, संरक्षक विगल किशोर महतो, जयशंकर मेहता, सहेश कुमार महतो, झमन प्रसाद मेहता, यदू प्रसाद दांगी, महासंरक्षक आशीष सोनी, प्रोफेसर रामसेवक, रामधनी महतो, संगठन मंत्री नारायण महतो, उप संगठन मंत्री राहुल तिवारी, अमित तिवारी, रविन्द्र श्रीवास्तव, सोहन महतो, रामचंद्र महतो, योगेन्द्र कुमार मेहता, मनोरंजन मंत्री शिवशंकर मेहता, उप मनोरंजन मंत्री नागेश्वर महतो, संजय कुमार को बनाया गया।

## आजसू पार्टी का 22 सितंबर को चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को लेकर तैयारी जोरों पर

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी बड़कागांव प्रखण्ड कमिटी की बैठक पंकरी बरवाडीह राम चन्द्र साव के घर पास की गई। जिसकी



अध्यक्षता ईश्वरी साव एवं संचालन विनोद कुमार ने किया। जिसमें बैठक मे मुख्य रूप से आगामी 22 सितंबर 2024 को बड़कागांव +2 हाई स्कुल के फुटबॉल मैदान मे आजसू पार्टी के द्वारा आयोजित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सह शपथ ग्रहण समारोह को लेकर व्यापक चर्चा की गई। जिसमे बड़कागांव प्रखण्ड के हर पंचायत से अधिक से अधिक संख्या मे भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। इस कार्य के लिए उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को विशेष जिम्मेवारी सौपी गई। वही रामचंद्र साहू ने कहा कि चूल्हा प्रमुख सम्मेलन बड़कागांव विधानसभा के लिए ऐतिहासिक होगा क्योंकि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे।मौके पर आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, सोनू कुमार, विनोद कुमार, अनुज कुमार, रंजन कुमार, विशाल कुमार, निर्मल साव, कुलदीप कुमार, टूकन कुमार, आशीष कुमार, तारकेश्वर कुमार, मोहित साव, कुलेश्वर कुमार, रोहित कुमार, भुवनेश्वर कुमार, ईश्वरी साव, संजय साव, दिलीप कुमार, प्रकाश कुमार, ठाकुरी कुमार, केदार कुमार, दिनेश्वर साव, विजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## करम पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर, दारू एवं टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों में शनिवार की रात्रि करम पूजा धूमधाम और श्रद्धा के साथ



शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और करम देवता से समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।पूजा के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। महिलाओं और युवाओं ने विशेष रूप से रात्री में नाच-गान और पारंपरिक गीतों के माध्यम से पर्व का आनंद लिया। सभी गांवों में सामाजिक एकता और सौहार्द्र का वातावरण रहा। प्रशासन द्वारा पूजा के दौरान सुरक्षा की कड़ी नजर रही। पर्व का आयोजन पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। ग्रामीणों ने करम पूजा को अपनी सांस्कृतिक पहचान बताते हुए इसे पूरी निष्ठा और भक्ति के साथ मनाया।करम पर्व के पारंपरिक गीत गाकर माताएँ, बहनों नें झारखंडी संस्कृति परंपरा व करम पूजा की महता पर प्रकाश डाला।

## कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक मे कई लोगों ने अरुण साहू का किया समर्थन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड विधानसभा चुनाव के संदर्भ में कांग्रेस द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर, सदस्य



प्रकाश जोशी एवं पूनम पासवान और संभावित कांग्रेस उम्मीदवार अरुण साहू मौके पर उपस्थित थे। इस बैठक में बरही विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं वर्तमान स्थिति और चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही ओबीसी संगठन ने रोजगार, शिक्षा और सामाजिक समावेश जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधियों ने ओबीसी समुदाय की समस्याओं और आवश्यकताओं को स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष रखा।इस दौरान बरही क्षेत्र के लोगों में स्थानीय नेताओं के प्रति विचारों को समझने की कोशिश की गई। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों और पंचायतों के लोगों ने कांग्रेस पार्टी के लिए उम्मीदवार अरुण साहू के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। इसके अलावा बरही विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर भी गंभीर चर्चा हुई। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णयों पर विचार-विमर्श किया गया।

## एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिता के निधन पर बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव ने दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** उज्जैन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिता स्व. पूनमचंद यादव के निधन पर राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पूनमचंद यादव का निधन परिवार और उनके अनुयायियों के लिए एक गहरा आघात है। इसी क्रम में बीते रात बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने उज्जैन स्थित मुख्यमंत्री के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि स्व. पूनमचंद यादव एक सम्मानित और प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने जीवन में परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। उनके निधन से यादव परिवार और क्षेत्र के लोगों के बीच गहरी संवेदना व्याप्त है। मुख्यमंत्री मोहन यादव इस कठिन समय में परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। श्रद्धांजलि देने पहुंचे मनोज कुमार यादव ने दुख की इस घड़ी में मुख्यमंत्री और उनके परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने स्व. पूनमचंद यादव के योगदान और उनके सिद्धांतों की सराहना करते हुए कहा



कि उनकी कमी सदैव महसूस की जाएगी। मुख्यमंत्री के निवास पर इस दौरान उनके बड़े भाई नंदू यादव, नारायण यादव और बहन कलावती देवी भी उपस्थित रहीं। परिवार ने आने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जो इस शोकाकुल समय में उनकी सहानुभूति और समर्थन के लिए आए थे।इसके अलावा उज्जैन के अथर्व रिसॉर्ट में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भी पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाग लिया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ मध्यप्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत अन्य प्रमुख नेता भी उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में बाबा बागेश्वर धाम से भी जुड़े प्रमुख लोग शामिल हुए, जिन्होंने इस दुख की घड़ी में परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके पिताजी ने हमेशा उन्हें और उनके परिवार को समाज और जनसेवा की दिशा में प्रेरित किया। उनका आशीर्वाद सदैव उनके साथ रहेगा और उनके आदर्शों पर चलते हुए वे प्रदेश के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। सभा के दौरान स्वर्गीय पूनमचंद यादव के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। उनके जाने से क्षेत्र और समाज में एक ऐसी शून्यता उत्पन्न हुई है, जिसे भर पाना कठिन है। सभा के अंत में सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

## करम पूजा में डॉ. अमित सिन्हा ने मांदर की थाप पर झूमर नृत्य से बढ़ाया ग्रामीणों का उत्साह, सांस्कृतिक धरोहर को दी नई पहचान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** करम पूजा के पावन अवसर पर हजारीबाग के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों में आयोजित उत्सव में डॉ. अमित सिन्हा ने मांदर की थाप पर झूमर नृत्य करते हुए इस पारंपरिक पर्व को धूमधाम से मनाया। डॉ. सिन्हा की उपस्थिति ने न केवल ग्रामीणों में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया, बल्कि इस पर्व की पौराणिक और सांस्कृतिक धरोहर को नए आयाम भी दिए। देर रात तक उन्होंने ग्रामीणों के साथ मांदर की थाप पर झूमर नृत्य में भाग लिया, जो इस क्षेत्र की पारंपरिक धरोहर का प्रतीक है ! करम पूजा झारखंड, बिहार और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में प्रमुखता से मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो प्रकृति के साथ मानव जीवन की गहरी एकरूपता और भाई-बहन के अटूट स्नेह और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व में करम वृक्ष की पूजा की जाती है, जिसे जीवनदायिनी और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व न केवल प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है, बल्कि समाज में एकजुटता और सामुदायिक स्नेह को भी बढ़ावा देता है। पावन अवसर पर ग्रामीणों के साथ मांदर की थाप पर थिरकते हुए उन्होंने झूमर नृत्य में भाग लिया, जो करम पूजा की सांस्कृतिक पहचान है। ग्रामीणों के साथ उनकी इस सहभागिता ने इस पर्व को और भी विशेष बना दिया। डॉ. सिन्हा ने यह भी कहा कि करम पूजा जैसी पर्वो से हमारी आने वाली पीढ़ियां अपनी संस्कृति और पौराणिक मान्यताओं से जुड़ी रहेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस प्रकार के पर्व न केवल हमारे सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करते हैं,



बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूरे गांव में करम पूजा के अवसर पर उत्साह और उमंग का माहौल था। ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर मांदर की थाप पर झूमर नृत्य किया, डॉ. सिन्हा की उपस्थिति ने ग्रामीणों में विशेष उत्साह पैदा किया, और वे उनके साथ झूमर नृत्य में शामिल होकर अपनी परंपरा को मनाने के लिए बेहद उत्साहित दिखे। डॉ. अमित सिन्हा की इस सहभागिता ने न केवल ग्रामीणों के मनोबल को बढ़ाया, बल्कि हजारीबाग की सांस्कृतिक धरोहर को भी एक नई पहचान दी। उनके साथ बिताए इस खास पल को ग्रामीणों ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर के रूप में संजोकर रखा। यह आयोजन हजारीबाग की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को एक नई दिशा देने के साथ ही पौराणिक प्रतिष्ठा को भी और मजबूत करता है। डॉ. अमित सिन्हा की इस अद्वितीय उपस्थिति और मांदर की थाप पर झूमर नृत्य में भागीदारी ने करम पूजा के इस अवसर को और भी विशेष बना दिया। ग्रामीणों के साथ उनकी इस सहभागिता ने यह स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता हमेशा समाज और संस्कृति के उत्थान में रही है।

## बरसात में नहर का पानी रोड पर आने से ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत पटना रोड में स्थित केशरी धर्मशाला रोड तिलैया नहर का पानी पिछले दो दिनों से हुई भारी बारिश के कारण पानी सड़क पर आ जा रहीं है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश जब भी होती है उस समय नहर का गंदा पानी सड़क पर आ जाता है, जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यहां तक की नहर का गंदा पानी लोगों के घरों में भी घुस जाता है। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियो से लेकर स्थानीय प्रशासन को कई बार शिकायत की है, उसके बाद भी उनके समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नहर से पानी का निकासी नहीं होता है, हमेशा जल जमाव की स्थिति बनी रहती है, जैसे ही भारी बारिश होता है नहर का गंदा पानी सड़क पर आ जाता है, घरों में भी घुस जाता है। जिससे हम लोगों को काफी परेशानी हो रही है, यहां तक की मच्छर का भी प्रकोप बहुत ज्यादा है कई लोग तो बीमार भी पड़ जाते हैं। स्कूली बच्चों का भी आना-जाना इसी रोड से लगा हुआ है, बच्चों को भी बरसात के समय में काफी परेशानी होती है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत हम लोगों ने कई बार स्थानीय प्रशासन समेत जनप्रतिनिधियों को किया है। लेकिन किसी का इस और ध्यान नहीं है, यदि हमलोगों के समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो बहुत जल्द आंदोलन करेंगे।

## करमा लोकगीतों से गुंजा विष्णुगढ़ प्रखण्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में बड़े ही धूमधाम से प्रकृति की पूजा का पर्व मनाया गया। रिमझिम बारिश की फुहार के बीच प्रकृति की आराधना में हर कोई डूबा नजर आया। प्रकृति पर्व करमा का त्यौहार पर महिलायें जावा एवं करम डाली के इर्द-गिर्द ढोल मांदर की थाप उस पर लोकगीत की सुरीली धुन पर थिरकती महिलायें एवं पुरुष अनोखा नजारा हर किसी का मन मोह रहा था। शनिवार की रात में विष्णुगढ़ प्रखण्ड के क्षेत्रो बिलंडी, भंडेरी, चलकरी कला, डहुआ, नवादा, बनासो, कुसुम्भा, विष्णुगढ़, करगालो, गोविंदपुर, मडमो, नरकी, खरकी समेत अन्य पंचायतो करमा डाल की स्थापना कर,भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की गई। करम व्रतियों ने बताया कि करमा पूजा का विशेष महत्व भाई-बहन के रिश्ते में प्यार और स्नेह को बढ़ाने में है। साथ ही फसल से जुड़ा हुआ है और करम वृक्ष को श्रद्धांजलि है। यह वृक्ष उर्वरता, समृद्धि और हर शुभ चीज़ का प्रतीक है। इस दिन, व्रतियों ने विशेष रूप से पूजा-अर्चना कर परिवारिक संबंधों को मजबूत बनाने में अहम योगदान देता है । करमा और धर्मा, इस त्योहार के प्रमुख देवता होते हैं, और इस दिन इनके प्रति श्रद्धा और आस्था प्रकट की जाती है। इस मौके पर पूर्व माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल,चंद्रनाथ भाई पटेल,तिवारी महतो,दुष्यंत पटेल,गौरव भाई पटेल,रंजीत सिन्हा,सर्वेश सिंह,प्रमुख जैबुन निशा,उप-प्रमुख सरयू साव,बीडीओ अखिलेश कुमार,सीओ नित्यानंद दास,मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो,मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार,पूर्वी जिप सदस्य सरजू पटेल,मध्य जिप सदस्य शेख तैयब,पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने करम उत्सव की ढेर सारी बधाई दी।

# विधायक सुनीता चौधरी ने रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में विधायक मद से विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** छावनी परिषद में विधायक सुनिता चौधरी के द्वारा शुभ शिलान्यास कार्यक्रम रविवार को विधायक मद से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर की गई द्यइन योजनाओं में मुख्य रुप से वार्ड नं 6, शिव पूरी कॉलोनी में बालेश्वर सिंह के घर से सी डी साह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। ददन सिंह के घर से अवध बिहारी दुबे के घर तक पीसीसी पथ निर्माण । वार्ड नं 5 में छोटकी मुर्राम में छोटे लाल राम के घर से राम बली राम (जितेंद्र केवट) के घर तक पीसीसी पथ वा नाली निर्माण ।संदीप सिंह (रामगुलाम मंडल) के घर से शारदा भवन तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण।केशव यादव के घर से



सलेंद्र यादव के घर तक नाली निर्माण। गोरियारी बागी अन्तर्गत पानी टंकी के नीचे विरेंद्र मुंडा के घर से पंकज गोशवामी के घर तक वा पिंटू विश्वकर्मा के घर से शंभू अग्रवाल के घर तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण। वार्ड नं 5 बिजुलिया स्थित स्वर्णकार धर्मशाला का प्रथम तल्ला का निर्माण।वार्ड नं 8 में त्रिभुवन सिंह के घर से बबन राय के घर तक नाली निर्माण।वार्ड नं 8 में उत्सव मैरेज हॉल से विक्रम सिंह के चाहरदिवारी तक पीसीसी पथ निर्माण।नगर परिषद, वार्ड ठ्श 26 में कृष्णा महतो के घर से देव स्थल तक पीसीसी पथ निर्माण।नगर परिषद,वार्ड नं 26 में दिलीप मुंडा के घर से मोहन गंजू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण।नगर परिषद वार्ड नं 30 मे रामगढ़ ब्लॉक नायक टोला में पेबर ब्लॉक पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया। मौके पर सर्वप्रथम विधायक सुनीता चौधरी का फूल माला पहना कर ओर बुके देकर रामगढ़ की देव तुल्य जनता के द्वारा स्वागत किया गया इस मौके पर नगर परिषद् के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज महतो, नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, सचिव नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, बिभन सिंह, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष रोहित सोनी, पूर्व वार्ड सदस्य पूर्णी देवी,महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, पिंकी देवी,त्रिभुवन सिंह, मौजूद थे।

# प्रकृति की रक्षा से ही समाज में आएगी प्रगति : राजीव जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड के प्राकृतिक पर्व करम पूजा के अवसर पर बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल ने रविवार को गोला प्रखंड के कई गांव के करम अखाड़ा पहुंचे और करम कर रहे कर्मातीन माता बहनों की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राजीव जायसवाल के साथ झारखंड के कई नामचीन नागपुरी कलाकार सन्नी सिंह, रोहित आर के, प्रीतम राज, एवं राजू तिर्की भी मौजूद थे. उन्होने सभी करम अखाड़ों में करम कर रही बहनो के साथ नागपुरी गानों पर जमकर नृत्य किया।शनिवार को भी बीजेपी नेता राजीव ने दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड के कई गांव का भ्रमण किया।भाद्दो एकादशी के शनिवार की शाम पूरे झारखंड में करम पूजा की गई।ओर रविवार के शाम विसर्जन किया गया. वही गोला प्रखंड अंतर्गत चोकर बेड़ा गांव में आदिवासी संस्कृति कला मंच के तत्वाधान में कर्मा जितिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें ढोल नगाड़ों के आस पास के कई गांव के लोग पहुंचे थे।वही कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि



युवा नेता राजीव जायसवाल उपस्थित हुए. इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष मनसू बेदिया एवं गांव की बहनों ने पारंपरिक परिधान पहन कर मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया. इस दौरान राजीव ने कहा की करम पर्व प्रकृति और संस्कृति के प्रति आस्था और प्रेम का संदेश देता है. उन्होंने कहा कि भाषा और संस्कृति ही झारखंड की मूल पहचान हैं. प्रकृति की रक्षा से ही समाज में प्रगति आ सकती है. करम का त्योहार आदिवासी संस्कृति को नवजीवन देता है. इसमें पर्यावरण में शुद्धता भी लाती है. मौके पर प्रितम झा, सुरज वर्मा, महेश महतो,संतोष कुशवाहा, बिक्की महतो, गोलू महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखण्ड की संस्कृति और पहचान है करमा पूजा

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांदर की थाप और कर्म गीत के साथ भुरकुंडा सहित कोयलांचल और । ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया करमा पुजा मनाया गया। करमा पूजा झारखण्ड की संस्कृति की पहचान है। इस पर्ब में प्रकृति की पूजा कर अपनी विरासत को जीवित रखते है। करमा को लेकर कई लोक प्रस्तुतियां और कई लोक कथाएं भी प्रचलित हैं। महिलाए 24 घंटे का उपवास करती है। इस दौरान महिलाएं कर्म डाल की पूजा करती है।जिनके माध्यम से यह पता चलता है कि करमा का व्रत कुवारी लड़कियां अपने भाई की लंबी आयु के लिए करती हैं। यह व्रत भादो माह की एकादशी को किया जाता है और इसमें करम के वृक्ष की पूजा की जाती है। करम के वृक्ष की पूजा कर लड़कियां यह कामना करती हैं। उनके भाई की आयु भी करम के वृक्ष की आयु की तरह अधिक हो और उनके परिवार के सभी सदस्य खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करें।



## स्वच्छता हीं सेवा अभियान का हुआ आगाज़

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में स्वच्छता हीं सेवा अभियान 2024 की शुरुआत रविवार को अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिला कर किया गया। सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।इस दौरान उन्होंने बताया की आज से शुरू हुआ यह अभियान का समापन आगामी दो अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के आयोजन के साथ होगा। वही सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा कई गतिविधियां की जाएंगी जैसे स्कूलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन, ग्राम सभा बैठ, वृक्षारोपण, सफाई अभियान, सफाई मित्रों हेतु कल्याण कार्यक्रम, पदयात्रा आदि। इस वर्ष स्वच्छता हीं सेवा, 2024 का मुख्य थीम ÷स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता÷ है, जिसके मुख्य बिंदु लक्षित सफाई इकाई, स्वच्छता में जन भागीदारी तथा सफाई मित्र हैं। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा आस पास के सभी ग्रामीणों से अपील की गई की अपने घर, मुहल्ले तथा गांव को साफ एवं स्वच्छ रखें।मौके पर सहायक प्रबंधक (कार्मिक) सिम्मी सुप्रिया टोपो, विनय कुमार, आभास शिखर, संदीप बोरकर, धर्मेंद्र सिंह, प्रणव, विकास राय, संजय तिवारी आदि मौजूद थे।




## बहनों ने भाइयों कि लंबी आयु के लिए उपवास रख कर किया करमा पुजा

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल सयाल व उरीमारी में शनिवार और रविवार को प्राकृतिक उपासना का पर्व करमा पुजा धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उरीमारी के हेसाबेडा,रोहनगोडा, पिंडरा, गरसुल्ला, जरजरा, उरीमारी बस्ती,सयाल के टीना साइड,चीप हाउस एवं कॉलोनीयो में करमा पुजा मनाया गया। वहीं उरीमारी हेसाबेडा मे मांझी हडाम सीताराम किस्कू के नेतृत्व में करमा पुजा का भव्य आयोजन किया गया। वहीं मांझी हडाम सीताराम किस्कू के द्वारा प्रारंपरिक नृत्य कार्यक्रम व अखडा का कार्यक्रम कराया गया। इस दौरान गांव के अगल बगल से महिलाओं व युवतियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पुर्व गांव के पाहन ने पुरे विधि विधान के साथ पुजा अर्चना करवाया। मौके पर मांझी हडाम सीताराम किस्कू ने कहा कि बहनों ने अपने भाइयों के लंबी आयु के लिए उपासना रख करम डाल कि पुजा कि। और करम देव कि कथा सुनी। वहीं मांझी हडाम सीताराम किस्कू ने यह भी कहा कि हेसाबेडा स्थित करमा मंदिर में पुजा कर गांव कि सुख समृद्धि व खुशहाली कि कामना कि गई। वहीं इस मौके पर शनिचर मांझी, कानू मरांडी,मनु टुडू, मनाराम मांझी,मुनिश मांझी, शिवजी मांझी, विकास किस्कू,मोहन टुडू, विक्की पावरिया, अविनाश किस्कू,संदिप बेसरा, देवानंद हेम्ब्रोम, सोमेन्द्र हेम्ब्रोम, अनिल हेम्ब्रोम,गीता देवी, फुलमति किस्कू,सीतामुनी देवी, ममता देवी, मोती देवी, लालमुनि देवी,सधनी देवी,रूपमनी देवी, सावित्री देवी, सरीता सोरेन,सोनाली, संजना,प्राची, सपना, रितिका,वर्शा, लवली,रेखा, श्वेता,ज्योति, निकिता, आकांक्षा किस्कू,बबली आदि दर्जनों युवक-युवतीया मौजूद थे।



## हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ करमा पर्व

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमा पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कर्मा पर मनाए जाने को लेकर महिला व युवतियों द्वारा उपवास रहकर विधिवत पूजा अर्चना कर अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना की गई। इस दौरान पाहन द्वारा कर्मा व धर्मा के संबंध में लोगों को कहानी सुनाई गई। जिसमें बताया गया कि करमु-धरमु (कर्मा-धर्मा) नामक दो भाई थे, जो काफी गरीब थे। उनकी एक बहन थी, जिनसे वे बहुत प्यार करते थे। उनकी बहन करम पौधे की पूजा किया करती थी और उसके चारों ओर नाचते-गाते रहते थी। एक बार कुछ दुश्मनों ने उस पर हमला कर दिया तो उसके दोनों भाईयों ने अपनी जान की बाजी लगाकर अपनी बहन को बचाया था। तब से बहन ने करम पौधे से अपने भाईयों के लिए खुशी, सुख और समृद्धि मांगी तथा दोनों भाइयों के साथ करम देवता की पूजा हर्षोल्लास के साथ करती थी। तीनों का जीवन सुखमय था। एक बार बड़ा भाई करमु काम के सिलसिले में परदेश चला गया। वर्षों बाद, वह बहुत धनी होकर घर लौटा। उसका छोटा भाई धरमु तथा उनकी बहन करम वृक्ष के नीचे करम देवता की अराधना में लीन थे, तथा बड़े भाई करमू के स्वागत में नहीं गए। क्रोधित होकर करमू ने करम वृक्ष को उखाड़ कर नदी में फेंक दिया। उसके पश्चात करमू और धरमू का जीवन कठिनाइयों से गुजरने लगा और उनकी भूखमरी की स्थिति हो गई। तब उनकी बहन ने उन्हें बताया कि करम देवता के अपमान के कारण उनकी यह दशा हुई है। उसके बाद दोनों भाई जंगलों-पहाड़ों तथा देश-परदेशों में घूम-घूम कर करम वृक्ष की तलाश करने लगे। एक दिन उन्हें वह करम वृक्ष नदी में तैरता हुआ मिला, जिसे वे वापस घर लाकर पूजा करने लगे। उनका जीवन दोबारा सुखमयी हो गया।



## मुन्ना खटीक सर्वसमिति से बने कैंट दशहरा कमिटी के अध्यक्ष

**रामगढ :** पिछले पंद्रह वर्षो से फुटबॉल ग्राउंड में रामगढ़ कैंट दशहरा महासमिति के तत्वधान में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम हेतु समिति की एक अहम बैठक अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बातों की जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने देते हुए कहा की साहू धर्मशाला में आयोजित इस बैठक में मुख्य रूप से रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,महेंद्र मुंडा, रवि गुप्ता,मोहन पांडे इत्यादि लोग मनचस्थ हुए जिसमे सर्वसम्मति से एक स्वर में दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक को समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया। इस बैठक में भगवान प्रसाद, प्रो.संजय सिंह,वसुध तिवारी, रंजन फौजी, विजय जयसवाल, दीपक मिश्रा, प्रभात अग्रवाल, ब्रजेश पाठक, मणिशंकर ठाकुर इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित रहें ।

# श्री श्याम प्रभु का 11 वां महोत्सव धूमधाम से मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** कोयलांचल भुरकुंडा में कलयुग के अवतार श्री श्याम प्रभु का 11वां महोत्सव शनिवार को विधि विधान से आयोजित हुआ पटेल नगर स्थित गुरुदेव धाम में आयोजित महोत्सव में भव्य दरबार अखंड ज्योत छप्पन भोग श्याम 84 के जरिए बाबा श्याम की पूजा हुई इससे पूर्व जमशेदपुर से बाबा श्याम का शीश लाया गया इसके स्वागत में पटेल नगर बैंक मोड़ से कार्यक्रम स्थल तक भाव निशान के साथ सुबह यात्रा निकाली गई इसमें बाबा श्याम को 51 ध्वजा चढ़ाई गए वहीं श्री श्याम महोत्सव के मुख्य सामानों का संध्या 7~00 बजे खंड जोत के साथ शुरू हुआ रामगढ़ से आए पुरोहित गिरिजा व्यास में संपूर्ण विधि विधान से बाबा के शिष्य को प्रतिष्ठिापित किया। शीश का सिंगर विष्णु पोद्दार और दीपक मेवाड़ ने किया। वहीं महोत्सव में यजमान राजकुमार अग्रवाल सीता देवी ने हवन पूजा से विधिपूर्वक श्याम बाबा की पूजा की।महोत्सव में विधायक अंबा प्रसाद पूर्व मंत्री, योगेंद्र साव,समाजसेवी निशि पांडे, राज किशोर पांडे, लायंस क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति



की कामना की ।कोलकाता से आई गायिका सरिता ओझा धनवती मीनू चौधरी टाटानगर के मुकुंद पांडे और भागलपुर के राहुल सूर्य ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत करो स्त्रोतों को मत मुक्त मंत्र मुक्त कर दिया इस दौरान लोगों ने जमकर आनंद उठाया।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्याम सखा मंडल भुरकुंडा के संयोजक उमेश राजगढ़िया, सुनील अग्रवाल, रवि अग्रवाल, विनोद शर्मा, रूपेश, दिलीप, विजय, अजय ,मनोज शर्मा,विनोद दुबे, दिनेश राजगढ़िया, संजय अग्रवाल, जय किशन, सोनी, रंजीत अग्रवाल ,राकेश, दीपक, नवीन, गोविंद ,सौरभ शर्मा, रवि अग्रवाल, लकी अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सुलेखा शर्मा, बबीता आदि का विशेष योगदान रहा।

# दुलमी प्रखंड मे दुसरे दिन भी करमा पुजा की रही धूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत करमा पूजा के दुसरे दिन रविवार को दुलमी प्रखंड के सभी पंचायत अंतर्गत सभी पंचायत एवं गांव मे रविवार को करमा पुजा के दिन मे माँ बहनो घर से नहा कर थाली मे फुल जल, अगरबत्ती, दूध, बूट के अटरी बटरी लेकर अखड़ा के करमा मे जाकर पुजा करते है और गांव के सभी भाई बहन मिलकर झुमर नगेड़ा के साथ करमा के गीतों में नित्य करते हुऐ झूमते है आज शाम को करमा को गांव के पहान मधु पहान करमा डाली को कंधा मे उठाकर नदी हो तलाव मे ले जाकर विषर्जन कर दिया गया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सजाज सेवी का कहना कि साल के एक बार आता है करमा।साथ ही सभी करमा पूजा सभी ग्रामीण को हार्दिक शुभकामनायें दिया। इस मौके पर प्रखंड के अंचल पदाधिकारी, मदन पंचायत के मुखिया , सदस्य मुखिया चुडगि देवी, रामकिशुन भोगता एवं सुरेश मुंडा देवधारी करमाली, जगतु मुंडा राजकुमार करमाली, उपकोषाध्यक्ष, मकरज करमाली उपसचिव कुमार महतो और झुमर टीम निगरानी, सिकेंद्र करमाली, धनेश्वर करमाली, उदय मुंडा, सुलेन्द्र, चंदरु करमाली, गणेश करमाली, पंछीत करमाली, सत्याना नायक, गणेश नायक, जागेश्वर नायक, रंजीत करमाली, बंटू करमाली, गोपाल करमाली, ललकु करमाली, परस गंझु, महेंद्र भोगता, कंदनू मुंडा,सेठू कुमार सिटू करमाली, रमेश नायक, धर्मेंद्र तुरी, बूटन मुंडाअमित कुमार कृष्णा कुमार, जुगनू, करमाली, प्रकाश कुमार,महतो,विजय कुमार एवं सभी झुमर टीम के सदस्य गन मौजूद थे ।

# विस्थापित नेता गहन टुडू का पांचवां शहादत दिवस मना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी स्थित झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यालय में रविवार को मजदूरो व विस्थापितो के नेता गहन टुडू का पांचवा शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने सर्वप्रथम गहन टुडू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सिंह ने कहा कि मजदूरो व विस्थापितो के समस्याओं को लेकर गहन टुडू ने निरंतर आंदोलन करने व उनके हक अधिकार दिलाने का कार्य किया है। उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इधर विस्थापित नेता दशई मांझी ने कहा कि विस्थापितों के लिए गहन टुडू ने कई ऐतिहासिक आंदोलन किए हैं। उन्होंने विस्थापितो के उत्थान लिए लंबे अरसे तक संघर्ष किया। उनकी शहादत बेकार नहीं जाएगी। कार्यक्रम के दौरान गहन टुडू के परिजन में उनकी मा पत्नी व बच्चों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं परिजनों में पत्नी बड़की देवी,रेशमी टुडू, बेटी मालती देवी, खुशबू टुडू,देवंती टुडू, आरती टुडू,प्रियांशी टुडू,सोनल टुडू,आशमा टुडू, अर्चना टुडू, अराधना टुडू इधर बिरसा पीओ डि शिव दास, भाजपा नेता दिनेश करमाली, विस्थापित नेता संजय टुडू, कार्तिक मांझी, संतोष प्रजापति, तुलसी बेदिया, जितेन्द्र यादव, शिवानी टुडू, मनोज सिंह, दिनेश प्रजापति, कर्मबीर सिंह, परमेश्वर सोरेन, बिनोद सोरेन,पुरण टुडू, बबलू मांझी,सुखु मांझी,महाबीर प्रसाद,मदन करमाली, सुखदेव मांझी, चन्द्रदेव सिंह, शशी बहादुर, कमलेश मांझी आदि मौजूद थे।

# दसलक्षण पर्व के सातवें दिन उत्तम तप एवं आठवें दिन त्याग का पूजा किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दसलक्षण पर्व के सातवें दिन उत्तम तप एवं आठवें दिन त्याग का पूजा किया गया।जलाभिशेक विनोद पहाड़िया, पंकज पहाड़िया, सैलेश सेठी, देवेंद्र गंगवाल, ललीत गंगवाल, हीरालाल पाटनी, राजेंद्र पाटनी, हरक चंद अजमेरा ,विवेक अजमेरा नितिन पाटनी, हीरामणि देवी चूड़िवाल, मंगीलाल चूड़ीवाल, इंद्रमणि देवी चूड़िवाल, आशीष जैन, राजेंद्र चूड़ीवाल, जीवनमल पाटनी शांतिधारा हीरालाल पाटनी, राजेंद्र पाटनी, आशीष जैन, जीवनमल पाटनी, जंबू पाटनी, हरक चंद अजमेरा , विवेक अजमेरा उत्तम तप धर्म आत्म शुद्धि के लिये इच्छाओं का रोकना तप है।मानसिक इच्छायें साँसारिक बाहरी पदार्थो मैं चक्कर लगाया करती हैं अथवा शरीर के सुख साधनों में केन्द्रिय रहती हैं। अतः शरीर को प्रमादी न बनने देने के लिये बहिरंग तप किये जाते हैं और मन की वृत्ति आत्म-मुख करने के लिये अन्तरंग तपों का विधान किया गया है। दोनों प्रकार के तप आत्म शुद्धि के अमोध साधन हैं। बहिरंग तप शरीर को प्रमाद से दूर रखने के लिये जो बहिरंग तप बतवाये गये हैं वे 6 हैं- 1 अनशन, 2 ऊनोदर, 3 व्रतपरिसंख्यान, 4 रस परित्याग, 5, विविक्तशयनासन, 6 कायक्लेश। अनशन पांच इन्द्रियों के विषयों के भोगने का तथा क्रोध आदि कषाय भावों के त्याग के साथ जो आठ पहर के लिये सब प्रकार के भोजन का त्याग किया जाता है उसको अनशन या उपवास कहते हैं। समाज उपाध्यक्ष अरविंद सेठी, नरेंद्र छाबड़ा ,देवेंद्र गंगवाल ने बताया कल नोवे दिन उत्तम अकिंचन धर्म की पूजा होगी।

# मांडू थाना ईद मिलादुन नबी और विश्व पूजा को लेकर शांति समिति का किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** बृहस्पतिवार के दिन मांडू थाना में परिसर में ईद मिलादुन्नबी और विश्वकर्मा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता मांडू प्रखंड विकास अधिकारी संजय कुमार कोगांरी ने किया वहीं थाना प्रभारी संजय कुमार यादव शाहित शाहिद सिद्दीकी , अमरेंद्र कुमार गुप्ता , सदर मुमताज कुरैशी, सहित कई गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोगांरी ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी का कल त्यौहार है जिसको जानने की आवश्यकता थी की ईद मिलादुन्नबी में मुस्लिम समुदाय के द्वारा किस तरह का प्रोग्राम किया जाता है बताया गया कि मांडू जामा मस्जिद से एक जुलूस निकाला जाएगा जो मांडू के मणिपाल स्कूल से यू टर्न लेकर वापस मांडू जमा मस्जिद में जाकर समापन किया जाएगा वहीं इस दौरान नबी के नाम पर नातिया कलाम पेश किया जाएगा और शांतिपूर्वक जुलूस में शामिल लोग सलातो सलाम पढ़ते हुए शामिल होंगे।

# करम पूजा की अनोखी परंपरा : प्रकृति की पूजा और भाई-बहन के प्यार का संगम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** एक सप्ताह से चली आ रही कर्म पूजा की प्रक्रिया एवं विधि विधान की समाप्ति रविवार को करम की डाली को पानी में बहा कर पूजा संपन्न हुई। प्रकृति की इस कर्म की डाली की पूजा के पीछे अनेक मान्यताएं हैं, जिसमें भाई-बहन का प्रेम, अच्छी,अच्छा बारिश, समाज में रह रहे लोगों का स्वास्थ्य, युवा एवं यौवन के प्रति कम देवता की पूजा की जाती है। इस संबंध में कर्म पूजा के दौरान नागपुरी नृत्य पर थिरकन वाली नैना कुमारी से पूछा गया तो उसने बताया कि करमा पर्व कर्म और करम पर आधारित ,जिसका मतलब परिश्रम और भाग्य होता है। उन्होंने बताया कि करमा नृत्य नई फसल के आने की खुशी में मनाया जाता है। इस संबंध में नृत्य कर रही सपना, रूही एवं इशिका ने बताया कि यह पर्व आदिवासी समाज और



विभिन्न किस समूह के परिवार के सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में मनाते हैं। नृत्य कर रही लड़कियों ने बताया कि मान्यता है कि यह पर्व भाई बहन के रिश्तों को मजबूत करने के लिए कर्मा और धर्मा की पूजा कर्म देवता को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि सदियों से बैगा,भूमिज, उरांव, खड़िया मुंडा, कुर्मी,कोरबा, भुइया, घटवाल, बगाल,खरवार, बिंझवारी, करमाली, लोहरा एवं विभिन्न आदिवासी समुदाय के लोग प्रकृति की पूजा के रूप में इसे मनाते हैं। नृत्य प्रस्तुत करने वाली लड़कियों में ज्योति कुमारी संजू कुमारी श्रुति कुमारी श्वेता कुमारी काजल कुमारी सपना कुमारी सिमरन कुमारी मिस्टी कुमारी दिव्या कुमारी नैना भारती शामिल थी। दर्जनों महिलाएं नृत्य का आनंद उठा रही थी। रात भर भारी बारिश के बावजूद भी खुले आसमान के नीचे लोग कर्म पूजा के कार्यक्रम में शामिल थे।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के कमेटी का किया गया विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के कमेटी विस्तार करते हुए ब्रिजेश कुमार महतो को रामगढ़ जिला का संगठन सचिव तथा दुलमी प्रखंड का विस्तार करते हुए बंटी कुमार को प्रखंड उपाध्यक्ष तथा रमेश कुमार को प्रखंड मीडिया प्रभारी बनाया गया है । सभी ने अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक करने की बात कही है। संगठन उम्मीद करती है कि आप सबों के नेतृत्व में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा मजबूत एवं सशक्त बनेगी। पार्टी सुप्रीमो आदरणीय टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा सभी संप्रदाय के लोगों को संगठित कर जोड़ते हुए पार्टी हित में मजबूती प्रदान की जाएगी ताकि 2024 निश्चित तौर पर एक हम लोग बदलाव की ओर अग्रसर हो सके।



झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है । झारखंड में जब तक अच्छा नीति नियम नहीं बन पाता है, यहां पहला अधिकार यहां के स्थानीय लोगों को मिलना चाहिए। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पदाधिकारियों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।बधाई देने में मुख्य रूप से रवि कुमार महतो, पणेश्वर कुमार, आनंद केटियार ,पवन महतो, सुदर्शन महतो, राजेंद्र बेदिया, संतोष चौधरी, लीलावती महतो, रूपा महतो, डा. राजेश महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, कुशवाहा पंकज महतो, नीतीश कुमार महतो, दीपक महतो, प्रभु दयाल महतो, कुलदीप महतो, राजेश महतो, सहदेव महतो, सनी पटेल, रविंद्र कुमार, प्रकाश प्रभाकर, त्रिभुवन महतो, भीमराज महतो, प्रवीण कुमार महतो, गिरी शंकर महतो, श्याम सुंदर महतो, भवानी महतो, अनिल महतो रणविजय महतो लालू प्रसाद चंदन महतो विशाल महतो के अलावा सैकड़ो लोगों ने बधाई दी है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## वज्रपात से 13 वर्षीय बच्चे की मौत

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेराल थाना क्षेत्र के बाजूडीह गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। यह घटना रविवार की सुबह लगभग 9 बजे की बताई जाती है। मृतक अशोक प्रजापति का 13 वर्षीय पुत्र पंकज प्रजापति बताया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पंकज शौच के लिए घर से लगभग 500 फीट की दूरी पर गया था। इसी बीच अचानक बारिश के साथ हुए बज्रपात की चपेट में आ गया। तत्काल परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने अंत– परीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना पर अंचलाधिकारी जसवंत नायक ने सी आई बिंदेश्वरी पासवान को बाजूडीह भेज कर स्थिति की जानकारी लिया। इस संबंध में अंचल अधिकारी यशवंत नायक ने बताया कि सरकारी प्रक्रिया के तहत परिजन को लाभ दिलाया जाएगा।

## लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार शाम से लगातार



हो रही बारिश से विश्रामपुर क्षेत्र में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है.क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर हैं.कई जगह पर सड़क व पुल के ऊपर से पानी बह रहा है.जिसके कारण नदी किनारे के गांव की हालत टापू जैसी हो गई है.लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं.दर्जनों कच्चे मकान ध्वस्त हो गए.कई कच्चे रास्ते पानी के तेज बहाव में बह गए.नदी किनारे के कुछ गांवों में बरसात का पानी घुस गया है.बरसात के इस पानी से हुए नुकसान का पूरा आकलन तो बारिश रुकने के बाद ही लगाता जा सकता है.गोदरमा लारंगहा टोला के पास से गुजरने वाली भेलवा नदी का पानी पुल के ऊपर से गुजर रहा है.सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय की सूचना पर रेहला पुलिस पुल किनारे पहुंची और लोगों को नदी पार नहीं करने का आग्रह किया.यहां पर नदी किनारे के गांव टापू बन गए हैं.इतना ही नहीं बी मोड़ - उंटारी रोड पर यातायात बंद हो गया है.गुरी ग्राम पंचायत का एक कच्चा ग्रामीण रास्ता तेज बहाव में बह गया.रेहला के विशुनपुर टोला के घरों में पानी घुस गया.जिससे कई लोग फंस गए.पार्षद नरेंद्र राम गुड्डू की सूचना पर रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार गांव के पास पहुंचे.यहां नंदकिशोर साव के घर में पांच फीट से भी ऊपर पानी घुस गया जिससे उनका पूरा परिवार फंस गया था.थाना प्रभारी संतोष कुमार, एसआई जगन्नाथ चक्रवर्ती ने पुलिस बल व स्थानीय लोगों के साथ मिलकर रेस्क्यू चलाया.पुलिस ने बच्चों और वृद्धों सहित 12 लोगों को गोदी में उठाकर बाहर निकाला.यहां के लोगों ने बताया कि घरों में पानी घुसने से खाने के समान से लेकर सभी कुछ बरबाद हो गया।

## हाथी का दांत साबित हो रहा लाखों से निर्मित जलमीनार

**चैनपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के झरिवा पंचायत



के टोला निमियां में जल नल योजना के तहत बनाई गई जलमीनार संवेदक की लापरवाही से शोभा का वस्तु बनकर रह गई है। हैरानी की बात तो यह है कि इस जलमीनार का निर्माण बिना बोरिंग किए ही कर दिया गया है जो राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय निमियां के प्रांगण में जल जीवन मिशन के तहत पीएचडी विभाग से बड़ा जलमीनार का निर्माण कराया गया हैं जिससे कि स्थानीय लोगों व बच्चों को पानी का परेशानी उठाना नहीं पड़े लेकिन संवेदक ने नया बोर के जगह पुराना चापानल के बोर से जलमीनार को जोड़ दिया जिससे कि लोगों को पानी मिले लेकिन काफ़ी पुराना चापानल होने के कारण पानी जलमीनार में नहीं चढ़ पाता हैं जिसके कारण स्थानीय लोगों व बच्चों को ससमय पानी का सुविधा नहीं मिल पा रहा हैं। जहां एक तरफ सरकार पानी को लेकर प्रतिबद्ध हैं वहीं दूसरी तरफ़ संवेदक सरकार की चलाई हुई महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन को असफल करने में लगें हुए हैं सरकार की नियम व कानून को ताक पर रखते हुए मनमानी तरीके से जलमीनार का काम करके निकल जा रहें हैं जिससे की स्थानीय लोगों का परेशानी दूर होने के बजाए और बढ़ जा रही हैं जिसका परवाह संवेदक नहीं कर रहें हैं संवेदक केवल अपने जेब भरने के कारण जलमीनार का समुचित व्यवस्था नहीं कर रहें हैं ऐसा ही हाल निमियाँ गांव के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में लगें जलमीनार देखने को मिल रहा हैं जिसमे कि जलमीनार का नया बोर करना था जिससे कि पानी के लिए कोई परेशानी नहीं हो लेकिन संवेदक ने जलमीनार को नया बोर की जगह पुराने चापानल के बोर में जोड़ दिया जिससे कि स्थानीय ग्रामीण व बच्चें पानी के लिए परेशान रहते हैं। इस संदर्भ में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने कहा कि संवेदक को पुराना बोर से जोड़ने के लिए मना किया था लेकिन संवेदक ने हमारा बात को अनसुनः करते हुए मनमानी तरीके से पुराने बोर में ही मोटर डालकर जलमीनार से जोड़ दिया।

## जलमग्न हुआ पिपरा, जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई सड़क टूटे

**पिपरा पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में बीती रात



भारी बारिश होने के कारण प्रखंड क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा जलमग्न हो गया है. पंचायत पिपरा के चिंगुवा मोड के समीप पुलिया नदी के तेज बहाव के कारण टूट गया जिसके कारण आसपास स्थित स्थानीय लोगों का आवागमन ठप हो गया है. वहीं पंचायत दलपतपुर के ग्राम दलपतपुर में पानी के तेज बहाव के कारण बीच से ही सड़क टूट कर बह गया जिससे वहां के लोगों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है. ग्राम चापरवार में भी दो जगहो पर सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है. प्रखंड क्षेत्र का आम जनजीवन भारी बारिश के कारण अस्त व्यस्त हो गया है. बीमार लोगों के मन में सड़क की स्थिति को देखकर डर बना हुआ है. आगे अगर इसी प्रकार की एक-दो दिनों तक और बारिश होती है तो अन्य दर्जनों सड़कों पर खतरा मड़रा रहा है. पुनपुन एवं बतरे नदी अपने उफान पर है धवतर विद्यालय आधा पानी में डूब गया है.स्थानीय लोगों ने प्रखंड प्रशासन एवं प्रखंड के जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाया है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन को कम से कम चालू किया जाए. दिन रविवार को भी दिन में हल्की-फुल्की बारिश पूरे दिन होते रही आगे भी भारी बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है. पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार लगातार क्षेत्र में गस्ती तेज़ किए हुए हैं. उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि बिना वजह नदी पुल तालाब के नजदीक न जाएं. अपना एवं अपने घर वालों का ख्याल रखें. वही दलपतपुर समाजसेवी कैलाश यादव ने जल्द से जल्द सड़क का मरम्मत कराने का मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों से किया है।

## दो साल से बंद है कजरी डाक घर, मामले की जांच की मांग

**पड़वा(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के कजरी डाक घर विगत दो साल से बंद है। इस संबंध में कजरी पंचायत की मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने पलामू जिला डाक अधीक्षक को पत्र देकर जांच करने की मांग की है. पत्र के माध्यम से मुखिया ने बताया है की डाक घर बंद रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रहा है. समय से पत्र या अन्य जरूरी कागजात जो सरकारी होते हैं लोगो को प्राप्त नहीं हो रहा है। मुखिया ने जांच करते हुए पदस्थापित कर्मी के ऊपर करवाई करने एवम डाक घर खुलवाने का आग्रह किया है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाएं : डीडीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गिरिजा शंकर प्रसाद ने दिनांक 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के सफल आयोजन को लेकर बैठक किया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कर्मी उपस्थित थे। इस वर्ष का अभियान का विषय ''स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता'' है। उप विकास आयुक्त ने शिक्षा विभाग, नगर निगम चास, पंचायती राज ग्रामीण विकास एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को अपने - अपने दायित्वों को पूर्ण कराते हुए अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया।बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य रूप से 19 सितंबर को सिटी पार्क बोकारो में विभिन्न विभागों के साथ वृहद स्वच्छता अभियान आयोजित किया जायेगा। जिसमें पौधरोपन एवं श्रमदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई अभियान दिनांक 17 सितम्बर 2024 से 01 अक्टूबर 2024 तक विभिन्न पंचायत,वार्ड, विद्यालय एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों में निरंतर चलाया जायेगा। वहीं, दिनांक 02.10.2024 को सभी पंचायतों एवं वार्डों में स्वच्छता विषय पर ग्रामसभा की जायेगी तथा समाहरणालय सभागार में अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में अपर नगर आयुक्त अनंत कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास राम प्रवेश राम/कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट संजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधिक्षक अतुल चौबे, डीपीएम जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन, सिटी मैनेजर नगर परिषद, फुसरो, सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चास/तेनुघाट, यूनिसेफ स्पोर्टेड टीम, एसबीएम/जेजेएम के कर्मी आदि उपस्थित थे।मौके पर सभी पदाधिकारियों ने स्वच्छता शपथ लिया। स्वयं अपने जीवन में स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता अपनाने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का प्रतिज्ञा लिया।

## विधायक ने हुसैनाबाद की तीन सड़क का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड की तीन महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन सड़कों पर विगत दस वर्षो से कोई कार्य नहीं हुआ था। ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया उसमे पीडब्ल्यूडी पथ से बनसप्ति भाया पतरा कला चारकोल झरगड़ा तक, सबानो रोड से सरहु, झरगड़ा तक व दूअरा देवी मंदिर से झरहा पिच रोड बड़हिया झरहा गांव तक पथ निर्माण कार्य शामिल है। शिलान्यास कार्यक्रम में जाने के पूर्व गांव गांव में विधायक का फूल माला गाजा बाजा के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। शिलान्यास के मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की एक एक सड़क व पुल पुलिया का निर्माण कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सम्पूर्ण इलाके का बिना भेद भाव कार्य किया है। विधायक ने कहा कि अगर कुछ समस्या रह गई होगी तो उसका भी समाधान आने वाले समय में करा दिया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मुखिया विनय पासवान, अभिषेक सिंह हरी, ओमप्रकाश राजवंशी,गोरख पासवान, सुबास पासवान, चंकन कुमार, श्रीकांत,सतेंद्र सिंह,सुनील कुमार, पिंटू सिंह, अवधेश शर्मा, बीटू मिश्रा, प्रमोद यादव, संजय व्यास, अनुज पासवान, पप्पू सिंह, रत्न प्रसाद, हंसराज सिंह, अजय सिंह, एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

## टाटा-पटना वंदे भारत का बोकारो स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बोकारो :** नरेंद्र मोदी ने टाटानगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 20893 (टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन आद्रा मंडल के चांडिल और बोकारो स्टेशनों पर ठहरेगी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर चांडिल और बोकारो स्टेशनों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जहाँ चांडिल में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय प्रतिष्ठित विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा बोकारो स्टेशन पर माननीय सांसद धनबाद, दुलू महतो, और बोकारो विधायक बिरंची नारायण के प्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों ही स्टेशनो पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे स्काउट एंड गाइड एवं विभिन्न विद्यालयों के विधार्थियो की मनोरंजक प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष बनाया।चंडील तथा बोकारो स्टेशन के आस पास के विभिन्न विद्यालयों में ÷रेलवे के विकास में इंजीनिरिंग का योगदान÷ विषय पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसके विजेताओं को अपर मंडल रेल प्रबंधक आद्रा, खागेंद्र नाथ घोष ने बोकारो में तथा अतिथिगण द्वारा चांडील में पुरस्कृत किया गया। दोनों स्टेशनों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित नागरिकों, और छात्रों की उपस्थिति में वंदे भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत हुआ। रेलवे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे की यात्रा के लिए रवाना किया।

## 15 वर्ष बाद डाक निदेशक ने जपला मुख्य डाकघर का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** झारखंड सर्किल के डाक निदेशक पंकज कुमार मिश्र ने शनिवार को जपला मुख्य डाकघर का निरीक्षण किया। इसके पहले 14 सितंबर 2009 की तत्कालीन डाक निदेशक शालिनी कुजूर ने जांच किया था जांच के क्रम में सभी अभिलेख, साफ सफाई,कैश वेरिफिकेशन के साथ कई दिशा निर्देश दिया। डाकघर परिसर का चारों तरफ घूमकर देखा।वे यहाँ के व्यवस्था व साफ सफाई से संतुष्ट दिखे।डाकघर के परिसर में एक नारियल का पेड़ लगाया। इनके साथ पलामू प्रमण्डल के डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार, डाक निरीक्षक सुभाष पांडेय , नीतीश कुमार,हुसैनाबाद के डाक निरीक्षक रंजन कुमार , प्रभारी उप डाकपाल श्याम कुमार , अरविंद कुमार ओझा अभिषेक प्रभाकर , पप्पू कुमार रवि कुमार, अमित कुमार सिंह कौशल कुमार सहित सभी डाक कर्मी उपस्थित थे ।डाक अभिकर्ताओं ने डाक निदेशक को सौपा ज्ञापन जपला मुख्य डाकघर के अभिकर्ताओं ने डाक निदेशक को निवेशकों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व में के भी पी एवं एन एस सी का निवेशक



एक वर्ष बाद एक दूसरे निवेशक से ट्रांसफर करते थे जो अब नही हो रहा है जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। इसके अलावे के भी पी व एन एस सी ऑन लाइन नही रहने के कारण भुगतान की जटिल प्रक्रिया से महीनों समय लगता है इसपर डाक निदेशक पंकज कुमार मिश्र व डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार ने ज्ञापन को पढ़ा और अभिकर्ताओं की बातों को ध्यान पूर्वक सुना और कहा कि आपलोग धैर्य रखें जल्दही एक नया ऐप्प आ रहा है उसीसे सभी का निदान हो जाएगा। ज्ञापन देने वालों में श्रवण कुमार देवेन्द्र नाथ गुप्ता, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा , रंजीत सिंह, कैलास मेहता, रविकांत सिंह,नरेन्द्र प्रसादराजकुमार, रमेश कुमार , सौरभ कुमार, शम्भू नाथ शर्मा का नाम प्रमुख है।

## बोकारो के युवा संगीतकारों ने बनाया द अननोन आर्टिस्ट म्यूजिकल बैंड ग्रुप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो शहर में एक नई संगीतकार प्रतिभा उभरकर सामने आई है, जो देश के संगीत जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है। द अननोन आर्टिस्ट नामक यह बैंड,शहर के युवा संगीतकारों द्वारा बनाया गया है, जो अपनी अद्वितीय प्रतिभा और जुनून से संगीत की दुनिया में एक नया आयाम लिखने को तैयार हैं। इस बैंड में रवनीश, भास्कर, आदित्य, अविनाश, विनीत और कान्हा जैसे प्रतिभाशाली संगीतकार शामिल हैं, जो अपनी विशेष प्रतिभा और संगीत के प्रति जुनून से शहर के संगीत जगत में एक नई धमक पैदा कर रहे हैं। द अननोन आर्टिस्ट म्यूजिकल बैंड ग्रुप के सदस्यों का कहना है कि वे अपने संगीत के माध्यम से आज कल के लोगों में बढ़ रहे तनाव से अपने मधुर संगीत से राहत देना चाहते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहते हैं। वे अपने संगीत को एक ऐसा माध्यम बनाना चाहते हैं जो लोगों को पुराने और नए संगीत के प्रयोग से एक मधुर अनुभूति दें।बोकारो के लोगों ने इस बैंड की प्रतिभा को पहचाना है और उन्हें अपना समर्थन दिया है। अब यह बैंड देश के संगीत जगत में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है। देशवासियों का आशीर्वाद और समर्थन इस बैंड के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा जो उन्हें अपने संगीत के माध्यम से देश का प्रतिनिधित्व करने में मदद करेगा। द अननोन आर्टिस्ट बैंड की कहानी एक प्रेरणा है कि कैसे छोटे शहरों से भी बड़े सपने देखे जा सकते हैं और कैसे प्रतिभा और जुनून से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

## हिंदी भारतीय संस्कृति, एकता व अस्मिता का प्रतीक है : निदेशक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट जमा दो स्कूल में हिन्दी दिवस के मौके पर कक्षा 6 से लेकर 12 वीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मदन केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा,उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है। यहां कई धर्म एवं जाति के लोग रहते हैं। अलग-अलग भाषाएं, बोलियां बोलने वाले लोग होते हुए भी हिंदी जन-जन की भाषा है जो सभी लोगों को एकता के सूत्र में बांधे हुए है। देश की एकता को मजबूत बनाने में हिंदी का बहुत बड़ा योगदान है।अपने भावों की अभिव्यक्ति का सबसे सरल जरिया हमारी भाषा हिंदी ही है। हिंदी की अहमियत का अंदाजा इस तरह चलता है कि आज हिंदी दुनिया में तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बन गई है। हिंदी को रोजगार की भाषा बनाने के लिए पहल करना आवश्यक है। आज रोजगार की दुनिया में अंग्रेजी का ही वर्चस्व है। इस मौके पर भाषण, निबंध, क्विज,आर्ट कलरिंग तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चयनित छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। आर्ट गैलरी कला में प्रथम मोहित कुमार, द्वितीय सृष्टि कुमारी एवं आर्या चौबे तथा तृतीय स्थान पर खुशबू कुमारी, अजीत कुमार तथा शिवांगी कुमारी ने स्थान प्राप्त किया जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम प्रतीक तिवारी द्वितीय भास्कर तिवारी तथा तृतीय स्थान पर मोहित कुमार और आर्य चौबे रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया कुमारी, द्वितीय मोहित कुमार तथा तृतीय स्थान पर ओम केसरी अपना स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम शिवांगी पाल तथा द्वितीय रितिक शर्मा ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष प्रसाद, वीरेंद्र शाह,खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, रिजवाना शाहीन, सुनीता कुमारी, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी कुमारी, अभिषेक पांडे आदि ने अपनी महती भूमिका अदा की। सभी के कार्य सराहनीय रहा। संचालन वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद जबकि धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण कुमार ने किया।

## चराई पंचायत में सरकार आपके द्वारा शिविर का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** प्रखंड अंतर्गत चराई पंचायत मे रविवार को आपका सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजित किया गया यह कार्यक्रम चराई हाई स्कूल मे आयोजित किया गया सुबह से ही भारी बारिश होने के बावजूद भी लोगों ने काफी संख्या में कार्यक्रम में हिस्सा लिया. आपका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे मईयां योजना, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधा आम जानता तक पहुंचा जा रहा है. कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों का मालार्पण एवं बुके देकर स्वागत किया गया वही अपने संबोधन में बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा की सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं को जनता तक सीधा पहुंचने के लिए सरकार कार्य कर रही है लोगों को बताया विभिन्न योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाएं वही बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन सिन्हा सरकार के द्वारा चलाए जा रहे बिभिन्न योजनाओं को गिनाया और महिलाओं को मईयां योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया वही पदाधिकारी को भी योजनाओं से सीधा जोड़ने के लिए सुझाव दिए।कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी संजय कुमार भी संबोधित किया इस कार्यक्रम को संचालन छतरपुर ब्लॉक के नवाब जी ने किया वही चराई पंचायत के मुखिया रविंद्र राम, स्कूल का प्रधानाध्यापक चंदन ठाकुर, छतरपुर सीडीपीओ शीला कुमारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष पूरन यादव, संजीव कुमार, येमो रॉकी कुमार, सुधीर दुबे, मानकी यादव, अनुज राम, शनि कुमार, बिकाश कुमार, सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष कार्यक्रम में शामिल थे।

## आनन्द मार्ग गुरुकुल पब्लिक स्कूल आमतल में धूमधाम से मनाया गया प्रभात संगीत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बोकारो :** आनन्द मार्ग गुरुकुल पब्लिक स्कूल,आमतल, काशीझरिया, जिला बोकारो, झारखंड में प्रभात संगीत दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति आचार्य कृतबोद्धानंद अवधूत निर्देशक गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने प्रभात संगीत के महत्व और उनके रचेयता आनन्द मूर्ति उर्फ प्रभात रंजन सरकार के मानवता और मानव समाज के अवदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभात संगीत क्या है और क्यों?संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंश है संगीत । निम्न मान की संगीत व्यक्ति के अन्तस्थ पशुस्वभाव को जगाता है, उसी तरह उच्चकोटि का संगीत व्यक्ति के भीतर सुप्त देव भाव को जगाता है। संगीत की दुनिया भी वर्तमान समाज के पूर्ण पतन से अछूती नहीं है। इस पतन को रोकते हुए, संस्कृति के क्षेत्र में एक नई प्रभात का उदय आनंदमूर्ति ऊर्फ प्रभातरंजन सरकार द्वारा रचित प्रभात-संगीत। उनके द्वारा कुल 5018 प्रभात-संगीत रचनाएँ और सुर बनाई गई। संगीत के चार आधार हैं - भाव, भाषा, सुर और लय। इसमें भाषा का प्रयोग सीमित है लेकिन विचार, लय और स्वर का प्रयोग सार्वभौमिक है। प्रभात-संगीत की रचना आठ भाषाओं-बंगाली, हिंदी, संस्कृत, अंगिका, उर्दू, मैथिली, माघी और अंग्रेजी में हुई। प्रभात संगीत के अधिकांश गीतों में मिस्टिसिज़्म रहस्यमय सत्ता की प्रेरणा होती है। मिस्टिसिज़्म क्या है असीम के और ससीम के बीच के संबंध को निर्धारित करने के लिए जो सीमाहीन प्रयास उसी को मिस्टिसिज़्म कहा जाता है। और इसी कारण है कि प्रभात संगीत के गीत इतने मधुर हैं कि वे भारत की सीमा को पार करके विश्व संस्कृति के विशाल आंगन में अपनी जगह पा चुके हैं। हालाँकि, प्रभात-संगीत की पृष्ठभूमि भले ही मिस्टिसिज़्म है, लेकिन इसमें मानव जीवन का विभिन्न पक्ष भी शामिल है।

## ईद मिलादुन्नबी आज : जामाडोबा के अक्शा मस्जिद से सादगी के साथ निकलेगा जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** अल्लाह के नबी हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम की यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिन) पर जामाडोबा अक्शा मस्जिद से सादगी के साथ जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस के आगे अमन का पैगाम का परचम होगा। जुलूस में तिरंगा झंडा और इस्लाम का हरा झंडा भी शान से लहरेगा। सुबह 8 बजे नुनिक्डीह जीतपुर मस्जिदे अक्शा से निकलेगा जुलस। जामाडोबा बडकीताड जामा मस्जिद, रमज़ानपुर हैदरी मस्जीद, जोरपोखर नंबर एक कोपरेटिव कॉलोनी, आलम नगर मदरसा अहलेसुन्नत फेजूल गुरबा के छोटे छोटे बच्चे भी शामिल होंगे। जुलस नुनिकडीह से जामाडोबा, फुसबंगला, भागा, बनियाहीर, झरिया तक जाएगी। यौम-ए-पैदाइश को लेकर जलसा का प्रोग्राम रखा गया है जिसमे दूर दूर से नात खांह शामिल होंगे। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण पूरे क्षेत्र में रौनक बढ़ गई है। जामाडोबा के सभी मस्जिद एवं मदरसे को दुल्हन की तरह सजाया गया है। अकीदतमंदों ने अपने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर इस्लामी परचम लगा लिए हैं। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। वहीं घरों पर लहराते झंडे हुजूर की आमद का अहसास करा रहे हैं। इस खास पर्व को लेकर मुस्लिम महिलाओं और बच्चों ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। फलाहूल मुस्लिम कोमेटी के दर्जनों सदस्य जामाडोबा में आने वाले अकीदतमंद लोगो के लिए लंगर एवं शर्बत का इंतज़ाम किये हैं। कार्यक्रम मे मो वसीम, मुमताज़ खान, मुश्ताक अंसारी, मो फरमान, मो वारिस, मो अयूब, मो वकील, मो मुनीर अत्तारी, मो सकीब अंसारी, मो वाहिद, मो रियाज़, मो तबरेज़, मो इमरान आलम, मो वसीम अंसारी, आलम नगर से मो शाहबाज़ खान, मो इरशाद अंसारी, जसीम खान, मो सलाउद्दीन, एस एम मील्लत, शमशेर खान आदि सक्रिय भूमिका मे रहे।

चलते चलते एक नजर

### प्रधानमंत्री के कान पे जाहवा पहनाकर करम पर्व की दिया शुभकामनाएं



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमा पर्व के मौके पर रांची एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड पहुंचते ही भाजपा महिला अध्यक्ष आरती कुजूर ने करमा पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को धान का जहवा भेंट किया। मोदी को पारंपरिक तरीके से जौ की बालियां उनके दाहिने कान में लगाते हुए एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकृति की पूजा के लिए समर्पित 'करम पूजा' त्योहार के अवसर पर झारखंड के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं जमशेदपुर में सभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि महिलाएं करम त्योहार के हिस्से के रूप में अपने भाइयों के लिए समृद्ध जीवन की कामना करती हैं। सुबह, जब मैं रांची हवाई अड्डे पर पहुंचा, तो एक बहन ने 'करम त्योहार' के अवसर पर 'जहवा' के साथ मेरा स्वागत किया। इस त्योहार पर, बहनें अपने भाइयों की भलाई के लिए प्रार्थना करती हैं। मैं झारखंड के लोगों को करम त्योहार की बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि आज झारखंड की बहनों को पीएम आवास की पहली किस्त जारी हुई है। करम पर्व अवसर पर ये एक भाई का अपनी बहन के लिए उपहार है। आगे पीएम ने कहा कि करम त्योहार करम देवता, शक्ति, युवा और जीवन शक्ति के देवता का सम्मान करता है।

### रक्तदान शिविर में दो महिलाओं समेत 20 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के तत्वाधान में गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा आज 15 सितंबर रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया.कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरु नानक भवन परिसर में रक्तदान शिविर की शुरुआत सुबह 11:00 बजे हुई.नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में दो महिलाओं समेत कुल 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया.सभी रक्तदाताओं को संस्था द्वारा बिस्किट एवं फ्रूट जूस उपलब्ध कराए गए एवं सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया. गुरु नानक सेवक जत्था के सूरज झंडई एवं करण अरोड़ा ने बताया कि इस समय पूरे राज्य के सभी ब्लड बैंकों में ब्लड यूनिट की भारी कमी है और साथ ही सरकार से अपील की है कि हर तीन माह में ब्लड डोनेशन कैंप लगाकर सभी सरकारी कर्मचारी से रक्तदान करवाना अनिवार्य किया जाए ताकि इससे अन्य लोग भी प्रेरित हों ।

# राजमहल : टिकट पाने के लिए नेताओं ने झोंकी ताकत

तौकीर राज @ प्रभात मंत्र

**साहिबगंज** : झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा में अब चंद दिन बचे हैं। राज्य का एक नंबर राजमहल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी पार्टियों में दावेदारी साबित करने में अपनी ताकत झोंक रहे हैं। इस बार सभी राजनैतिक दलों के धुरंधर मैदान में हैं। भाजपा एवं कांग्रेस से एक दर्जन से अधिक लोगों ने टिकट के लिए दावेदारी की है। वहीं झामुमो से केवल दो लोगों ने दावेदारी की है। अगर राजमहल सीट पर झामुमो कांग्रेस गठबंधन बरकरार रहा और सीट झामुमो को गई तो केवल दो ही दावेदार रह जायेंगे। दरअसल, यहां तो विधानसभा चुनाव से पहले ही महागठबंधन का सीट शेयरिंग दिलचस्प होगा। राजमहल सीट पर महागठबंधन के दोनों प्रमुख दल कांग्रेस व झामुमो अपने खाते में सीट लेने की दावेदारी कर रही है। चूंकि इस सीट पर पांच बार कांग्रेस ने अपनी जीत दर्ज कराई है। जबकि लगातार झामुमो की हार हुई है।

### लोकसभा के रिजल्ट बताते हैं कि वर्तमान विधायक की घटी लोकप्रियता

वर्तमान विधायक अनंत ओझा ने पार्टी को आश्वाशन दिया था कि राजमहल की सीट भाजपा के ही कब्जे में रहेगी। लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव का परिणाम राजमहल विधानसभा सीट पर अनंत ओझा और भाजपा के उम्मीदों के विपरीत निकला। भाजपा इस विधानसभा से लगभग 3500 मतों से महागठबंधन से पिछड़ गई है। राजनीतिक जानकर इसका कारण अनंत ओझा की लोकप्रियता में आई कमी को मानते हैं, लेकिन विधायक इसके पीछे संथाल की बदलती डेमोग्राफी को वजह मानते हैं। वजह कोई भी हो लेकिन राजमहल विधानसभा में पिछड़ना भाजपा के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, ऐसे में यह अनुमान लगाना काफी मुश्किल है कि पार्टी दो बार विधायक रहे अनंत ओझा पर पुनः दांव लगाएगी या किसी दूसरे नेता पर अपना भरोसा जताएगी।

### झामुमो में केताबुद्दीन और एमटी राजा की दावेदारी मजबूत

2014 और 2019 में राजमहल विधानसभा सीट गठबंधन के तहत झामुमो के पाले में रही। 2014 में झामुमो से एमटी राजा और 2019 में युवा नेता केताबुद्दीन शेख उम्मीदवार रह चुके हैं। 2014 और 2019 में झामुमो से ही एमटी राजा दूसरे स्थान पर रहे थे। 2024 चुनाव में पुनः झामुमो की सीट में केताबुद्दीन शेख और हाल में आजसू से झामुमो में आए एमटी राजा की दावेदारी प्रबल है। हालांकि एमटी राजा की लोकप्रियता इस क्षेत्र में काफी रही है। इनका मुसलमानों के वोट पर अच्छी खासी पकड़ है। लेकिन उनकी विधायक कि कुर्सी की चाह ने उनको हमेशा दल बदल की राह पर चलने मजबूर कर दिया। झामुमो से 2014 में हार के बाद राजा कांग्रेस में शामिल हुए थे और जब 2019 में राजमहल सीट पुनः झामुमो को मिली तो राजा दल बदलकर आजसू में शामिल हो गए।

### अनंत ओझा को मिलेगा टिकट तो बनेगा हैट्रिक का चांस

राजमहल विधानसभा सीट पर 2014 में भाजपा ने अनंत ओझा को प्रत्याशी के रूप में खड़ा किया गया था। अनंत ओझा ने झामुमो के एमटी राजा को पराजित कर जीत दर्ज की थी। 2019 में भी भाजपा से अनंत ओझा ने आजसू के प्रत्याशी एमटी राजा को हराकर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। अगर, इस बार टिकट नहीं कटता है तो अनंत ओझा के पास हैट्रिक विक्ट्री बनाने का चांस है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस बार किस प्रत्याशी पर अपना दांव खेलती है। चूंकि इसबार भाजपा के कई धुरंधर टिकट की दावेदारी में लगे हुए हैं।




### भाजपा और कांग्रेस में कई दावेदार

इंडिया गठबंधन की प्रमुख कांग्रेस पार्टी से राजमहल विधानसभा के लिए कई दावेदार टिकट की रेस में हैं। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मो0 कलीमुद्दीन, अनिल ओझा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एखलाख नदीम, बासुकीनाथ यादव, अनुकूल मिश्रा, नित्यानंद यादव और भावना गुप्ता आदि ने कांग्रेस में अपनी-अपनी दावेदारी पेश की है। वहीं विधानसभा चुनाव के लिए मौजूदा विधायक अनंत ओझा के अलावे भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव, साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, पूर्व विधायक अरुण मंडल के भाई वरुण मंडल, राजेश मंडल एवं अन्य नेता ने भी भाजपा से अपनी दावेदारी साबित की है।

### राजमहल, उधवा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बजरंगी हावी

राजमहल प्रखंड क्षेत्र व आसपास के ग्रामीण इलाकों में बजरंगी यादव की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। सूत्रों की माने तो भाजपा के शुभचिंतकों और समर्थकों की उम्मीदें बजरंगी प्रसाद यादव पर टिकी हैं।

### राजमहल विधानसभा पर एक नजर

एकीकृत बिहार में 1952 से लेकर झारखंड राज्य अलग होने के बाद 2019 तक राजमहल विधानसभा सीट 7 बार भाजपा एवं 5 बार कांग्रेस के पाले में रही। झारखंड विधानसभा चुनाव 2009 में भाजपा के खाते में 51277, झामुमो को 40874 एवं कांग्रेस को 17982 मत मिले थे। भाजपा ने 10403 मतों से जीत हासिल की थी। 2014 चुनाव में भाजपा के पाले में 77481, झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को 76779 वोट मिले और मात्र 702 वोट के अंतर से भाजपा के अनंत ओझा ने जीत दर्ज की।

वहीं 2019 चुनाव में भाजपा को 88904, आजसू को 76532 मत मिले और झामुमो 24619 मतों के साथ फिसलकर तीसरे स्थान पर रही।

भाजपा के अनंत ओझा और आजसू प्रत्याशी एमटी राजा के बीच 12372 मतों का अंतर रहा।

# प्रकृति, संस्कृति और बेटी बचाने का संदेश देता है करमा : मंत्री मिथिलेश

### मांदर की थाप पर खूब थिरके मंत्री, ग्रामीणों के साथ मनाया करमा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले भर में करमा पर्व पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ काफी धूमधाम से मनाया गया। करमा पर्व के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ करमा पर्व मनाया। इस दौरान मंत्री मांदर बजाकर ग्रामीणों के साथ खूब थिरके। मंत्री ने सभी को करमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर को माला पहना कर भव्य स्वागत किया। करमा पर्व के मौके पर मंत्री श्री ठाकुर मेराल प्रखंड के ग्राम बाना,



रामबांध टोला, अलगडीह में आयोजित करमा पूजा महोत्सव में शामिल हुए। साथ ही गढ़वा प्रखंड के बीरबंधा सरना स्थल के समीप आयोजित करमा पूजा कार्यक्रम, ग्राम दुबे मरहटिया के बरवाही टोला, ग्राम कमरमा में आयोजित करमा पूजा महोत्सव, मुखिया गौरी देवी के घर के समीप आयोजित करमा पूजा महोत्सव, चिनियां प्रखंड के आईटीआई के बगल में चारमुहान के समीप अखिल भारतीय आदिवासी महासभा चिनियां के तत्वाधान में आयोजित करमा पूजा महोत्सव, ग्राम डोल में देवीधाम के समीप आयोजित करमा पूजा महोत्सव में शामिल हुए। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि करमा प्रकृति, संस्कृति और बेटी को बचाने के साथ-साथ उनका सम्मान करने का संदेश देता है। यह पर्व कृषि, दर्शन और भाई-बहन के प्रेम की अभिव्यक्ति का प्रतीक पर्व है। करमा पर्व कर्म और धर्म दोनों को सम्मान देता है। पूरे झारखंड में काफी धूमधाम एवं पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ करमा पर्व मनाया जाता है। करमा पूजा झारखंड का एक प्रमुख त्यौहार है। सरहुल के बाद करमा झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा प्रकृति पर्व है। भादो मास की एकादशी तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। करमा पूजा के दिन युवतियां निर्जला व्रत रखती हैं। पारंपरिक लोकगीत एवं नृत्य इस पर्व को काफी आकर्षक बनाता। है। इस पर्व में करम देवता की पूजा अर्चना की जाती है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अरविंद यादव, रामचंद्र उरांव, अजय ठाकुर, फुजैल अहमद, जितेंद्र चौधरी, रामसागर उरांव, राजेश, मुखिया गौरी देवी, सजीवन कोरवा, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम को नहीं मिली विदेश यात्रा की अनुमति

**कोलकाता** : केंद्र सरकार ने कोलकाता के महापौर फिरहाद हकीम को विदेश यात्रा की अनुमति नहीं दी। हकीम को रूस में 17 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाले ब्रिक्स देशों के महापौरों के सम्मेलन के लिए मॉस्को के महापौर ने आमंत्रित किया था। विदेश मंत्रालय के मुताबिक फिरहाद हकीम को रूस दौरे की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस फैसले से राज्य प्रशासन और नगर निगम दोनों हैरान हैं, क्योंकि इस तरह की अनुमति न मिलने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है। मेयर हकीम ने कहा कि केंद्र सरकार से अनुमति न मिलने के कारण उनकी रूस यात्रा रद्द हो गई है। हालांकि, उन्होंने इस फैसले पर चिंता भी जतायी है। देश के किसी भी जनप्रतिनिधि को विदेश यात्रा के लिए केंद्र सरकार से अनुमति लेनी होती है।

# झारखंड के गरीबों को अबुआ आवास चाहिए मोदी आवास नहीं : इरफान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर दौरे के दौरान दिए गए बयानों पर झारखंड सरकार के मंत्री, डॉक्टर इरफान अंसारी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों से हमारा विभाग लगातार केंद्र सरकार से आवास की मांग करता रहा, लेकिन हमारी एक भी बात नहीं सुनी गई। अब जब चुनाव नजदीक हैं, तो प्रधानमंत्री मोदी की नींद अचानक खुली है और उन्हें गरीबों की याद आ रही है। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि उनका असली मकसद गरीबों को आवास देना नहीं, बल्कि उन्हें ठगकर उनका वोट लेना है। भाजपा गरीबों के नाम पर साजिश रच रही है और जल्दीबाजी में घोषणाएं कर रही है। गरीबों के प्रति उनके मन में कोई दया या संवेदना नहीं है। 5 साल तक मोदी सोए रहे और उनकी नींद अब जाकर खुली है,



जबकि जिन राज्यों में उनकी सरकार थी, वहां उन्होंने आवास देने का काम किया। विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झारखंड के लोगों के लिए आवास की मांग लगातार की गई। कोरोना महामारी के कठिन समय में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र से सहायता की अपील की, लेकिन केंद्र सरकार ने झारखंड की उपेक्षा करते हुए कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गरीबों और वंचितों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू कर झारखंड के गरीबों को राहत दी है। आज राज्य के गरीब लोग इसका लाभ उठा रहे हैं, और उन्हें अब मोदी का आवास नहीं चाहिए।

# तनाव मुक्त होकर अभ्यर्थी परीक्षा में ले भाग : अविनाश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय में 21 सितंबर से प्रारंभ होने वाले अर्धवार्षिक परीक्षा को लेकर शनिवार को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के अध्यक्षता में समस्त शिक्षकों के साथ आवासीय सभागार में समीक्षा बैठक की गई। चेयरमैन ने निर्धारित अवधि पर पाठ्यक्रम पूर्ण होने का जायजा लिया साथ ही परीक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया। इन्होंने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभ्यर्थियों पर परीक्षा के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का दबाव किसी भी प्रकार से नहीं होनी चाहिए क्योंकि कोई भी परीक्षा विद्यार्थी के जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं होती है और किसी एक परीक्षा परिणाम पर सब कुछ निर्भर नहीं करता है, जीवन अवसर देता है प्रायः कई बार देता है, और अंततः ज्ञान और प्रतिभा ही मायने रखते हैं और इन्हीं पर स्थाई सफलता और असफलता निर्भर किया करती है। इसीलिए जो परीक्षाएं अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जाती है वास्तव में हम सब शिक्षकों के लिए होती है ताकि हम उन अभ्यार्थियों के गुणों, प्रतिभाओं, क्षमताओं, का आकलन कर उन पर विशेष रूप से ध्यान दे सके। अंततः श्री देव ने समस्त शिक्षकों को आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपके स्नेह, समर्पण, संयम, धैर्य एवं संवेदनाओं के लिए हृदय से ऋणी हूं इसी तरह का सामंजस्य शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन के साथ बना रहा तो निश्चित रूप से विद्यालय में अध्यनरत बच्चे सफलता के नए शिखर तक पहुंचेंगे, जिसका श्रेय यह विद्यालय अथवा इस विद्यालय के समस्त सम्मानित शिक्षक होंगे। मौके पर विद्यालय के उप्राचार्य, समन्वयक व समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### मप्र में अपराध में आयी कमी, महिलाओं के विरुद्ध गंभीर अपराध भी हुए कम


**भोपाल :** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण के संबंध में की जा रही कार्यवाहियों के सकारात्मक एवं अनुकूल परिणाम परिलक्षित हुए हैं। राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) के वर्ष 2023 और 2024 के 01 जनवरी से 31 जुलाई तक हुए अपराधों की समीक्षा करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया है। इसके मुताबिक वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 के प्रथम सात माह की अवधि में न सिर्फ अपराधों में कमी आई है बल्कि विभिन्न प्रकार के गंभीर अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, बच्चों के विरूद्ध अपराध, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध अपराधों में भी कमी आई है। पुलिस के जनसम्पर्क अधिकारी आशीष शर्मा ने रविवार को बताया कि पिछले 7 माह में कुल एक लाख 82 हजार 714 अपराध घटित हुए जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में एक लाख 89 हजार 178 अपराध घटित हुए थे।

# गढ़वा : तेज हवा व वर्षा के दौरान लोगों के घरों में घुसा पानी

### डीसी शेखर जमुआर ने वर्षा के दौरान लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** शनिवार की रात से हो रही वर्षा एवं चल रही तेज हवा के कारण जिला मुख्यालय व आस पास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। शहर के मध्य से गुजरने वाली सरसतिया व दानरो नदी के उफान पर होने से आस पास के कई इलाके जलमग्न हो गए। कई स्थानों पर सरसतिया नदी के पुल के ऊपर से पानी बहने लगा। वहीं दानरो नदी में पानी पुल को छूने को बेताब दिखा। नदी तट पर बने निगरानी मंच को भी बाढ़ के पानी ने छू लिया।वहीं अंतराज्यीय बस स्टैंड, भीतरी बाजार क्षेत्र समेत विभिन्न मोहल्लों में पानी भर गया। जिससे लोगों को आवागमन में भारी



परेशानी झेलनी पड़ी। सहिजना मोहल्ला में प्रो. कमलेश सिन्हा के घर के आस पास समेत अन्य इलाकों के लगभग सभी घर में वर्षा का पानी प्रवेश कर गया। किचन, बेडरूम में भी पानी घुस गया। जिसके कारण इस इलाके लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जगह जगह जलजमाव हो जाने के कारण कई वाहन पानी में डूब गए। रविवार को हुई भीषण वर्षा में हर ओर पानी ही पानी नजर आ रहा था। वर्षों बाद नदी में आए इस प्रकार के बाढ़ को देखने के लिए लोग पहुंचे तथा उफान पर पहुंची नदी के पानी का देखा। दानरो नदी तट पर लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं का स्थान भी पूरी तरह से डूब गया। कई स्थानों पर पेड़ की टहनियां भी टूट कर गिर गई। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ी।